* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

30 दिसंबर, 2023
पौष, कृष्ण पक्ष, तृतीया
संवत 2080
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

रांची
शनिवार, वर्ष 09, अंक 70

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही


नौसेना अफसरों के कंधों पर शिवाजी की राजमुद्रा का बैज। पहले ब्रिटिश अफसर नेल्सन की रिंग थी।



## सरकार के चार साल : अनुसूचित जनजाति और अनुसूचित जाति को मुख्यमंत्री ने दी सौगात

# 50 वर्ष की उम्र से ही मिलेगी पेंशन: हेमंत

- सरकार के चार वर्ष पूरा होने पर कार्यक्रम का आयोजन
- राशन डीलरों का कमीशन बढ़ाने पर जल्द लेगी निर्णय
- हमारी सरकार जो कहती है, उसे करके दिखाती है



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा है कि राज्य के अनुसूचित जनजाति और अनुसूचित जाति के लोगों को अब यूनिवर्सल पेंशन स्कीम के तहत 50 वर्ष की उम्र से ही पेंशन मिलेगी। वहीं, राशन डीलरों को कमीशन के रूप में मिलनेवाले पैसे को भी जल्द बढ़ाया जायेगा। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने शुक्रवार को राज्य सरकार की चतुर्थ वर्षगांठ के अवसर पर राजधानी रांची के मोरहाबादी मैदान में आयोजित राज्य स्तरीय समारोह में इसकी घोषणा की। इस मौके पर उन्होंने कहा कि आप सभी ने मुझे राज्य को चलाने का जिम्मा सौंपा है। ऐसे में आप सभी के सहयोग से ही राज्य को आगे बढ़ने का प्रयास निरंतर कर रहे हैं।

**काफी चुनौतीपूर्ण रहा है पिछले चार वर्ष का सफर:** मुख्यमंत्री ने कहा कि मेरे नेतृत्व में बनी सरकार के लिए पिछले चार वर्ष का सफर काफी चुनौतीपूर्ण रहा है। उन्होंने कोरोना और सुखाड़ का जिक्र करते हुए कहा कि आपदा के बीच गरीबों, मजदूरों, वंचितों और असहाय लोगों के साथ-साथ हर किसी के जीवन और जीविका के लिए सरकार 24 घंटे काम करती रही। तमाम विपरीत परिस्थितियों के बीच से निकलते हुए आज हम विकास को नयी गति दे रहे हैं।

**राज्य के लिए हमारे पूर्वजों ने किया लंबा संघर्ष:** मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड सदैव वीरों की धरती रही है। जल-जंगल-जमीन की खातिर उन्होंने अपना सब कुछ झोंक दिया। अन्याय और शोषण के खिलाफ लगातार संघर्ष करते रहे। यहां के वीरों ने ब्रिटिश हुकूमत की जड़ें हिला दी थीं। झारखंड अलग राज्य के लिए इन्होंने 40 वर्षों तक आंदोलन किया। इतिहास को खंगालें तो जल-जंगल-जमीन की रक्षा से लेकर झारखंड अलग राज्य बनने तक यहां के अनगिनत वीरों ने अपनी शहादत दी। हम इन वीरों को नमन करते हैं और इनके सपनों का झारखंड बनाने की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं।

**कार्यक्रम में ये थे मौजूद:** इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में राज्यसभा सांसद और पूर्व मुख्यमंत्री शिबू सोरेन के अलावा मंत्री आलमगीर आलम, रामेश्वर उरांव, सत्यानंद भोक्ता, चंपाई सोरेन, बन्ना गुप्ता, बादल, मिथिलेश कुमार ठाकुर और मंत्री बेबी देवी, सांसद विजय हांसदा, राज्यसभा सांसद महुआ माजी, दर्जा प्राप्त राज्यमंत्री विनोद पांडेय, मुख्यमंत्री की धर्मपत्नी कल्पना सोरेन समेत कई विधायक और गणमान्य लोग मौजूद थे।

(संबंधित खबर पेज 03 पर)

### गांव से चल रही सरकार, हर वर्ष लगेंगे शिविर

हेमंत सोरेन ने कहा कि हमारी सरकार गांव से चल रही है। हम ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत कर रहे हैं, क्योंकि गांव को मजबूत किये बिना राज्य सशक्त नहीं बन सकता है। इसी कड़ी में वर्ष 2021, 2022 तथा 2023 में 'आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार' कार्यक्रम के तहत पंचायत-पंचायत में शिविर लगा कर आपकी समस्याओं का समाधान किया गया। कल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिया गया। इस कार्यक्रम को लेकर राज्य की जनता का जिस तरह का उत्साह देखने को मिला, वैसे में अब हर वर्ष पंचायत में शिविर लगाये जायेंगे। अधिकारी आपके घर पहुंचेंगे और आपकी समस्याओं का समाधान करेंगे। इस दौरान नयी-नयी योजनाओं को लेकर हम आपके बीच आयेंगे।

### दो दशकों तक झारखंड की चिंता किसी ने नहीं की

मुख्यमंत्री ने कहा कि 'आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार' कार्यक्रम के पिछले दो चरणों में जिस तरह लाखों लोग अपनी समस्याओं को लेकर शिविरों में आये, उससे साफ जाहिर होता है कि ग्रास रूट पर समस्याएं कितनी गंभीर थीं। लेकिन, किसी भी सरकार ने इसकी चिंता नहीं की। लोगों को न तो योजनाओं का सही तरीके से लाभ मिल पा रहा था और न ही उनकी परेशानियां दूर हो रही थीं।

### 20 वर्ष बनाम चार वर्ष के कार्यों का बताया अंतर

मुख्यमंत्री ने पिछले 20 वर्ष के कार्यों और अपनी सरकार के चार साल के कार्यों और उपलब्धियों से जनता को अवगत कराया। उन्होंने कहा कि पूर्ववर्ती सरकारों ने 11 लाख राशन कार्ड अमान्य कर दिये थे। हमारी सरकार 20 लाख हरा राशन कार्ड जारी कर उन्हें बाजार भाव पर अनाज खरीद कर मुफ्त में देने का काम कर रही है। अब राशन कार्डधारियों को दाल भी दी जायेगी। इसके अलावा पिछले 20 वर्षों में आठ लाख लोगों को ही पेंशन मिल रही थी। हमने चार वर्षों में राज्य के सभी योग्य पात्रों को पेंशन योजना से जोड़ने का काम किया है। पिछले 20 सालों में मात्र आठ लाख किसानों को ही किसान क्रेडिट कार्ड मिला था। हमने चार साल में ही 20 लाख किसान क्रेडिट कार्ड जारी कर दिये हैं और आज भी किसानों को केसीसी से जोड़ने का काम जारी है ।

## प्रधानमंत्री मोदी का अयोध्या दौरा आज

# 16000 करोड़ की देंगे सौगात

- अयोध्या एयरपोर्ट और रेलवे स्टेशन का होगा उद्घाटन
- 15 किमी करेंगे रोड शो

आजाद सिपाही संवाददाता

**अयोध्या।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 30 दिसंबर को रामनगरी अयोध्या को करीब 15 हजार करोड़ रुपये की योजनाओं की सौगात देने आ रहे हैं। सुबह 11 बजे उनका विमान इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर उतरेगा। सबसे पहले वह यहां पुनर्विकसित अयोध्या रेलवे स्टेशन का उद्घाटन करेंगे। नयी अमृत भारत ट्रेनों और वंदे भारत ट्रेनों को हरी झंडी दिखा कर रवाना करेंगे। वे कई अन्य रेलवे परियोजनाएं भी राष्ट्र को समर्पित करेंगे। इसके बाद वह नवनिर्मित अयोध्या एयरपोर्ट का उद्घाटन करेंगे । इस बीच एयरपोर्ट से अयोध्या धाम तक 15 किमी रोड शो करेंगे। दोपहर एक बजे प्रधानमंत्री एक सार्वजनिक कार्यक्रम में भाग लेंगे, जहां वे राज्य में 15,700 करोड़ रुपये से अधिक की कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे। इनमें अयोध्या और उसके आसपास के क्षेत्रों के विकास के लिए लगभग 11,100 करोड़ रुपये की परियोजनाएं और पूरे उत्तरप्रदेश में अन्य परियोजनाओं से संबंधित लगभग 4600 करोड़ रुपये की परियोजनाएं शामिल हैं।



### आठ नयी ट्रेनों को हरी झंडी दिखायेंगे

अयोध्या। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दो नयी अमृत भारत ट्रेनों को हरी झंडी दिखायंगे। यह दरभंगा-अयोध्या-आनंद विहार टर्मिनल अमृत भारत एक्सप्रेस और मालदा टाउन-सर एम. विश्वेश्वरैया टर्मिनस (बेंगलुरु) अमृत भारत एक्सप्रेस है। इसके अलावा वह छह नयी वंदे भारत ट्रेनों को भी हरी झंडी दिखायेंगे। इनमें श्री माता वैष्णो देवी कटरा-नयी दिल्ली वंदे भारत एक्सप्रेस, अमृतसर-दिल्ली वंदे भारत एक्सप्रेस, कोयंबटूर-बैंगलोर कैंट वंदे भारत एक्सप्रेस, मैंगलोर-मडगांव वंदे भारत एक्सप्रेस; जालना-मुंबई वंदे भारत एक्सप्रेस और अयोध्या-आनंद विहार टर्मिनल वंदे भारत एक्सप्रेस शामिल हैं।

# जदयू: ललन को हटा नीतीश बने अध्यक्ष

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** नीतीश कुमार दूसरी बार जनता दल यूनाइटेड (जदयू) अध्यक्ष बन गये हैं। दिल्ली में शुक्रवार को जदयू की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में इसका एलान किया गया। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष ललन सिंह ने पद से इस्तीफा दे दिया और खुद ही नीतीश को अध्यक्ष बनाने का प्रस्ताव रखा, जिसे सर्वसम्मति से पास कर लिया गया। जदयू के राष्ट्रीय महासचिव दसई चौधरी ने बताया कि पार्टी के सभी नेताओं की राय थी कि प्रमुख चेहरा होने के नाते 2024 के लोकसभा चुनावों से पहले नीतीश को संगठन की कमान संभालनी चाहिए। इसके बाद नीतीश ने कहा कि आप लोगों का आग्रह है तो मैं इसके लिए तैयार हूं। ललन सिंह ने कहा कि मैं बहुत समय तक पार्टी अध्यक्ष रह चुका हूं। मुझे चुनाव लड़ना है, पार्टी में दूसरे काम भी करने हैं। जदयू के राष्ट्रीय प्रवक्ता केसी त्यागी ने प्रेस कांफ्रेंस में नीतीश कुमार के फूलपुर से चुनाव लड़ने के सवाल पर त्यागी ने कहा कि वो सीट समाजवादियों का मक्का-मदीना है। वहां से कौन चुनाव लड़ेगा? ये नीतीश और अखिलेश मिल कर तय करेंगे। हालांकि अभी नीतीश कुमार ने तय नहीं किया है कि वो चुनाव कहां से लड़ेंगे।


## फेडरेशन ऑफ झारखण्ड चैंबर ऑफ कॉमर्स एण्ड इंडस्ट्रीज (FJCCI)

झारखण्ड प्रदेश के सवा लाख व्यापारियों व उद्यमियों की ओर से माननीय मुख्यमंत्री श्री हेमंत सोरेन जी के नेतृत्व में गठित सरकार के कार्यकाल के सफलतापूर्वक चार वर्ष पूर्ण होने पर कोटिशः बधाई. अभिनंदन !

होल्डिंग टैक्स में कमी, राइस मिलर्स के प्रोत्साहन हेतु मिलिंग के इसेंटिव दर में वृद्धि, एमएसएमई पॉलिसी 2023 और झारखण्ड स्टार्टअप्स पॉलिसी 2023 को प्रभावी करने के निर्णय हेतु हम माननीय मुख्यमंत्री जी, राज्य समन्वय समिति के माननीय अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद श्री शिबू सोरेन जी, राज्यसभा सांसद श्रीमती महुआ माजी जी एवं समस्त मंत्रीमंडल का आभार व्यक्त करते हैं और लोकप्रिय सरकार के सफल रूप से चतुर्थ वर्षगांठ पूर्ण होने पर बधाई देते हैं.

**युवा झारखण्ड राज्य के विकास हेतु हमारा निवेदन है कि :**

- झारखण्ड में वर्षों पूर्व निर्मित मकानों को नियमितीकरण करने के सरकार द्वारा लिये गये निर्णय को जनहित में जल्द प्रभावी किया जाय.
- खासमहल / गैर मजरूआ भूमि को फ्रीहोल्ड करने की पहल आवश्यक है.
- झारखण्ड राज्य कृषि उपज और पशुधन विपणन (संवर्धन और सुविधा) विधेयक को स्थायी रूप से वापस लेने की आवश्यकता है.
- मृतप्राय होते अभ्रक उद्योग और आयरन-ओर की खदानों को चालू करने की पहल हो.
- राज्य में निर्बाध विद्युत आपूर्ति हेतु वितरण / संचरण व्यवस्था का निजीकरण आवश्यक है.
- राज्य में व्यवसायिक वाहनों के बकाया टैक्स की प्राप्ति हेतु कर समाधान योजना लाई जाय.
- राज्य में नगर निगम से जुड़े सभी बकाया टैक्स की प्राप्ति हेतु वन टाइम सेटलमेंट स्कीम लाई जाय.

**युवा राज्य के विकास के बढ़ते कदम में हम सरकार के साथ-साथ हैं.**

आपका चैंबर - सबका चैंबर

झारखण्ड प्रदेश के व्यापार व उद्योग जगत की ओर से राज्यवासियों को नववर्ष 2024 की शुभकामनाएँ.

किशोर मंत्री, अध्यक्ष | परेश गट्टानी, महासचिव
आदित्य मल्होत्रा, उपाध्यक्ष | राहुल साबू, उपाध्यक्ष | शैलेश अग्रवाल, सह-सचिव
अमित शर्मा, सह-सचिव | ज्योति कुमारी, कोषाध्यक्ष | विकास विजयवर्गीय, प्रवक्ता


### आज राजस्थान में मंत्रिमंडल विस्तार

जयपुर। राजस्थान में शनिवार को मंत्रिमंडल का विस्तार होगा। दोपहर 3:15 बजे राज्यपाल कलराज मिश्र नये मंत्रियों को शपथ दिलायेंगे। नामों पर सहमति बनाने को लेकर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी, वरिष्ठ नेता राजेंद्र राठौड़ और प्रदेश सह प्रभारी विजया राहटकर के बीच लंबी बैठक हुई थी।

### सुकन्या समृद्धि योजना की ब्याज दर बढ़ी

नयी दिल्ली। सरकार ने शुक्रवार को जनवरी-मार्च 2024 तिमाही के लिए छोटी बचत योजनाओं की ब्याज दरों की घोषणा की। सुकन्या समृद्धि योजना में 0.20 फीसदी और तीन साल के टाइम डिपॉजिट दरों में 0.10 फीसदी की बढ़ोतरी की है। अन्य योजनाओं की दरों में बदलाव नहीं किया गया है।







आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW

सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | 59,600 रु./10 ग्राम |
| चांदी | 77,000 रु./प्रति किलो |



# अयोध्या देश का धार्मिक ही नहीं आर्थिक हब भी बनेगा

## ■ उद्घाटन तक 50 हजार करोड़ रुपये से अधिक का कारोबार होने का अनुमान

## ■ प्रभु श्रीराम के आगमन के कारण स्थानीय अर्थव्यवस्था को लगेंगे पंख

आजाद सिपाही विशेष

**राम सत्य हैं, राम सनातन हैं, राम आदि और अनंत हैं। जाकी रही भावना जैसी, प्रभु मूरत देखी तिन तैसी अर्थात भगवान राम के संदर्भ में जिनकी जैसी मान्यताएं, भावनाएं, समझ अथवा विवेक है, वे भगवान राम को उसी नजरिये से देखते हैं। हजारों साल पुराने सनातन के केंद्र और भारत की आध्यात्मिक राजधानी अयोध्या इन दिनों पूरी दुनिया के लिए आकर्षण का केंद्र बना हुआ है, लोग इसके बारे में जानने के लिए भी उत्सुक हैं। प्रभु श्रीराम के आगमन, यानी दुनिया के भव्यतम मंदिर में प्रभु श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा का दिन, यानी 22 जनवरी जैसे-जैसे नजदीक आ रहा है, लोग अयोध्या की तरफ नजरें गड़ाये हुए हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व और यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मार्ग निर्देशन में अयोध्या धाम की तसवीर बदलने के लिए दिन-रात काम हो रहा है। इस पवित्र नगरी को सजाने-संवारने का काम दिन-रात चल रहा है। अपने रामलला के दर्शन के लिए हर सनातनी उत्सुक है। अयोध्या केवल राम मंदिर के लिए ही नहीं जाना जायेगा, बल्कि अब आध्यात्मिक के साथ-साथ आर्थिक हब के रूप में भी जाना जायेगा। दुनिया भर के व्यापारियों की नजर भी अब अयोध्या पर टिकी है। अयोध्या एक ऐसा उद्योग का केंद्र बनने जा रहा है, जिससे भारत के हर वर्ग का आर्थिक उत्थान भी होगा। धार्मिक आयोजन के अलावा स्थानीय बाजार में चल रही तैयारियां भी देखने-जानने लायक हैं। आपको यह जान कर आश्चर्य होगा कि अयोध्या में प्रभु श्रीराम के मंदिर बनने के कारण यहां की तसवीर पूरी तरह बदल रही है। इस पवित्र नगरी की अर्थव्यवस्था को मंदिर के कारण पंख लग जायेंगे। ऐसा अनुमान है कि अयोध्या में 22 जनवरी 2024 तक 50 हजार करोड़ रुपये का कारोबार होगा, जिससे न केवल अयोध्या और यूपी, बल्कि पूरा भारत लाभान्वित होगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी प्राण प्रतिष्ठा से पहले 30 दिसंबर को अयोध्या आ रहे हैं। इस दौरान वह इस पवित्र नगरी को 16 हजार करोड़ की योजनाओं की सौगात देंगे। क्या हो रहा है अयोध्या में, कैसी है प्राण प्रतिष्ठा की तैयारी और कैसे हर आम से लेकर खास व्यापारी की जिंदगी को पंख लगनेवाले हैं बता रहे हैं आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**



राकेश सिंह

मन में राम, तन में राम, जीवन में राम, रोम-रोम में राम और भारत के कण-कण में राम। राम एक आदर्श हैं, राम एक परिकल्पना हैं, राम एक जीवन हैं, राम एक दर्शन हैं, भगवान राम ही मर्यादा पुरुषोत्तम हैं। अयोध्या में भव्य राम मंदिर का निर्माण कार्य जोरों पर है। 22 जनवरी 2024 को सनातनियों का 500 सालों का सपना साकार होनेवाला है। अयोध्या देश का सबसे बड़ा पर्यटन हब बनने के लिए तैयार है। भव्य राम मंदिर में भगवान रामलला की प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम 22 जनवरी 2024 को है। राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा का दिन ऐतिहासिक होनेवाला है। इसे लेकर क्या आम, क्या खास, हर वर्ग में खासा उत्साह है। व्यापार जगत भी इसे लेकर खासा उत्साहित है। व्यापारियों का अनुमान है कि 22 जनवरी, 2024 देश में कारोबार के लिहाज से भी बेहद शानदार रहनेवाला है। इस दिन करीब 50 हजार करोड़ रुपये से ज्यादा का व्यापार होने का अनुमान है। कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (सीएआइटी) का अनुमान है कि प्रभु श्रीराम के मंदिर से संबंधित उत्पादों की बिक्री से केवल जनवरी में 50 हजार करोड़ रुपये से अधिक का कारोबार हो सकता है। इससे देश के सभी राज्यों में व्यापार के बड़े अवसर दिखाई दे रहे हैं। देश के सभी बाजारों में बड़ी मात्रा में श्रीराम ध्वजा, श्री राम अंगवस्त्र सहित श्रीराम के चित्र से अंकित मालाएं, लॉकेट, चाबी रिंग, राम दरबार के चित्र, राम मंदिर के मॉडल के चित्र, सजावटी लटकनें, कड़े सहित अनेक प्रकार के सामान उपलब्ध हैं, जिनकी भारी मांग देखने को मिल रही है।

### मंदिर के मॉडल की सर्वाधिक मांग, कपड़ा उद्योग को भी खूब मिल रहा काम, महिलाओं की चांदी

श्री राम मंदिर के मॉडल की मांग बहुत अधिक है और यह मॉडल हार्डबोर्ड, पाइनवुड, लकड़ी आदि अन्य सामान से अलग-अलग साइजों के तैयार किये जा रहे हैं। इन मॉडलों को बनाने में बड़ी संख्या में महिलाओं को रोजगार मिल रहा है, तो राज्यों में स्थानीय कारीगरों, कलाकारों और हाथ से काम करनेवाले लोगों को भी बड़ा व्यापार मिल रहा है। राम मंदिर से संबंधित तकरीबन सभी उत्पादों को लेकर श्रद्धालुओं में उत्साह है। जैसे श्रीराम ध्वजा, श्रीराम के चित्र और मालाएं, लॉकेट, चाबी के छल्ले, राम दरबार की फोटो समेत अन्य संबंधित सामान उपलब्ध होने लगे हैं। यही नहीं, रामनामी कुर्ते, टी शर्ट और अन्य वस्त्रों की मांग भी बढ़ गयी है। कपड़ा उद्योग को भी खूब काम मिल रहा है। राम मंदिर के बनने से अयोध्या में होटल, रेस्टोरेंट, टूर्स एंड ट्रेवल्स का उद्योग, फल, फूल, मिठाई का धंधा भी खूब बड़ा रूप लेनेवाला है। कपड़ा से लेकर लोकल चीजों की डिमांड भी खूब बढ़नेवाली है।



### कभी व्यापार चल रहा था मंदा, आज सांस लेने की फुर्सत नहीं

मंदिरों के मॉडल बनाने और बेचनेवाले सहारनपुर के कारोबारी रवि शर्मा कुछ समय पहले तक व्यापार मंदा चलने की बात कह रहे थे और आज उनके पास सांस लेने की भी फुर्सत नहीं है। रवि मंदिरों के लकड़ी से बने मॉडल बना कर बेचते हैं। सुस्त कारोबार के बीच उन्हें नवनिर्मित राम मंदिर के मॉडल बनाने का ख्याल आया। शुरू करते ही उनके पास इतने आर्डर आने लगे कि पूरा करना मुश्किल हो गया। दिल्ली के सदर बाजार में झंडों का कारोबार करनेवाले लक्ष्य नागपाल का कहना है कि अयोध्या ही नहीं, देश भर के शहरों में मंदिर के मॉडल, झंडे, पटके, बैनर आदि बन रहे हैं। कारोबारी संगठन कनफेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स के मुताबिक राम मंदिर के उद्घाटन से देश भर में अगले महीने 50 हजार करोड़ रुपये का कारोबार हो सकता है।

अभी तक केदारनाथ, बदरीनाथ आदि मंदिरों के लकड़ी के मॉडल बनाने वाले रवि का कहना है कि राम मंदिर का उत्साह कम से कम एक साल तक ऐसे ही चलेगा। इसलिए उनका कारोबार भी खूब बढ़ेगा। उनके पास अभी तीन मशीनें हैं, जिनसे रोजाना छह सौ मंदिर बन रहे हैं, मगर रोज डेढ़ हजार से दो हजार मॉडल बनाने के आर्डर हैं। इन्हें पूरा करने के लिए उन्होंने पांच और मशीनें मंगायी हैं। उनके मॉडलों की कीमत एक सौ रुपये से डेढ़ हजार रुपये तक है।

सहारनपुर में ही आलिया आर्ट एंड क्राफ्ट के नदीम मलिक राम मंदिर को काष्ठ कला उद्योग के लिए बड़ी नेमत मान रहे हैं। उनका कहना है कि इस साल निर्यात की मांग बेहद सुस्त होने से सहारनपुर का यह उद्योग बहुत परेशान था, मगर राम मंदिर ने किस्मत बदल दी। मलिक को हरिद्वार से राम मंदिर के दो हजार मॉडल बनाने का आर्डर हाल में ही मिला है। वह कहते हैं कि पिछले कुछ दिनों से रोजाना हजारों की तादाद में मॉडल बनाने के आर्डर मिल रहे हैं, मगर हम एक दिन में डेढ़ सौ से दो सौ मॉडल ही बना सकते हैं। अयोध्या पहुंचने वाले लोगों की संख्या बढ़ने के साथ ही भविष्य में मांग कई गुना बढ़ सकती है। उत्पादन बढ़ाने के लिए हमें सरकार से आर्थिक मदद मिलनी चाहिए।

दिल्ली के कारोबारी विजय पाल बताते हैं कि कारोबारी संगठन बड़ी तादाद में मॉडल के आर्डर दे रहे हैं। उन्हें 10 हजार से अधिक राम मंदिर मॉडल के आर्डर मिल चुके हैं। उन्हें लगता है कि एक साल में करीब 10 लाख राम मंदिर मॉडल बनवाने का आर्डर तो उनके पास से ही कारीगरों को जायेगा। मुरादाबाद में निजाम मेटलवेयर के शुएब शम्सी राम मंदिर के पीतल और लकड़ी दोनों से बने मॉडल बेच रहे हैं। शम्सी बताते हैं कि उनके पास 2 इंच से लेकर 2 फुट के मॉडल हैं। पीतल वाले मॉडल की कीमत एक हजार रुपये से एक लाख रुपये तक है और लकड़ी वाला राम मंदिर मॉडल 300 रुपये से 10 हजार रुपये का है। वह बताते हैं कि उनके पीतल के मॉडलों के भी काफी ऑर्डर आ रहे हैं।

## प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम

**16** जनवरी को मंदिर ट्रस्ट की ओर से नियुक्त यजमान की ओर से प्रायश्चित, सरयू नदी के तट पर दशविध स्नान, विष्णु पूजन और गोदान।

**17** जनवरी को रामलला की मूर्ति के साथ अयोध्या भ्रमण करेगी शोभायात्रा, मंगल कलश में सरयू का जल लेकर मंदिर पहुंचेंगे श्रद्धालु।

**18** जनवरी को गणेश अंबिका पूजन, वरुण पूजन, मातृका पूजन, ब्राह्मण वरण और वास्तु पूजन से विधिवत अनुष्ठान आरंभ होगा।

**19** जनवरी को अग्नि स्थापना, नवग्रह स्थापना और हवन।

**20** जनवरी को मंदिर के गर्भगृह को सरयू के पवित्र जल से धोने के बाद वास्तु शांति और अन्नाधिवास होगा।

**21** जनवरी को 125 कलशों से दिव्य स्नान के बाद शैयाधिवास कराया जायेगा।

**22** जनवरी को सुबह पूजन के बाद दोपहर के मृगशिरा नक्षत्र में रामलला के विग्रह की प्राण-प्रतिष्ठा होगी।

### राम मंदिर में आरती के लिए ऑनलाइन बुकिंग

प्राण प्रतिष्ठा समारोह से पूर्व राम जन्मभूमि मंदिर में आरती के लिए ऑनलाइन बुकिंग शुरू हो गयी है। इसके लिए पास जारी किया जायेगा। दिन में तीन बार भगवान राम की आरती होगी। राम जन्मभूमि मंदिर के पोर्टल से पास ऑनलाइन बना सकते हैं, लेकिन यह अयोध्या के काउंटर से ही मिलेगा। इसके लिए आधार कार्ड, वोटर आइडी, ड्राइविंग लाइसेंस और पासपोर्ट में से कोई एक दस्तावेज देना होगा। उसे साथ रखना भी होगा।

### सात दिनों तक चलेगा प्राण-प्रतिष्ठा अनुष्ठान

रामलला की प्राण प्रतिष्ठा 16 से 22 जनवरी तक होगी। सात दिनों तक वृहद अनुष्ठान के बीच रामलला नये मंदिर में विराजेंगे। 22 जनवरी को पीएम नरेंद्र मोदी के हाथों श्रीरामलला के विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा होगी। प्राण प्रतिष्ठा से पहले सरयू जल से रामलला का अभिषेक भी किया जायेगा। रामलला रामनगरी की पंचकोसी परिक्रमा करेंगे, अयोध्या के मंदिरों में दर्शन-पूजन करेंगे।

### आज पहुंचेंगे प्रधानमंत्री मोदी

इस बीच मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि 30 दिसंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आगमन अयोध्या में विकास के नये युग को प्रारंभ करनेवाला साबित होगा। इस अवसर पर देश को एक नया अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट मिलने के साथ अयोध्या को 16 हजार करोड़ की परियोजनाओं की सौगात मिलेगी। रामलला की प्राण प्रतिष्ठा से पहले प्रधानमंत्री मोदी अपने इस दौरे में एयरपोर्ट, हाइवे, रेलवे स्टेशन और रेलवे लाइन दोहरीकरण के साथ कई बड़ी परियोजनाओं की सौगात अयोध्या को देंगे। इनमें श्रीराम जन्मभूमि मंदिर से जुड़ी महत्वपूर्ण परियोजनाओं पर खासतौर से फोकस होगा। चार प्रमुख पथों का भी लोकार्पण होगा। प्रधानमंत्री शनिवार की सुबह अयोध्या में छह वंदे भारत और दो अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेनों को हरी झंडी दिखायेंगे। इनमें से अयोध्या-आनंद बिहार वंदे भारत और दिल्ली-दरभंगा अमृत भारत ट्रेन को अयोध्या धाम रेलवे स्टेशन से और अन्य को वर्चुअल माध्यम से रवाना करेंगे। पीएम अयोध्या धाम स्टेशन पर तैयार नये भवन का लोकार्पण भी करेंगे।

---

## राजनीतिक हलचल : जदयू अध्यक्ष बनते बिहार में नीतीश के विंडो की चर्चा जोरों पर

# प्रशांत किशोर से लेकर राजनीतिक पंडित भी करते रहे हैं इस विंडो की चर्चा

**लालू -तेजस्वी समझ कर भी बने रहे अनजान, आखिर रास्ता भी क्या था**

जैसे-जैसे बिहार में जाड़ा बढ़ रहा है, वैसे-वैसे बिहार की सियासत गर्म होती जा रही है। ललन सिंह को जदयू के अध्यक्ष पद से हटा दिया गया है। यह पद अब नीतीश कुमार ने खुद संभाल लिया है। नीतीश के पद संभालते ही बिहार की सियासी गलियारों में चचाओं का बाजार गर्म हो चूका है। बिहार में एक विंडो की चर्चा हमेशा से होती रही है, जिसे खोलने का अधिकार सिर्फ नीतीश के पास है। चर्चा है कि नीतीश कुमार ने बंद विंडो को अब खोल दिया है और किसी दिन वह विंडो दरवाजा बन सकता है। दरअसल, जब नीतीश कुमार ने भाजपा से अलग होकर बिहार में महागठबंधन की सरकार बनायी थी, तब से एक बात की चर्चा हो रही थी कि नीतीश कुमार ने तो भाजपा के लिए दरवाजे बंद कर दिये लेकिन एक विंडो अभी भी खुला रखा है। वह विंडो कौन है सभी को पता है। अब विंडो को कब दरवाजा बनाना है, यह नीतीश कुमार समय आने पर तय करेंगे। चुनावी रणनीतिकार प्रशांत किशोर ने तो कई बार कहा था कि नीतीश कुमार ने तो सिर्फ दरवाजे बंद किये हैं, लेकिन विंडो खुला रखा है। शायद वही विंडो का प्रयोग अब नीतीश कुमार कर सकते हैं। नीतीश के इस हालिया मूव से लालू और तेजस्वी यादव को झटका तो जरूर लगा होगा। नीतीश के पलटने की भी चर्चा जोर पकड़ रही है। लेकिन भाजपा ने भी कह रखा है कि नीतीश कुमार के लिए उसने सभी दरवाजे बंद कर दिये हैं। साथ ही उस विंडो पर कभी जिक्र नहीं किया। वैसे राजनीती में कुछ भी स्थायी नहीं होता, वादे, इरादे सब स्थिति के साथ बदलते रहते हैं। हो सकता है कि अब भाजपा के सुर भी नीतीश के प्रति नरम दिखायी पड़े।





### तेजस्वी के बदले बोल

नीतीश कुमार के जेडीयू अध्यक्ष बनते ही तेजस्वी यादव के बोल बदल गये हैं। गुरुवार तक जिस उत्साह से तेजस्वी यादव बयान दे रहे थे, शुक्रवार आते-आते उनके चेहरे के हाव भाव बदले हुए दिखायी पड़े। वैसे नीतीश कुमार के जदयू अध्यक्ष बनने पर उन्होंने शुभकामनाएं दी। तेजस्वी यादव ने कहा कि वह पहले भी जदयू अध्यक्ष रह चुके हैं। इस दौरान उन्होंने एक बार फिर भाजपा को निशाने पर लिया और अपनी भड़ास निकाली। तेजस्वी यादव ने कहा कि जिस तरीके से बिहार में महागठबंधन की सरकार चल रही है, उससे भाजपा में बौखलाहट है। जब बिहार में महागठबंधन ने मिलकर चुनाव लड़ा था, तब भाजपा को बुरी तरह से हरा दिया था। हमारे गठबंधन से भाजपा के हाथ-पांव फुलने लगे हैं। यही कारण है कि भाजपा के नेता बेफिजूल के बयान दे रहे हैं।

### 2021 में जदयू अध्यक्ष बने थे ललन सिंह

ललन सिंह 2021 में जदयू अध्यक्ष बने थे। आरसीपी के पद खाली करने के बाद नीतीश कुमार ने ललन सिंह को अध्यक्ष बनाया था। कहा जा रहा है कि नीतीश कुमार के कहने पर ही ललन सिंह ने अध्यक्ष पद छोड़ दिया। अध्यक्ष बनने के बाद ललन सिंह ने सबसे पहले आरसीपी को पैदल किया था। बाद में आरसीपी को मंत्री पद से ही हाथ धोना पड़ा था। फिर पार्टी से भी बाहर हो गये। आरसीपी अभी भाजपा में हैं। आये दिन नीतीश कुमार और ललन सिंह के खिलाफ बयानबाजी करते रहते हैं। कहा जाता है कि ललन सिंह और उनकी टीम ने हर उस शख्स को पार्टी से बाहर निकाला या परिस्थिति वश खुद निकल गये, जो कभी ललन सिंह का स्थान पार्टी में ले सकते थे। यानी 2 नंबर पर सिर्फ और सिर्फ ललन सिंह। इतना ही नहीं, ललन सिंह और उनकी टीम ने, नीतीश कुमार के सबसे खास और राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश को भी नहीं बख्शा था। नये संसद भवन के उद्घाटन के मौके पर उपसभापति की हैसियत से हरिवंश ने राष्ट्रपति के संदेश को पढ़ा तो जदयू नेताओं ने हरिवंश के खिलाफ मोर्चा खोल दिया था। जदयू नेताओं ने तो यहां तक कह दिया था कि हरिवंश ने कुर्सी के लिए अपना जमीर तक बेच दिया। आने वाली पीढ़ी कभी माफ नहीं करेगी। हालांकि नीतीश कुमार कभी भी सार्वजनिक तौर पर हरिवंश के लिए कुछ नहीं कहा।

### क्या हरिवंश ही बनेंगे नीतीश के लिए दरवाजा?

कहा जाता है कि 2017 में जदयू की एनडीए में वापसी करवाने में हरिवंश नारायण सिंह ने महत्वपूर्ण भूमिका निभायी थी। कई बार जदयू नेताओं ने भी इस बात का जिक्र सार्वजनिक तौर पर किया। नीतीश कुमार जब एनडीए से अलग होकर महागठबंधन के साथ भी गये तो ना भाजपा ने राज्यसभा के उपसभापति पद से हरिवंश को हटाने की कोशिश की, ना ही नीतीश कुमार ने कभी पहल की। समझा जा सकता है कि नीतीश कुमार एनडीए से बाहर रहकर भी कौन सा सियासी खेल खेल रहे थे। यही कारण था कि चुनावी रणनीतिकार प्रशांत किशोर बार-बार इस ओर इशारा कर रहे थे।

### प्रशांत भी कर चुके हैं विंडो की चर्चा

प्रशांत किशोर शुरू से कहते आये हैं कि नीतीश कुमार जब भी किसी के लिए दरवाजे बंद करते हैं, तो पीछे एक खिड़की खुली रखते हैं, तकि समय आने पर उसे दरवाजा बनाया जा सके। यही कारण है कि नीतीश कुमार 20 साल से बिहार की राजनीति के अबूझ पहेली बने हुए हैं। लालू हों या भाजपा के दिग्गज रणनीतिकार, आज तक नीतीश का तोड़ नहीं निकाल पाये। प्रशांत किशोर जिस विंडो की बात कर रहे थे, वह और कोई नहीं हरिवंश ही हैं। अब कहा जा रहा है कि नीतीश कुमार हरिवंश के माध्यम से विंडो को दरवाजा बनायेंगे। यानी बिहार में हरिवंश वाली पॉलिटिक्स का समय आ गया है।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW

वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 24.7°c | 12.1°c |
| सूर्यास्त (आज) : | 17.12 बजे | |
| सूर्योदय (कल) : | 06.29 बजे | |

आजाद सिपाही
रांची, शनिवार, 30 दिसंबर, 2023
www.azadsipahi.in



## सीएम ने किया 4547.69 करोड़ की 343 योजनाओं का उद्घाटन-शिलान्यास

# 969 को मिला नियुक्ति पत्र, खिले चेहरे



### क्वालिटी एजुकेशन देने के लिए सरकार प्रतिबद्ध

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** हेमंत सरकार के चार साल पूरे होने पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि झारखंड से लाखों मजदूर रोजगार के लिए दूसरे राज्यों के लिए पलायन करते हैं। इसकी जानकारी तब हुई, जब कोरोना महामारी के दौरान सरकार ने मजदूरों को वापस लाने का सिलसिला प्रारंभ किया। रोजगार के लिए मजदूरों का इस तरह पलायन हमारे लिए काफी चिंता की बात थी। ऐसे में हमने उन योजनाओं पर विशेष जोर दिया, जिसके जरिये इन मजदूरों को अपने गांव घर में ही रोजगार दे सकें। आज हम इस दिशा में काफी तेजी से काम कर रहे हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार बच्चों को बेहतर और गुणवत्तायुक्त शिक्षा देने के लिए प्रतिबद्ध है। इस कड़ी में पहले चरण में 80 स्कूल आफ एक्सीलेंस खोले गये हैं और आने वाले दिनों में इनकी संख्या पांच हजार हो जायेगी। बच्चियां आर्थिक तंगी के कारण पढ़ाई नहीं छोड़े, इसके लिए उन्हें सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के तहत 40 हजार रुपये दिये जा रहे हैं। अब बेटियां सिर्फ डिग्री नहीं लेंगी, बल्कि इंजीनियर डॉक्टर और अफसर भी बनेंगी। इसके अलावा दसवीं से 12वीं तक के सभी विद्यार्थियों को गुरुजी क्रेडिट कार्ड दिया जायेगा, ताकि वे अपने भविष्य को संवार सके। कल्याण विभाग के सभी छात्रावासों का जीर्णोद्धार भी किया जा रहा है। अब यहां रहने वाले विद्यार्थी सिर्फ पढ़ाई की चिंता करें, उनके खाने पीने की व्यवस्था भी राज्य सरकार करेगी। इतना ही नहीं, विदेश में उच्च शिक्षा के लिए भी सरकार शत-प्रतिशत स्कॉलरशिप दे रही है। वहीं, प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारी से लेकर विभिन्न कोर्सेस को करने के लिए भी सरकार आर्थिक मदद दे रही है।

### नियुक्तियों के खुल गये हैं द्वार

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में नियुक्तियों के रास्ते खुल चुके हैं । सरकारी विभागों में खाली पड़े हजारों पद भरे जा चुके हैं। वहीं, 45 हजार से ज्यादा पदों के लिए नियुक्ति प्रक्रिया चल रही है। जबकि, निजी संस्थानों में भी 50 हजार से अधिक युवाओं को ऑफर लेटर दिया जा चुका है। सरकार ने यह भी कानून बनाया है कि झारखंड में जितने भी संस्थान और कंपनियां होंगी उन्हें 75 प्रतिशत नौकरी स्थानियों को देना अनिवार्य होगा। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि जो युवा स्वरोजगार करना चाहते हैं, उन्हें मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना के तहत पूंजी उपलब्ध करायी जा रही है। अब तक 12 हजार से ज्यादा नौजवान इस योजना का लाभ लेकर खुद का व्यवसाय कर रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि सरकार की कोशिश है कि सभी अपने पैरों पर खड़ा हो सके। इसके लिए उन्हें सभी सुविधाएं और सहायताएं दी जायेंगी।

### महिला सशक्तिकरण पर विशेष जोर

मुख्यमंत्री ने कहा कि आदिवासी, दलित, अल्पसंख्यक, पिछड़े, महिला, नौजवान, बुजुर्ग, दिव्यांग, किसान, मजदूर समेत अन्य सभी वर्ग और तबके के लिए सरकार की योजनाएं हैं। आप को बस इतना ही करना है कि आप अपनी जरूरत की योजनाओं का चयन करें और उसका लाभ लेकर अपने को सशक्त बनायें। मुख्यमंत्री ने कहा कि महिला सशक्तिकरण की दिशा में भी सरकार कई कार्य कर रही है। सखी मंडलों से जुड़ी महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए अब तक 8000 करोड़ रुपये दिये जा चुके हैं ।




### खास बातें

- उद्योग विभाग और टिनप्लेट कंपनी कोलकाता के बीच एमओयू पर हस्ताक्षर
- जनजातीय शोध संस्थान द्वारा जनजातीय संस्कृति पर तैयार किये गये छह पुस्तकों का हुआ विमोचन
- आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार के तीसरे चरण के तहत आयोजित कार्यक्रम की उपलब्धियों पर आधारित पुस्तिका का हुआ विमोचन

### 20 योजनाओं का हुआ लोकार्पण

सरकार के चार साल पूरे होने पर रांची में आयोजित राज्य स्तरीय समारोह में मुख्यमंत्री ने 849.37 करोड़ की लागत वाली 20 विकास योजनाओं का लोकार्पण किया। जिन महत्वपूर्ण योजनाओं का उद्घाटन हुआ, उसमें रांची स्मार्ट सिटी के एरिया बेस्ड डेवलपमेंट के तहत इंटीग्रेटेड इंफ्रास्ट्रक्चर का विकास कार्य और खूंटी के कर्रा में औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान शामिल है। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग में नव चयनित 307 मेडिकल अफसर और कर्मियों एवं शिक्षा विभाग में पीजीटी टीचर तथा लैब असिस्टेंट के लिए चयनित 662 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किया।






**12815 योजनाओं की मिली सौगात**

मुख्यमंत्री ने 24 नवंबर से शुरू हुए आपकी योजना. आपकी सरकार. आपके द्वार के तीसरे चरण के अंतर्गत सभी 24 जिलों में आयोजित कार्यक्रमों में लगभग 9268 करोड रुपये की लागत से 12815 योजनाओं का उद्घाटन, शिलान्यास किया।

### राज्य में सड़कों का बिछ रहा जाल

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार आधारभूत संरचनाओं को मजबूत करने की दिशा में तेजी से कम कर रही है, क्योंकि इसी के जरिये विकास का दरवाजा खुलता है। उन्होंने कहा कि आज छह हजार करोड़ रुपये की लागत से लगभग 15 हजार किलोमीटर ग्रामीण सड़कों का निर्माण हो रहा है। वहीं, सात हजार करोड़ रुपये से उच्च स्तरीय सड़कें बनाई जा रही हैं।

### बिजली सिस्टम हो रहा मजबूत

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य की जनता को 24 घंटे निर्बाध बिजली आपूर्ति हो, इसके लिए ग्रिड सब स्टेशन, ट्रांसमिशन और डिसटीब्यूशन सिस्टम को मजबूत कर रहे हैं। इसके अलावे राज्य के कुछ जिले ऐसे हैं , जहां बिजली आपूर्ति के लिए डीवीसी से महंगे घर पर बिजली लेनी पड़ती है लेकिन आपको विश्वास दिलाता हू कि अगले डेढ़ वर्षो में बिजली व्यवस्था को मजबूत कर लेंगे।

### 2025 तक युवा झारखंड अत्मनिर्भर होगा

मुख्यमंत्री ने कहा कि युवा झारखंड के कदम आगे बढ़ रहे हैं। वर्ष 2025 में झारखंड 25 वर्ष का युवा हो जायेगा। हमने यह लक्ष्य रखा है कि अगले दो वर्ष में झारखंड को इतना ताकतवर बनायेंगे कि अपने दम पर यह आगे बढ़ेगा और किसी से मदद लेने की जरूरत नहीं पड़ेगी।

पूर्व मध्य रेल

सूचना

सूचना संख्या सी 717/ओ/एसटीबीए/23
धनबाद, दिनांक : 26.12.2023

धनबाद मंडल के अंतर्गत निम्नलिखित NSG-5 & 6 'D & E' श्रेणी के स्टेशनों के लिए रेल प्रशासन द्वारा तीन साल के लिए कमीशन के आधार पर सामान्य टिकट बिक्री के लिए स्टेशन टिकट बुकिंग एजेन्ट (एसटीबीए) की नियुक्ति के लिए निविदा के आधार पर आवेदन बन्द लिफाफे में आमंत्रित किए जाते हैं। स्टेशनों का ब्योरा निम्न है–

List of NSG-5 'D' category station are given below:- Sl. No. : 1, Station : तेतुलमारी

List of NSG-6 'E' category station are given below :- Sl. No. : 1, Station : सिंदरीटाउन, Sl. No. : 2, Station : रिचुघुटा, Sl. No. : 3, Station : बिल्ली, Sl. No. : 4, Station : केचकी, Sl. No. : 5, Station : करैलारोड, Sl. No. : 6, Station : मगरदाहा, Sl. No. : 7, Station : दिलवा, Sl. No. : 8, Station : कर्माहाट, Sl. No. : 9, Station : कृष्णाशिला, Sl. No. : 10, Station : गुरमुरा, Sl. No. : 11, Station : जोगीडीह, Sl. No. : 12, Station : फफराकुंड, Sl. No. : 13, Station : चरही, Sl. No. : 14, Station : कुजू, Sl. No. : 15, Station : खुलदिल रोड, Sl. No. : 16, Station : सलाईबनवा, Sl. No. : 17, Station : रखितपुर, Sl. No. : 18, Station : सिजुआ, Sl. No. : 19, Station : हेन्दिगिर

एसटीबीए की नियुक्ति हेतु आवश्यक ब्योरा नीचे दिया गया है– **1. मंडल रेल प्रबंधक (वाणिज्य) पूर्व मध्य रेल, धनबाद के कार्यालय में आवेदन जमा करने की समय एवं तिथि :** आवेदन मंडल रेल प्रबंधक (वाणिज्य) कार्यालय/ धनबाद में कार्यालय कार्यावधि में स्वयं अथवा निबंधित डाक द्वारा दिनांक 02.01.2024 से 23.01.2024 को 16:00 बजे तक अवश्य पहुँच जाना चाहिए। दिनांक 23.01.2024 को 16:00 बजे के बाद कोई भी आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किए जायेंगे। आवेदन निर्धारित समय के बाद प्राप्त आवेदन पर रेल प्रशासन विचार नहीं करेगा। अप्राप्त पत्र या देर से प्राप्त आवेदनों जो डाक द्वारा भेजे गये हैं उसके लिए रेल प्रशासन जिम्मेवार नहीं होगा। आवेदन उसी दिन दिनांक 23.01.2024 को 16:30 बजे खोले जायेंगे। **2. वेबसाइट का विवरण एवं नोटिस बोर्ड पर लगाए जाने का स्थान :** www.ecr.indianrailways.gov.in, एवं वरीय मंडल वाणिज्य प्रबंधक, पूर्व मध्य रेल, धनबाद के कार्यालय एवं संबंधित स्टेशन के सूचना नोटिस बोर्ड पट्ट पर। उपरोक्त आवेदन का विस्तृत जानकारी नियम एवं शर्तें वरीय मंडल वाणिज्य प्रबंधक, पूर्व मध्य रेल, धनबाद के कार्यालय तथा संबंधित स्टेशन प्रबंधक/वाणिज्य पर्यवेक्षक/वाणिज्य यातायात निरीक्षक से किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त किया जा सकता है। **टिप्पणी :** इस अधिसूचना के आलोक में प्राप्त सभी अथवा किसी आवेदन/अधिसूचना को बिना कारण बताए रदद करने का अधिकार रेल प्रशासन के पास सुरक्षित है।

मंडल रेल प्रबंधक वाणिज्य
पूर्व मध्य रेल, धनबाद
पीआर/01975/डीएचएन/वा०/एन/23–24/72

### राशिफल

**डॉ एनके बेरा** | 9431114351

| राशि | फल |
|---|---|
| मेष | विविध उलझनों का सामना होगा। परिश्रम-प्रयत्न से विघ्न-बाधाएं नष्ट होकर आर्थिक सफलता मिलेगी। |
| वृष | किसी खास व्यक्ति के सहयोग से महत्वपूर्ण काम बनेगा, नवीन प्रयासों में सफलता। |
| मिथुन | परिस्थिति में सुधार होगा, बकाये रकम की प्राप्ति होगी, वस्त्र-आभूषण, धन-द्रव्य की प्राप्ति होगी। |
| कर्क | नौकरी-व्यापार में अनुकूल वातावरण, कर्मक्षेत्र में यशस्वी कार्य करने का अवसर मिलेगा। |
| सिंह | सामाजिक-राजनीतिक व्यक्तियों की लोकप्रियता बढ़ेगी और सत्ता-संगठन मंव महत्वपूर्ण स्थिति बनाने में कामयाब होंगे। |
| कन्या | नौकरी में उन्नति, बेरोजगारों को रोजगार के साधन उपलब्ध होगा, महत्वपूर्ण कार्य पूरा होगा। |
| तुला | परीक्षा-प्रतियोगिता,उच्चशिक्षा से सम्बद्ध युवाओं को अनुकूल परिणाम मिलेंगे। |
| वृश्चिक | नये उत्साह और उमंग की वृद्धि होगी,भूमि-भवन,वाहनादि के क्रय-विक्रय से लाभ होगा। |
| धनु | बुद्धि-चतुरता-वाकपटुता से कठिन काम भी सहज ढंग से पूरे हो जाएंगें, विरोधियों, गुप्त शत्रुओं पर विजय मिलेगा। |
| मकर | रोजगार-व्यापार के क्षेत्र में अच्छे समय का उपयोग करें, वांछित उन्नति का मार्ग प्रशस्त होगा। |
| कुंभ | किसी काम को उतावली से न करें, अनावश्यक उलझनों से कष्ट होने की संभावना। |
| मीन | आयु-आरोग्य की रक्षा होगी, बकाये रकम की प्राप्ति, श्रेष्ठजनों के सहयोग से रोजी-रोजगार में उन्नति होगी। |

## विकसित भारत है संकल्प यात्रा का उद्देश्य: संजय सेठ

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** सांसद संजय सेठ वार्ड नंबर एक गोंदा कांके और वार्ड नंबर चार बरियातू में विकसित भारत संकल्प यात्रा में शामिल हुए। इस अवसर पर सांसद संजय सेठ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का लक्ष्य देश की आजादी के 100 वर्ष पूरे होने पर देश को विकसित राष्ट्र बनाना है। इस उद्देश्य को पूरा करने में किसान, युवा, महिलाओं की अहम भूमिका होगी। जब तक देश के युवाओं की शक्ति को हम दिशा नहीं दे पायेंगे, तब तक हम विकास की कल्पना नहीं कर सकते। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इन सभी चीजों पर काम कर रहे हैं। देश के



प्रधानमंत्री द्वारा चलाये जा रही उज्ज्वला योजना, पीएम सम्मन निधि, पीएम जीवन सुरक्षा बीमा, आयुष्मान भारत और प्रधानमंत्री आवास योजना, पेंशन का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे, यही इस यात्रा का लक्ष्य है। जिस व्यक्ति को इसका लाभ नहीं मिला है, जो अब तक वंचित रह गये हैं, उनको इसका लाभ प्राप्त हो। इस उद्देश्य के साथ मोदी की गारंटी वाली गाड़ी हर गांव, टोले, मुहल्ले तक जा रही है। भारत सरकार की महत्वपूर्ण योजनाओं की जानकारी स्टॉल के माध्यम से दी जा रही है। इसका लाभ लाखों लोगों को प्राप्त हो रहा है। विकसित भारत यात्रा का एक अन्य उद्देश्य है कि सभी घरों में बेहतर शिक्षा हो। स्वास्थ्य का लाभ सभी को प्राप्त हो। इस अवसर पर मंडल के अध्यक्ष विकास कुमार रवि, बलराम सिंह, नकुल तिर्की, राम लगन राम, राजेश रजक, कुंदन सिंह, राजेश कुमार बसंत सहित अन्य उपस्थित थे।

## राज्य सरकार जनता के दर्द से दूर सत्ता के नशे में चूर: सुदेश

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** आजसू पार्टी के अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने कहा कि हेमंत सोरेन की सरकार जनता के सवाल और दुख-दर्द से दूर रह कर सत्ता के नशे में चूर है। चार साल में झारखंड का इस कदर अहित किया है, जिसे जनता कभी माफ नहीं करनेवाली। युवा झारखंड को सरकार ने भटकने के लिए छोड़ दिया है। सुदेश कुमार महतो ने हरमू स्थित केंद्रीय कार्यालय में शुक्रवार को आयोजित पत्रकार वार्ता में चार साल में हेमंत सरकार की विफलता पर सिलसिलेवार राज्य के हालात को सामने रखा। उन्होंने कहा कि सरकार जनहित से जुड़े मुद्दों से भटकाने के लिए षड्यंत्र कर रही है। चार साल पहले भी




पारा शिक्षक सड़क पर थे, आज भी सड़क पर हैं। चार साल पहले भी 1932 का खतियान राज्य में लागू नहीं था, आज भी लागू नहीं है। चार साल पहले भी पिछड़े वर्गों को सरकारी नौकरियों में 27 प्रतिशत का आरक्षण नहीं था, आज भी नहीं है। चार साल पहले भी राज्य के युवा रोजगार के लिए सड़कों पर थे, आज भी हैं। यह हालात साफ बताते हैं कि हेमंत सरकार जनता के साथ षड्यंत्र कर रही है।


**नीति, नियत और नियोजन तीनों ही विषय में विफल :** उन्होंने हेमंत सरकार की नाकामियों को गिनाते हुए कहा कि यह सरकार नीति, नियत और नियोजन तीनों ही विषय में विफल रही है। नियोजन नीति, उद्योग नीति, स्थानीयता और पर्यटन नीति का वादा कर सत्ता में आयी यह सरकार एक भी नीति नहीं बना पायी। इसका सबसे ज्यादा प्रभाव इन अवसरों का लाभ लेनेवाले युवाओं और छात्रों के ऊपर पड़ा है। युवा झारखंड के बढ़ते नहीं युवा झारखंड के भटकते कदम की स्थिति में इस राज्य के युवाओं को सरकार ने ला खड़ा कर दिया है। इन नीतियों के न होने से इस झारखंड में भटकाव आया है। आज राज्य में सात लाख रजिस्टर्ड बेरोजगार हैं और नौकरी न मिलने के चलते आठ लाख युवा राज्य से बाहर पलायन कर गये हैं। 1932 की दुहाई देनेवाली सरकार नियमावली तक नहीं बना पायी। उन्होंने कहा कि सरकार ने इन चार सालों में 'पे फॉर पोस्ट' की अवधारणा के साथ काम किया है। इन्होंने इसके लिए पे फॉर पोस्ट काउंटर्स खोल रखे हैं।

## कसौटी पर खरा नहीं उतर सकी झारखंड सरकार: विजय शंकर

रांची (आजाद सिपाही)। संपूर्ण भारत क्रांति पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव विजय शंकर नायक ने हेमंत सोरेन सरकार के चार वर्ष के कार्यकाल समाप्त होने पर कहा कि हेमंत सोरेन के कार्यकाल में दलित, महिला, अल्पसंख्यक और मूलवासी समाज के जो सपने थे, उनको पूरा नहीं किया जा सका। जनता से जुड़े हुए बोर्ड निगमों का गठन नहीं हो सका, जिसमें मुख्य रूप से इन चार वर्षो में अनुसूचित जाति आयोग का गठन नहीं किया गया। अनुसूचित जाति समाज से कैबिनेट में मंत्री नहीं बनाना, दलित समाज के साथ अन्याय भरा कदम रहा, तो दूसरी ओर महिला आयोग का गठन नहीं करना, महिलाओं को न्याय से वंचित करने के समान था। कहा कि सरकार घोषणा वीरों की तरह काम करती रही। दलित, आदिवासी, मूलवासी समाज इस सरकार से दूर रहे, किसी भी वर्ग के साथ न्याय नहीं किया गया। अल्पसंख्यकों पर डायरेक्ट छाती पर गोली मारी गयी। जांच कमेटी बनी, मगर जांच रिपोर्ट अभी तक नहीं दी गयी।

## नये साल की आगवानी के लिए तैयार हैं पिकनिट स्पॉट

# प्राकृतिक सौंदर्य से भरपूर झारखंड ने क्रेजी किया रे...



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** झारखंड प्रकृति की गोद में बसा है। वैसे तो यहां वर्षभर लोग घूमने आते हैं, लेकिन नये साल में यहां बड़ी संख्या में लोग पिकनिक मनाने आते हैं। प्राकृतिक सौंदर्य से भरपूर झारखंड की धरती पर्यटकों की पसंदीदा जगह है।

यही कारण है कि यहां साल भर पर्यटकों का जमावड़ा लगा रहता है। चाहे नये साल की शुरुआत हो या सावन का महीना। साथ ही राज्य धार्मिक और सांस्कृतिक के लिहाज से भी काफी लाभदायक है, जहां से सरकार को अच्छी खासी राजस्व की प्राप्ति होती है।

झारखंड के पर्यटन स्थलों को विकसित करने के लिए केंद्र और राज्य सरकार द्वारा कई तरह के मास्टर प्लान बनाये गये हैं, जिसके तहत धार्मिक, ऐतिहासिक और प्राकृतिक स्थलों को विकसित किया जा रहा है। राज्य में पर्यटन के लिए चिह्नित 131 स्थानों को चार भागों में बांटा गया है। पहचाने गये 131 पर्यटन स्थलों में से 31 अंतरराष्ट्रीय महत्व के, 26 राष्ट्रीय महत्व के, 38 राज्य स्तरीय महत्व के और 36 स्थानीय महत्व के हैं। राज्य में स्थित अधिकांश पर्यटक स्थल रांची के आसपास हैं, जिनकी संख्या 17 है। इनमें पांच अंतरराष्ट्रीय महत्व के और चार राष्ट्रीय महत्व के हैं।

### पर्यटन स्थल, जहां से राज्य को होती है सर्वाधिक कमाई

- **देवघर:** बैद्यनाथ धाम-12 ज्योतिर्लिंगों में से एक इस स्थल पर शिव और शक्ति का अद्भुत संगम है, जहां दर्शन के लिए वर्षभर श्रद्धालुओं का तांता लगा रहता है। नववर्ष के पहले दिन भी लोगों की भीड़ लगी रहती है।
- **दुमका:** बासुकीनाथ धाम धार्मिक मान्यता के अनुसार देवघर बैद्यनाथ धाम के बाद बासुकीनाथ का दर्शन किये बगैर यात्रा पूरी नहीं मानी जाती। यही वजह है कि यहां भी श्रद्धालुओं का तांता लगा रहता है।
- **गिरिडीह :** पारसनाथ जैन धर्मावलंबियों के लिए यह सबसे महत्वपूर्ण तीर्थ स्थल है।
- **रामगढ़:** छिन्नमस्तिका मंदिर शक्तिपीठ के रूप में विख्यात इस मंदिर में बिना सिर वाली देवी मां की पूजा की जाती है। मान्यता है कि इस मंदिर में श्रद्धालुओं की मनोकामनाएं पूरी होती हैं।
- **धनबाद :** मैथन डैम- एक खूबसूरत झील और खूबसूरत हरे जंगलों के बीच यह मैथन डैम पर्यटकों के लिए खास जगह है।
- **बोकारो:** लुगुबुरु को संतालियों की संस्कृति और परंपरा का उदगम स्थल माना जाता है।
- **रांची:** बिरसा जैविक उद्यान, दिउड़ी मंदिर, जोन्हा फॉल, पतरातू डैम।
- **गढ़वा:** बंशीधर धाम, नगरऊंटारी में राधा कृष्ण मंदिर बाबा बंशीधर के नाम से जाना जाता है। मंदिर में स्थित मूर्ति सोने की बनी हुई है। यहां श्रद्धालुओं की भीड़ हमेशा लगी रहती है।

#### पिकनिक स्पॉट पर विशेष व्यवस्था: मंत्री

पर्यटन मंत्री हफीजुल हसन ने कहा कि इस साल मौसम अनुकूल होने के कारण बड़ी संख्या में लोग पिकनिक मनाने के लिए अपने घरों से निकल रहे हैं। पर्यटकों को किसी तरह की परेशानी न हो, इसके लिए पिकनिक स्पॉटों पर विशेष व्यवस्था की गयी है।

आजाद सिपाही
रांची, शनिवार, 30 दिसंबर, 2023
www.azadsipahi.in


## राहुल ने राष्ट्रीय कुश्ती प्रतियोगिता में जीता कांस्य पदक



**झुमरीतिलैया (आजाद सिपाही)।** दिल्ली में आयोजित एसजीएफ आई राष्ट्रीय कुश्ती प्रतियोगिता मे कोडरमा जिला के कुश्ती खिलाड़ी अंडर 19 बालक वर्ग ग्रीको रोमन स्टाइल 77 किलो वजन भार में झारखंड राज्य का प्रतिनिधित्व चंदवारा निवासी किसान सीता राम यादव और गृहणी माता पार्वती देवी के पुत्र राहुल कुमार यादव ने किया था। इस प्रतियोगिता में उन्होंने झारखंड राज्य के लिए कांस्य पदक प्राप्त किया। राहुल बहुत ही साधारण परिवार से जो की मट्टी के घर मे रहता है। उसके घर मे आज भी मिट्टी के चूल्हे पर भोजन बनता है। जिला कुश्ती संघ के सचिव आकाश सेठ ने इन्हें बधाई दी है।

## पूजित अक्षत और कलश वितरण को लेकर कार्यक्रम

**जयनगर (आजाद सिपाही)।** प्रखंड में विश्व हिन्दु परिषद व बजरंग दल प्रखंड ईकाई द्वारा 30 दिसंबर को दिन 10 बजे जयनगर दुर्गा मंडप परिसर में अयोध्या धाम से आये पूजित अक्षत व कलश वितरण को लेकर कार्यक्रम का आयोजन किया गया है.। उक्त जानकारी देते हुए विहिप प्रखंड अध्यक्ष विनोद कुमार वर्णवाल ने बताया कि कार्यक्रम के उद्घाटनकर्ता भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश कोषाध्यक्ष सुरेंद्र भाई मोदी, मुख्य अतिथि पूर्व जिप सदस्य पवन सिंह, विशिष्ट अतिथि सेवानिवृत शिक्षक सुरेंद्र प्रसाद मोदी, सम्मानित अतिथि शशिकांत प्रसाद होंगे।

## सतगावां में उन्मुखीकरण कार्यक्रम आयोजित

**सतगावां (आजाद सिपाही)।** प्रखंड गुरुवार को प्रखंड सह अंचल सभागार में प्रखंड विकास पदाधिकारी ओम प्रकाश बड़ाइक और प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी शेख शकील अहमद द्वारा समावेशी शिक्षा अंतर्गत आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और पूर्व प्राथमिक शिक्षकों का एकदिवसीय उन्मुखीकरण कार्यक्रम का सयुंक्त रूप से विधिवत उद्घाटन किया गया। मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी ने कहा कि दिव्यांगता अभिशाप नहीं है आज समाज को सफल बनाने में इनका भी महत्वपूर्ण योगदान है बस समय पर इनकी उन्मुखीकरण की आवश्यकता है। प्रशिक्षक उमेश कुमार यादव रिसोर्स शिक्षक के द्वारा दिव्यांगता की पहचान, दिव्यांगता होने के कारण, निवारण, दिव्यांगजनो को मिलने वाली सरकारी सुविधाएं इत्यादि विषयों पर विस्तृत रूप से चर्चा की गयी। मौके पर प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी अशोक कुमार उपाध्याय, रिसोर्स शिक्षक सुजीत कुमार, महिला पर्यवेक्षिका रेखा कुमारी, मीना कुमारी केशरी, पप्पू कुमार, प्रखंड शिक्षाकर्मी शहजाद आलम, संतोष कुमार, छोटन प्रसाद, विनोद कुमार, जवाहर प्रसाद अकेला, अविनाश कुमार तथा सैकड़ों आंगनबाड़ी सेविका, अभिभावक मौजूद थे।

## वार्ड सदस्यों का प्रशिक्षण संपन्न




**जयनगर (आजाद सिपाही)।** तीन दिवसीय वार्ड सदस्यों का प्रशिक्षण प्रखंड मुख्यालय जयनगर में ककर चोली, तमाय, करियांवा कंदरापडी पंचायत को सर्टिफिकेट देकर समाप्त किया गया। इसमें सभी वार्ड सदस्य हाशिम खान, दशरथ साव, बेबी देवी, समसुल अंसारी, रेखा देवी, संजय पासवान, जितेंद्र रजक, विनोद साव, शांति देवी, गुलाम सरवर, संगीता देवी, प्रीति देवी, नजमा खातून, सुरेंद्र यादव आदि वसर्ड सदस्य मौजूद थे। हाशिम खान ने बताया कि इस प्रशिक्षण से हमें बहुत कुछ सीखने का मौका मिला और पंचायत का विकास कैसे करना है यह जानकारी मिली।

## बाजार बचाओ समिति ने डीएफओ को सौंपा ज्ञापन



**बरकट्ठा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड़ क्षेत्र अंतर्गत बरकनगांगो पंचायत के ग्राम छुतहरी कटिया और जतघघरा के बीच दोमहनियां टांड़ स्थित सप्ताहिक बाजार जो प्रत्येक रविवार को लगाया जाता है। उक्त स्थल पर बीते रविवार को वन विभाग द्वारा वृक्षारोपण हेतू पोकलेन मशीन के द्वारा ट्रेंच काटे जाने पर ग्रामीणों ने विरोध जताया। इसी निमित्त पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव के नेतृत्व में बाजार बचाओ समिति के सदस्यों ने डीएफओ और रेंजर से मिलकर ज्ञापन सौंपा। जिसमें वन विभाग से लगभग 05 एकड़ भूमि पर वृक्ष न लगाने का आग्रह किया गया। पूर्व विधायक यादव ने हजारीबाग डीएफओ से मिलकर अवगत कराया कि इस बाजार में आसपास के काफी गांव के लोग आते हैं और साग सब्जी बेचने और खरीदने का काम करते हैं। बाजार बंद होने से लोगों को काफी परेशानी होगी। बाजार लगने की जगह को छोड़कर बाकी वन भूमि पर घेराबंदी किया जाय। वहीं डीएफओ, हजारीबाग ने सकारात्मक बात करते बाजार टांड़ की घेराबंदी न करने की बात पर सहमति जताते हुए रेंजर बरही को जांचकर घेराबंदी करने की बात कही। वहीं इस समस्या से पूर्व विधायक यादव ने रेंजर से मिलकर समस्यायों से अवगत कराया। ज्ञापन सौंपने वालों में पूर्व मुखिया प्रतिनिधि तिलोकरी रामेश्वर यादव उर्फ लालू, मथुरा यादव, जगलाल यादव, आशीष यादव, सीताराम यादव, किशोर यादव, सीतराम यादव, घनश्याम राणा, विनोद यादव समेत आदि लोग उपस्थित थे।

## मुखिया ने सीडीपीओ को पत्र लिखकर सुदूरवर्ती गांव में केंद्र देने की मांग की



**इचाक (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के डाढा मुखिया सुनीता देवी ने इचाक सीडीपीओ को पत्र लिख पंचायत के सुदुरवर्ती गांव में केंद्र देने की मांग की है। पत्र लिख ध्यान आकृष्ट कराते हुए कहा है की ग्राम बभनी टोला बांका आदिम जनजाति बहुल गांव है, जिसमें लगभग 650 जनसंख्या वाला गांव है। जो आंगनबाड़ी के योजनांतर्गत लाभ से वंचित है। इसके अलावा ग्राम मडपा टोला मूर्तिया में आदिम जनजाति बहुल गांव है जहां पर लगभग 350 की जनसंख्या वाला गांव बसा है, जो इस योजनांतर्गत सरकारी लाभ से वंचित हैं। ग्राम बभनी टोला लुकुइयां में आदिम जनजाति बहुल गांव है जहां पर लगभग 300 की जनसंख्या वाला गांव है, जो इस योजनांतर्गत सरकारी लाभ से वंचित है। इसलिए इन गांव टोला में आंगनबाड़ी केंद्र खोलने से सुदुरवर्ती आदिम जनजाति को इस योजना के सम्पूर्ण लाभ मिल सकता है।

# खनन विभाग की कार्रवाई: अवैध पत्थर, बालू सहित हाइवा और पोकलेन जब्त

आजाद सिपाही संवाददाता

**हजारीबाग।** उपायुक्त और जिला खनन पदाधिकारी, हजारीबाग के निदेशानुसार खान निरीक्षक, अंचल अधिकारी, चलकुशा, प्रभारी अंचल निरीक्षक, चलकुशा और जिला पुलिस बल, पुलिस केंद्र हजारीबाग द्वारा संयुक्त रूप से चलकुशा थाना के मौजा पसेरिया में अवैध पत्थर खदान पर औचक छापामारी की गयी। छापामारी के क्रम में अवैध पत्थर उत्खनन स्थल में खनन कार्य में प्रयुक्त वाहन जे एच 02बीजी-2806, लगभग 500 सीएफटी पत्थर, एक एक्सप्लॉडर, एक हैंड ड्रिल मशीन



और अन्य सामग्री को जब्त किया गया। मौके पर वाहन चालक मनोज यादव, पिता बाबुलाल यादव और चालक बिनोद यादव, पिता स्व० किशुन यादव को गिरफ्तार किया गया। वहीं चलकुशा थाना में इस अवैध कार्य में प्रयुक्त हाईवा और पोकलेन के मालिक और चालक, अवैधकर्त्ता मिथिलेश यादव और अन्य अज्ञात के विरूद्ध प्राथमिकी दर्ज की गयी है। छापामारी के पश्चात हजारीबाग लौटने के क्रम में बरकट्ठा थाना के अंचल कार्यालय के मुख्य गेट के सामने, राष्ट्रीय राजमार्ग पर एक अवैध बालू लगभग 100 सीएफटी लदे ट्रैक्टर और बरही थाना के बिचौलिया मोड़ के पास एक अवैध स्टोन चिप्स लगभग 550 सीएफटी लदे हाईवा को जब्त कर सुरक्षार्थ थाना परिसर में रखा गया है। साथ ही मध्य रात्रि में बरही थाना के बिचौलिया मोड़ के पास बिहार जाने वाले सैकड़ों कोयला और अन्य खनिज लदे वाहनों की भी जांच की गयी, जिसमें अनियमितता नहीं पाया गया।

## बोधीबागी मैदान में शहीदों के सम्मान में लगेगा मेला

**भाजपा नेता बटेश्वर मेहता ने डीसी को आवेदन दे कर मेला लगाने की मांग की थी**

आजाद सिपाही संवाददाता

**इचाक।** प्रखंड के ऐतिहासिक बोधिबागी मैदान में पहली बार शहीदों के नाम पर उनके सम्मान में मेले का आयोजन होगा। यह मेला 3 जनवरी से शुरू होकर एक सप्ताह तक चलेगा। इससे पूर्व 31 दिसंबर को इचाक प्रखंड के कुरहा गांव निवासी कारगिल शहीद रघुवीर प्रसाद मेहता और लोटवा गांव निवासी शहीद राजेश मिंज के प्रतिमा पर माल्यार्पण का कार्यक्रम दिन के 11 बजे किया जायेगा। प्रखंड विकास पदाधिकारी संतोष कुमार ने पत्र निकाल कर इसकी जानकारी दी है। पत्र में कहा है की उपायुक्त का कार्यालय के पत्रांक 6233 दिनांक 16.12.2023 के द्वारा 31 दिसंबर को शहीद रघुवीर प्रसाद मेहता और शहीद राजेश मिंज का माल्यार्पण का आयोजन समय 11 बजे दिन ईचाक में किया गया है और 50 झारखंड के कांतिकारी स्वतंत्रता सेनानी के नाम से इचाक प्रखंड स्थित कुरहा पंचायत के बोधी बागी मैदान में 3 जनवरी से एक सप्ताह के लिए शहीद मेला का आयोजन किया जाना है। इसके प्रचार प्रसार के लिए लोगों से अपील भी की गयी है। भाजपा के वरिष्ठ नेता बटेश्वर मेहता ने डीसी से मिल मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा था। ज्ञापन के माध्यम से कहा था की शहीद रघुवीर प्रसाद मेहता, शहीद राजेश मींज के अलावा झारखंड के अन्य स्वतंत्रता सेनानी के नाम से एक सप्ताह शहीद मेला लगवाने की मांग की थी। दिए आवेदन में कहा था की इचाक प्रखंड के बोधी बागी मैदान कुरहा में शहीद रघुवीर प्रसाद मेहता और लोटवा निवासी राजेश मींज देश के सेवा में अपने प्राण की आहुती दिये हैं और झारखंड के 50 क्रांतीकारी भगवान बिरसा मुंडा, पूर्व मुख्यमंत्री केबी सहाय, सरस्वती देवी, बाबु राम नारायण सिंह, चंदा निवासी रामेश्वर महतो, मोती राम ठाकुर, रामाधीन गिरी, रामाधीन कसेरा, मुटुकधारी सिंह, सोहन महतो, सोना महतो देश के आजादी में अपना जीवन समर्पित किये थे। इचाक प्रखंड में उन शहीदों के नाम से जिला प्रशासन द्वारा मेला लगाकर देश के प्रति भक्ती जागरित होती रहेगी। साथ ही शहीद रघुवीर मेहता के प्रतिमा के समक्ष मास्क लाईट लगाने की मांग जिला प्रशासन से की है। उपायुक्त ने इनके आवेदन पर गंभीरता दिखाते हुए इचाक प्रखंड प्रशासन को मेले आयोजित करने का आदेश दिया है।

## कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने मनाया स्थापना दिवस

**केरेडारी (आजाद सिपाही)। प्रखण्ड के कांग्रेस कार्यकर्ताओं के द्वारा कांग्रेस पार्टी का 139वा स्थापना दिवस मनाया गया। इस मौके पर कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष सह 20सुत्री उपाध्यक्ष रविंद्र गुप्ता ने कहा कि स्थापना दिवस के शुभ अवसर पर विधायक अंबा प्रसाद के कार्यों को सराहा गया और आगामी लोकसभा चुनाव में प्रत्येक बूथ से बीएलओ का चुनाव करके जिला में और प्रदेश में लिस्ट को सौंपना है आगे कहा की अभी वर्तमान में केरेडारी प्रखंड अंतर्गत सभी पंचायत में पंचायत कोर कमेटी का गठन किया जा रहा है जिसमें सभी कार्यकर्ता और पदाधिकारी को इस कार्यक्रम में भाग लेने का अपील किया गया है और ज्यादा से ज्यादा लोगों को कांग्रेस पार्टी के विचारधारा से जुड़ने की अपील किया जा रहा है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित विधायक प्रतिनिधि सुरेश साहू, विधायक मीडिया प्रभारी मनोज सिंह, विधायक प्रशासनिक प्रतिनिधि चंदन गुप्ता समेत कई कार्यकर्ता उपस्थित हुए।**

## पंचखेरो जलाशय सैलानियों के लिए पिकनिक स्पॉट

**मरकच्चो (आजाद सिपाही)। पर्यटन के दृष्टिकोण से कोडरमा जिला का तिलैया डैम व मरकचो प्रखंड का पंचखेरो जलशय सबसे बड़ा और मशहूर जलाशय मे शामिल हो चुका है। प्रखंड मुख्यालय स्थित पंचखेरो जलाशय के चारो तरफ पहड़ियों व जंगल से घिरे रहने के कारण इसकी प्राकृतिक सुंदरता मे और भी निखार आ गया है। पंचखेरो जलाशय सैलानियों के लिये पिकनिक स्पॉट के रूप मे प्रसिद्धि पा रहा है। इस जलाशय मे गिरिडीह जिला व कोडरमा जिला के गांव और कस्बों के लोग पिकनिक मनाने के लिये जुटते है इसके अलावे बड़ी संख्या मे स्कूली बच्चे भी आते हैं। आस पास के राज्यों मे जिस प्रकार तिलैया डैम व गिरिडीह का खंडोली डेम का क्रेज है। लोगों में प्राकृतिक सुंदरता निहारने की ललक है। यह ललक जिला प्रशासन अगर सहयोग करे तो पंचखेरो जलाशय के लिए भी हो सकता है। पर्यटन को लेकर क्षेत्र को विकसित करने से क्षेत्र का विकास होगा और लोगों को रोजगार भी उपलब्ध होगा। वर्तमान मे उक्त जलाशय मे मत्स्य विभाग द्वारा विस्थापित परिवारो के लिए मत्स्य पालन के लिये केज की व्यवस्था की गयी है।**

# सदर विधायक ने किया 5.48 करोड़ की विकास योजनाओं का भूमि पूजन

आजाद सिपाही संवाददाता

**कटकमदाग।** हजारीबाग सदर विधायक मनीष जायसवाल ने शनिवार को कटकमदाग प्रखंड के कई क्षेत्रों का दौरा किया और ग्रामीण विकास विभाग (ग्रामीण कार्य मामले) के विभिन्न योजनाओं के तहत करीब 5 करोड़ 48 लाख के विकास योजनाओं की आधारशिला रखी जबकि विधायक निधि की राशि 2.5 लाख रुपये के विकास योजनाओं का उद्घाटन कर जनता को सौगात दिया। विधायक मनीष जायसवाल ने अपने दौरे की शुरूआत अड़रा पंचायत के ग्राम बेंदी से की जहां आरइओ के उक्त योजना के तहत ग्राम बेंदी से अड़रा तक पथ निर्माण, ग्राम अड़रा से कुबा तक पथ निर्माण और ग्राम कुबा से चीची तक पथ निर्माण कार्य का



शिलान्यास शिलापट्ट का अनावरण कर और नारियल फोड़कर किया। इस योजना के अंतर्गत कुल 10.20 किमी पथ का विशेष मरम्मती कार्य होगा जिसमें 7.6 किमी कालीकरण रोड़, 2.6 किमी पीसीसी, 10 पुलिया, 50 गार्डवाल और करीब 200 मीटर नाली का निर्माण होना है। इसके बाद विधायक ने अडरा पंचायत के ही ग्राम केशवरिया में विधायक निधि की राशि 2.5 लाख रुपये की लागत से निर्मित केशवरिया नदी पर सीढ़ी निर्माण का विधिवत उद्घाटन शिलापट्ट का अनावरण कर किया तथा कहा की अड़रा पंचायत वासियों के जीवन स्तर को बदलने में यह योजना हितकर साबित होगा। मौके पर कटकमदाग विधायक प्रतिनिधि अजय साहू, कविंद्र यादव, कमल कुमार साहू, आशीष कुमार गुप्ता, इंद्र नारायण कुशवाहा, वीरेंद्र गुप्ता, अरुण राणा, अशोक यादव, गणेश तुरी, सुनील यादव, बसंत यादव सहित कई लोग उपस्थित थे।

# पंचतत्व में विलीन हुए बुंदेल प्रसाद यादव, अंतिम दर्शन को उमड़ी भीड़

आजाद सिपाही संवाददाता

**कोडरमा।** कोडरमा के प्रसिद्ध व्यवसायी, समाजसेवी और वसुंधरा रोडवेज के मालिक बुन्देल प्रसाद यादव शुक्रवार को पंचतत्व में विलीन हो गए। उनके अंतिम दर्शन को लोगों की भीड़ उमड़ी। स्थानीय मुक्तिधाम में उनके बड़े पुत्र संजय कृष्ण ने मुखाग्नि दी। मौके पर बड़ी संख्या में विभिन्न राजनीतिक सामाजिक संगठनों से जुड़े लोग, परिजन और स्थानीय लोग मौजूद थे। बस ऑनर एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष रहे बुंदेल प्रसाद यादव (79) का गुरुवार को उनके आवास पर निधन हो गया था। वे लंबे अरसे तक कांग्रेस पार्टी से भी जुड़े रहे थे और पिछले कुछ दिनों से अस्वस्थ थे। वे अपने पीछे पत्नी, दो पुत्र, चार पुत्रियों समेत परिवार छोड़ कर गये हैं। इधर केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री अन्नपूर्णा देवी, विधायक नीरा यादव, जिप अध्यक्ष रामधन यादव, पूर्व जिप अध्यक्ष शालिनी गुप्ता, राजद नेता सुभाष यादव, भाजपा नेता रमेश सिंह, पेंशनर समाज के अध्यक्ष नारायण मोदी, कांग्रेस नेता मनोज सहाय पिंकू, गणेश स्वर्णकार, निर्मल कुमार ओझा, राजद नेता शिवनाथ यादव, शंभू शरण यादव, सुनील कुमार, सत्येंद्र गौतम, संजीव समीर, सुशील अग्रवाल, प्रेम भारती, राजेश सिंह राजू, सुधीर पांडेय, राजेश सिंह, महेंद्र प्रसाद यादव, मनोज यादव, विजय यादव, जयप्रकाश राम, विनोद कुमार मुन्ना समेत कई लोगों ने उनके आवास पर पहुंचकर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। वहीं प्रमोद अग्रवाल, आत्माराम शर्मा, अमित कुमार, रणजीत बनर्जी, उमाशंकर, सतीश कुमार, अजय यादव, सनत बनर्जी, देवेंद्र सिंह चंद्रवंशी ने निधन पर गहरा शोक जताया है।



### निधन पर भाकपा ने जताया शोक

**भाकपा जिला मंत्री प्रकाश रजक ने शोक संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि कोडरमा निवासी स्व बुन्देल यादव वसुंधरा बस मालिक सह समाजसेवी कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता रहे जिनका अकास्मिक निधन हो गया। उनके निधन से पूरे जिले में शोक की लहर है। उनके विचारों को भुला नहीं जा सकता। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी उनके निधन से काफी मर्माहत है। संवेदना व्यक्त करने वाले में जिप सदस्य महादेव राम, पुरुषोत्तम यादव, अंचल मंत्री अर्जुन यादव, अंचल मंत्री रामेश्वर यादव, अंचल मंत्री सच्चिदानंद पांडे, अंचल मंत्री धनंजय यादव, पूर्व उप प्रमुख वीरेंद्र यादव, महेश प्रसाद सिंह, एटक नेत्री सोनिया देवी, असगर अली, कउम उदिन, रंजन रजक के नाम शामिल हैं।**

## नि:शुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन



**केरेडारी (आजाद सिपाही)।** एनटीपीसी की चट्टी बरियातु कोयला खनन परियोजना के द्वारा पेटो पंचायत में शुक्रवार को नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया गया। इस शिविर में लोगों की डेंटल और आंखों की जांच करवाई गयी। शुक्रवार को आयोजित शिविर में 91 लोगों के दांत और आंखों की जांच की गयी। यह नि:शुल्क हेल्थ कैंप चट्टी बरियातु कोयला खनन परियोजना द्वारा अपने निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व के अंतर्गत आयोजित किया गया था। इस मुहीम में हजारीबाग कॉलेज ऑफ डेंटल साइंसेज एंड हॉस्पिटल और श्रीनिवास मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल का भी सहयोग एनटीपीसी चट्टी बरियातु कोयला खनन परियोजना को मिलो डॉक्टरों की टीम ने स्थानीय गांव वालों की जांच करने के साथ-साथ उन्हें अच्छी स्वच्छता और स्वस्थ आदतों का पालन करने के लिए प्रेरित किया। यह मेडिकल कैंप चट्टी बरियातु कोयला खनन परियोजना द्वारा खनन प्रभावित लोगों के सुरक्षित सेहत के लिए समय-समय पर आयोजित की जाती है। मौके पर परियोजना के अपर महाप्रबंधक नीलमाधव स्वाइन और वरिष्ठ प्रबंधक बी नवीन कुमार ने उपस्थित हो कर कार्यक्रम को सफल बनाया।

## बीएसएफ कैंप मेरू में वार्ब की बैठक आयोजित




**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** वार्ब के तत्वावधान में प्रशिक्षण केंद्र और विद्यालय, सीमा सुरक्षा बल मेरू परिसर स्थित परिवार कल्याण केंद्र में राजेश कुमार, उप महानिरीक्षक (प्रशासन) जोकि वर्तमान समय में महानिरीक्षक, प्रशिक्षण केंद्र और विद्यालय का कार्यभार संभाले हुए है, की अध्यक्षता में झारखंड व निकटवर्ती राज्यों में रहने वाले केंद्रीय पुलिस बलों के सेवानिवृत कार्मिकों व उनके आश्रितों की पेंशन व रिटायमेन्ट लाभ में उत्पन्न विसंगितीयों के लिए एक ही पटल पर सुनवाई व निवारण हेतु वार्ब मीटिंग का आयोजन किया गया। विदित हो कि गृह मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा देश की अमूल्य धरोहर केंद्रीय पुलिस बलों के पेंशनभोगी सेवानिवृत कार्मिकों और उनके आश्रितों के पुनर्वास और कल्याण हेतु वार्ब का गठन किया गया है। वार्ब बैठक में 50 से अधिक सेवानिवृत कार्मिक और उनके आश्रित उपस्थित रहे। इस दौरान राजेश कुमार, उपमहानिरीक्षक (प्रशासन) कैंप के सक्षम अधिकारी, अनुभवी लेखा अधिकारी, अनुसचिवीय स्टाफ और अन्य संबंधित विभागों के प्रभारी, सेवानिवृत कार्मिकों और आश्रितों की समस्याओं के निवारण के लिए उपस्थित रहे। बैठक में सेवानिवृत कार्मिकों और आश्रितों की पेंशन से जुड़ी समस्याओं का निवारण किया गया। साथ ही पुनर्वास व कल्याण संबधित जानकारी और भविष्य में सेवानिवृत कार्मिकों व उनके आश्रितों के लिए सरकार की योजनाओं से अवगत करवाया गया। जानकारी के मुताबिक सीमा सुरक्षा बल मेरू कैंप में अगली वार्ब की बैठक आगामी मार्च माह में होगी।

## सोनाराम, संजय कुमार सिंह और संजय भुइयां बने झामुमो जिला सोशल मीडिया के प्रभारी




**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद शिबू सोरेन, कार्यकारी अध्यक्ष सह मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, केंद्रीय महासचिव विनोद कुमार पांडे के द्वारा, सोनाराम मांझी, संजय कुमार सिंह और संजय भुईयां को कार्य को देखते हुए हजारीबाग जिला सोशल मीडिया सेल प्रभारी बनाया गया है। जिसकी अनुशंसा केंद्रीय सचिव संजीव कुमार बेदिया ने की थी। सोनाराम मांझी और संजय कुमार सिंह ने कहा है कि जो भी जिम्मेवारी मिली है। हजारीबाग जिले में पार्टी हित में बेहतर करने का प्रयास करूंगा। सोशल मीडिया प्रभारी बनाये जाने पर झामुमो कार्यकर्ताओं ने बधाई दी है। जिसमें केंद्रीय सदस्य कमलनयन सिंह, पूर्व जिला सचिव नीलकंठ महतो, इजहार अंसारी, संजय करमाली, राकेश मिश्रा, सफीउल्लाह अंसारी, रामकिशोर मुर्मू, टेकोचंद महतो, उज्जवल सिंह, राजा खान, मो सरफराज आदि दर्जनों कार्यकर्ता शामिल है।

## विधायक ने धान अधिप्राप्ति केंद्र का किया उद्घाटन



**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** स्थानीय विधायक अंबा प्रसाद ने बड़कागांव प्रखंड क्षेत्र के सांढ़ पैक्स में धान अधिप्राप्ति केंद्र का उद्घाटन फीता काट कर किया। इस दौरान पैक्स अध्यक्ष तापेश्वर प्रसाद ने विधायक को गुलदस्ता देकर स्वागत किया व महिलाओं ने फूल माला पहनाकर विधायक का अभिवादन किया। इस दौरान विधायक अंबा प्रसाद ने कहा कि राज्य सरकार किसानों को अधिक मुनाफा दे रही है इसीलिए किसान भाई हड़बड़ी में अपना ध्यान बिचौलियों के पास नहीं बेचे, सिर्फ और सिर्फ धान को सरकार द्वारा निर्धारित पैक्सों में ही दें। विधायक ने कहा कि किसान पैक्स में अपना धान बेचकर अधिक मुनाफा कमाये, पैक्स में धान बेचने वाले किसानों को 2183 रुपये समर्थन मूल्य और 117 रुपये बोनस मिलाकर कुल 2300 प्रति क्विंटल के दर से भुगतान कर रही है। मौके पर मुख्य रूप से उप प्रमुख बचन देव कुमार, सांढ मुखिया सुलेखा कुमारी, नयाटांड़ मुखिया लीलावती देवी, सांढ पंचायत समिति सदस्य उपेंद्र प्रसाद, नयाटांड़ पंचायत समिति सदस्य प्रभु राम, जिला परिषद प्रतिनिधि दीपक करमाली, प्रमुख प्रतिनिधि हेमंत भुईयां, मुखिया प्रतिनिधि भीखन महतो, प्रखंड कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष विशेश्वर नाथ चौबे, युवा प्रखंड अध्यक्ष आनंद मेहता, विधायक प्रतिनिधि सुरेश महतो, संजय महतो, गुरदयाल कुमार जिज्ञासु, दशरथ महतो, पप्पू कुमार, सरोज कुमार, पुरण महतो सहित कई महिला पुरुष मौजूद थे।

## झामुमो नेता सह पूर्व मुखिया के पिता का निधन



उरीमारी (आजाद सिपाही)। सयाल निवासी झामुमो के वरिष्ठ नेता सह सयाल उत्तरी पंचायत के पुर्व मुखिया सतेन्द्र यादव के पिता भागवत यादव 84 वर्ष का आकस्मिक निधन उनके आवास वन बी स्टाप सयाल में गुरुवार देर रात हो गयी। वहीं उनका अंतिम संस्कार शुक्रवार को दामोदर नदी तट पर किया गया। पिता को मुखाग्नि बड़े पुत्र सतेन्द्र यादव ने दिया। शव यात्रा में क्षेत्र के गणमान्य लोग शामिल हुए। उपस्थित लोगों ने सर्वप्रथम पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी और नमन किया। उनके निधन पर एटक के राष्ट्रीय अध्यक्ष रामेन्द्र कुमार, झामुमो केन्द्रीय सचिव संजीव बेदिया, श्रमिक नेता विन्ध्याचल बेदिया, कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष राजू यादव, मुखिया अभय कुमार सिंह, मुखिया रीता कुमारी, मुखिया जगदीश साव, मुखिया तिलेश्वर साव, मुखिया लवकुमार महतो, मुखिया चरका करमाली, उपमुखिया विमलेश कुमार, पंसस कंचन कुमारी, खजांची राम, बिरेन्द्र पासवान, बच्चन पांडेय, रामबिलास यादव, सतेन्द्र सिंह, पिंटू सिंह, कृष्णा साव, निलेश कुमार, अर्जुन सिंह, संजय शर्मा आदि लोगों ने शोक व्यक्त किया।

## बेहद खास रहा वर्ष 2023, डीसी चंदन कुमार ने नव वर्ष की दी शुभकामनाएं

# 2024 में शिक्षा, स्वास्थ्य और समाज कल्याण के साथ होगा विकास

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रामगढ़।** नव वर्ष 2024 के अवसर पर उपायुक्त चंदन कुमार ने सभी जिले वासियों को शुभकामनाएं दी है। उपायुक्त ने कहा है कि वर्ष 2023 की तरह ही 2024 में भी शिक्षा, स्वास्थ्य, समाज कल्याण के साथ-साथ विभिन्न क्षेत्रों में योजनाबद्ध तरीके से कार्य कर जिले का विकास किया जायेगा। वहीं उन्होंने सभी जिलावासियों से भी रामगढ़ जिले के विकास में अपना महत्वपूर्ण योगदान देने की अपील की है।

वर्ष 2023 में जिले के विकास के लिए डीएमएफटी के तहत अलग-अलग क्षेत्रों में लगभग 100 करोड़ रुपए की लागत की 320 योजनाओं का चयन किया गया। वहीं वर्ष 2024 के लिए विभिन्न क्षेत्रों में लगभग 45 करोड रुपए की 120 योजनाओं के चयन हेतु प्रस्ताव तैयार किया गया है। विभिन्न चरणों की बैठक के उपरांत अंतिम रूप से स्वीकृत



योजनाओं को धरातल पर उतारने हेतु कार्य किया जायेगा।

पर्यावरण संरक्षण और सरकारी जमीनों को अतिक्रमण से बचाने के मद्देनजर उपायुक्त चंदन कुमार द्वारा किये गये पहल के आलोक में जिले के अलग-अलग प्रखंडों में लोग स्वयं आगे आकर वृक्षारोपण अभियान चला रहे हैं। अपनी नैतिक जिम्मेदारी समझते हुए लोग न केवल लगाये गये पौधों की देखभाल कर रहे हैं। बल्कि संबंधित क्षेत्र को पार्क के रूप में विकसित करने की दिशा में भी किया जा रहा है। 2024 में इसमें और भी प्रभावी तरीके से कार्य किया जायेगा।

### युवाओं के लिए खास रहा वर्ष 2023

वर्ष 2023 रामगढ़ जिले के युवाओं के लिए खास रहा। लंबे समय के बाद उपायुक्त चंदन कुमार के मार्गदर्शन में विभिन्न विभागों में रिक्तियों को भरने हेतु अभियान मोड़ में नियुक्तियां की गयी। जिसमें स्वास्थ्य विभाग, श्रम नियोजन प्रशिक्षण और कौशल विकास विभाग, कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंध अभिकरण सहित विभिन्न परियोजनाओं में 100 से ज्यादा युवाओं की नियुक्तियां की गयी। शिक्षा के क्षेत्र में सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के तहत 14500 से ज्यादा बच्चियों को योजनाओं से जोड़ा गया है। वहीं 187 दिव्यांगों को दिव्यांग यंत्र उपलब्ध कराया गया।

### युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए चलाई योजना

युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना के तहत रामगढ़ जिले में लगभग 180 लाभुकों को 4 करोड़ रुपये की राशि का ऋण उपलब्ध कराया गया है। रामगढ़ जिले के सरकारी विद्यालयों में पढ़ रहे बच्चों को राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में प्रवेश दिलाने हेतु जिले में डीएमएफटी के तहत कोचिंग परियोजना संचालित है। उपायुक्त द्वारा दिये गये निर्देश के आलोक में जिले के वरीय अधिकारियों द्वारा नियमित रूप से कोचिंग सेंटर का निरीक्षण कर बच्चों को उपलब्ध करायी जा रही सुविधाओं का निरीक्षण किया जा रहा है।

### अबुआ आवास से 61000 लोग हुए लाभान्वित

राज्य के योग्य व जरूरतमंद लोगों को आवास उपलब्ध कराने के उद्देश्य से राज्य सरकार द्वारा संचालित अबुवा आवास योजना का जिले में व्यापक रूप से प्रचार प्रसार किया गया है। योजना के तहत अब तक 61000 से ज्यादा लाभुकों का चयन जिले में किया गया है। जिसके उपरांत अधिकारियों द्वारा स्थल निरीक्षण सहित अन्य प्रक्रियाएं पूरी की जा रही है। वही जिले के प्रत्येक योग्य व्यक्ति को पेंशन के लाभ से आच्छादित करने हेतु सर्वजन पेंशन योजना का संचालन वर्ष 2023 में बेहद ही प्रभावी तरीके से किया गया है। गुरुजी क्रेडिट कार्ड योजना के तहत जिले के विद्यार्थियों को लाभान्वित करने हेतु अब तक 6000 से ज्यादा आवेदन एकत्रित किये गये हैं। वहीं 2024 में भी इस योजना के तहत प्रत्येक योग्य विद्यार्थी को लाभान्वित करने की दिशा में कार्य किया जायेगा।

## बीडीओ और सीओ ने प्रखंड के मुखियाओं को अभिनंदन पत्र किया प्रदान




**मांडू (आजाद सिपाही)।** भारत सरकार ग्रामीण विकास मंत्रालय भूमि संसाधन विभाग डिजिटल इंडिया भूमि अभिलेख आधुनिकीकरण कार्यक्रम के तहत प्रखंड मुख्यालय के सभागार में एक समारोह का आयोजन कर मुखियाओं के बीच शुक्रवार को अभिनंदन पत्र प्रदान किया गया। मौके पर बीडीओ संजय कुमार कोंगाड़ी व सीओ मोदस्सर नजर मंसूरी ने संयुक्त रूप से प्रखंड के मुखिया लइयो उत्तरी के सुरेश कुमार महतो, बारूघुटू पूर्वी के विभा देवी, बारूघुटू मध्य के सावित्री यादव, सोनडीहा के तरुणा देवी, मांडूडीह के बैजनाथ राम, छोटकी डुंडी के रामसेवक कुमार महतो, रतवे के आसया खातून, आरा दक्षिणी के राजेश्वर करमाली और आरा उतरी के वीना देवी को अभिनंदन पत्र प्रदान किया। बताया गया कि डिजिटल इंडिया भूमि अभिलेख आधुनिकीकरण कार्यक्रम के अंतर्गत मूल घटकों के कार्यान्वयन में 99 परसेंट से अधिक कार्य पूर्ण करने पर भूमि संसाधन विभाग भारत सरकार के द्वारा बधाई दिया गया है। मौके पर सीआइ सुरेश प्रसाद वर्णवाल, राजस्व कर्मचारी राजेंद्र प्रसाद, मदन महतो, रंजीत कुमार, बिनोद महतो, अनूप विश्वकर्मा आदि मौजूद थे।

## चरण पहाड़ी मंदिर में धर्मप्रेमियों ने की बैठक

**कुजू (आजाद सिपाही)।** कुजू कोलियरी, बन्दराचुआ स्थित चरण पहाडी चैतन्य महाप्रभु के मंदिर परिसर में धर्मप्रेमियों ने बैठक की। बैठक की अध्यक्षता मंदिर के महाराज प्रेमदास बाबा ने किया। बैठक नें आगामी 14 व 15 जनवरी को मकर संक्रान्ति और भव्य टुसू मेला का भव्य आयोजन को लेकर विस्तार पूर्वक चर्चा की। साथ ही, मकर संक्रांति के मौके पर चैतन्य महाप्रभु की विधिवत पूजा - अर्चना करने का निर्णय लिया गया। वही, महाप्रभु के संकृतन कर गुणगान किया जायेगा। इस अवसर कई लोग मौजूद रहे।

## चतरा की खबरें

## चतरा में विश्व हिंदू परिषद की बैठक



**कुंदा/चतरा (आजाद सिपाही)।** कुंदा स्थित महावीर मंदिर परिसर में बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने राममंदिर के उद्घाटन के निमंत्रण को लेकर बैठक किया गया। बैठक की अध्यक्षता अजीत मिश्रा व संचालक ज्योतिष गुप्ता ने किया। बैठक में मुख्य रूप से विभाग व संगठन मंत्री सतीश गुप्ता उपस्थित थे। इन्होंने बताया की 1 से 15 जनवरी के बीच कुंदा के सभी गावों में आमंत्रण व राममंदिर की भव्य चित्र कार्यकर्ताओं द्वारा जन जन तक पहुंचाया जायेगा। संगठन मंत्री ने कहा की सम्पूर्ण विश्व व भारत के लिए सौभाग्य की बात है। उन्होंने कहा की राम मंदिर उद्घाटन के दिन 22 जनवरी को कुंदा के मठ मंदिरों को सजाया जायेगा और पूजा अर्चना के साथ मंदिरों में श्रीराम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा का लाइव प्रसारण दिखाया जायेगा। इस मौके पर लवकुश यदुवंशी, पंकज गुप्ता, प्रदीप यादव, राजू सौंडिक, जितेंद्र गुप्ता, आशीष कुमार समेत अन्य उपस्थित थे।

## दो पक्षों में मारपीट, चार घायल

**हंटरगंज/ चतरा (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के डाहा पंचायत अंतर्गत ढेबो गांव में शुक्रवार को सेम की लती खा जाने के कारण दो पक्षो में जमकर मारपीट की घटना घटी। दोनों पक्षो से चार लोग घायल हो गये। घायलों में एक पक्ष से नरेश यादव और उनकी पत्नी मुनिया देवी तथा दूसरे पक्ष से राजकुमार यादव और उसकी पत्नी प्रीति देवी शामिल है। पुलिस द्वारा सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। जहां प्राथमिक उपचार के वाद एक पक्ष के नरेश यादव तथा दूसरे पक्ष के प्रीति देवी के नाक में गंभीर चोट के कारण बेहतर इलाज गया मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया है। वही पहले पक्ष की मुनिया देवी ने बताया कि मेरी मवेशी के द्वारा राजकुमार यादव का सीम की लती खा गया था। इसी को लेकर घर पर लाठी डांटे से लैस होकर पहुंचे और हम लोग को मार पीट कर घायल कर दिया। जबकि दुसरे पक्ष के राजकुमार यादव द्वारा बताया गया कि हमारी पत्नी के द्वारा लती खा जाने की शिकायत को लेकर उसके घर पर गयी थी। इसी दौरान सभी ने मिलकर हमारे पत्नी के साथ जमकर मारपीट किया। जिसमें हमारी पत्नी घायल हो गयी। वही दोनों पक्ष से थाना में मारपीट से संबंधित आवेदन दिया गया है। पुलिस मामले की छानबीन में लगी हुई है।

## राजद के पंचायत अध्यक्ष बने महेंद्र



**हंटरगंज/ चतरा (आजाद सिपाही)।** हंटरगंज प्रखंड के उरैली पंचायत अंतर्गत पांति गांव में शुक्रवार को राष्ट्रीय जनता दल की एक बैठक आयोजित किया गया। बैठक की अध्यक्षता राजद के वरिष्ठ नेता भगवान यादव तथा संचालन प्रखंड अध्यक्ष अशोक कुमार यादव ने किया। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में मंत्री प्रतिनिधि सह राजद के वरिष्ठ नेता देव लाल यादव शामिल हुए। बैठक में संगठन की मजबूती पर विचार विमर्श किया गया। प्रत्येक बूथ स्तर पर कमेटी गठन करने और इसका सफल संचालन के लिए पंचायत अध्यक्ष का चुनाव किया गया। जिसमें पंचायत अध्यक्ष के रूप में महेंद्र यादव तथा सचेतक सर्जन यादव को बनाया गया। उपस्थित अतिथियों द्वारा नवनिर्वाचित अध्यक्ष और सचेतक को माला पहनकर स्वागत किया गया तथा मिठाईयां बांटी गयी। बैठक में प्रखंड अध्यक्ष अशोक कुमार यादव, मंत्री प्रतिनिधि देव लाल यादव, भगवान यादव, सजन यादव, महेंद्र यादव, अवधेश यादव, अशोक यादव, रामदेव यादव, अर्जुन यादव, टुनी चौधरी, अरविंद चौधरी, विपिन यादव, विजय यादव, अखिलेश यादव सहित काफी संख्या में लोग शामिल थे।

## साइबर अपराधियों ने प्रखंड पंचायत समिति और मुखिया फंड की राशि निकाली

**पतरातू (आजाद सिपाही)।** साइबर अपराधियों ने पतरातू प्रखंड पंचायत समिति और मुखिया फंड की राशि अकाउंट हैक कर निकाल ली है। बताया जा रहा है कि साइबर अपराधियों ने अकाउंट हैक कर लगभग 20 लाख से अधिक की निकासी की है। जो जांच का विषय है। जिस पंचायत के अकाउंट को हैक कर निकासी की गयी है उसमें बारिडीह, देवरिया, लादी, चिकोर, पाली, कंडेर, पीरी, शामिल है। जानकारी के अनुसार किसी अन्य के द्वारा पैसे की निकासी की सूचना जब पंचायत सचिव को मिली तो उन्होंने फौरन मामले से प्रखंड विकास पदाधिकारी को अवगत कराया। प्रखंड विकास पदाधिकारी मनोज कुमार गुप्ता ने मामले से अवगत होने के बाद तत्काल इसकी सूचना पतरातू थाना को दी। साथ ही बैंक प्रबंधकों से मिलकर उन सभी अकाउंट्स को बंद करवाया जिससे पैसे की निकासी हो रही थी। बताया जा रहा है कि अब तक हैकर्स द्वारा लगभग 20 लाख से ऊपर की निकासी कर ली गयी है। इस संबंध में प्रखंड विकास पदाधिकारी मनोज कुमार गुप्ता ने बताया कि कोलकाता के एक एटीएम का इस्तेमाल कर हैक किए गए अकाउंट से पैसे की निकासी की गयी है। स्टेटमेंट प्राप्त होने के बाद ही बताया जा सकता है कि कितने रुपए की निकासी की गयी है। फिलहाल मामले की जांच पड़ताल की जा रही है।

## किसान बेरोजगार संघर्ष मोर्चा के संयोजक ने किया जनसभा का आयोजन

# रामगढ़ विधानसभा में जनता बदलाव के मूड में: पंकज




**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गोला।** रामगढ़ विधानसभा में जनता बदलाव के मुंड में है। इस बार यहां की जनता बड़े बड़े पार्टी के लोगों को सबक सिखाने का मूड बना चुकी है। उक्त बातें किसान बेरोजगार संघर्ष मोर्चा के प्रदेश संयोजन पंकज महतो ने रकुवा में आयोजित पंचायत कमिटी गठित कार्यक्रम के दौरान कही। कार्यक्रम की अध्यक्षता गोला प्रखंड प्रभारी संतोष पांडे व संचालन बसंत तुरी ने किया। आगे कहा कि 23 वर्षों से झारखंड को सभी राजनीतिक दलों ने लूटने का काम किया। खास कर रामगढ़ विधानसभा में आजसू व कांग्रेस दोनो ने जनता को धोखा दिया। सिर्फ अपनी तिजोरी भरने का काम किया। पूर्व मंत्री चंद्र प्रकाश चौधरी ने भू राजस्व मंत्री रहते जल, जंगल, जमीन की लूट की और वर्तमान हेमंत सरकार झूठे वादे कर जनता को गुमराह किया। जनता सब कुछ समझ रही है। आशा भरी निगाहों से किसान बेरोजगार संघर्ष मोर्चा की ओर देख रही है। सर्व समिति से रकुवा पंचायत कैलाश तुरी सचिव लक्ष्मण तुरी, कोषाध्यक्ष किशोर सिंह, उपाध्यक्ष सोनी देवी को चुना गया। सदस्य के रूप में भागीरथ विश्वकर्मा, रोहित करमाली, प्रेम शंकर सिंह, गोविंद करमाली, काली नाथ महतो को बनाया गया। आगामी 4 जनवरी से परिवर्तन यात्रा की तैयारी को लेकर भी चर्चा की गयी। मौके पर सतीश चंद्र मंडल, जिलानी खान, कोलेश्वर कुशवाहा आदि उपस्थित थे।

### मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी सह सचिव मंत्रिमंडल ने किया क्षेत्रों का निरीक्षण



**गोला (आजाद सिपाही)।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी सह सचिव मंत्रिमंडल निर्वाचन विभाग रांची के रवि कुमार के द्वारा शुक्रवार को गोला प्रखण्ड का दौरा किया गया। इस दौरान उन्होंने जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त चंदन कुमार के साथ रामगढ़ क्षेत्र के विभिन्न मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। मौके पर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के द्वारा मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत किये गये कार्यों का सुपर चेक किया गया। वहीं उन्होंने निर्वाचन संबंधित प्रपत्र 7, 6 व 8 आदि की जांच करते हुए महत्वपूर्ण निर्देश दिये। मौके पर उन्होंने उपस्थित अधिकारियों व निर्वाचन संबंधित कर्मियों को प्रत्येक योग्य मतदाता का नाम मतदाता सूची में जोड़ना सुनिश्चित करने व मतदाताओं को अपने मताधिकार का प्रयोग करने के प्रति जागरूक करने का निर्देश दिया। इस दौरान निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी 23 रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र सह अनुमंडल पदाधिकारी, उप निर्वाचन पदाधिकारी, संबंधित प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारियों सहित अन्य उपस्थित थे।

## कुजू में विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम



**कुजू (आजाद सिपाही)।** कुजू में भाजपाइयों ने विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिलाध्यक्ष प्रवीण मेहता मौजूद रहे। इस दौरान वक्ताओं ने केंद्र सरकार और पीएम नरेंद्र मोदी के विकसित भारत संकल्प यात्रा के बारे में मौजूद लोगों को विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी। साथ ही, योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना ही एक मात्र उद्देश्य बताया। वही, 2047 तक भारत को विकसित व आत्मनिर्भर बनाने की शपथ ली। इस अवसर पर रंजीत सिन्हा, संजय शाह, अशोक कुमार, तोकेश सिंह, रवि साहू, दासो महतो, श्रवण सिंह, राजू करमाली, मुखिया ललिता देवी, उप मुखिया नीलम कुमारी, निर्मल करमाली, सूरज महतो, महेश महतो, राजेश प्रसाद, मिथिलेश मेहता, फूलेश्वर साव, अमर प्रभात समेत कई लोग शामिल रहे।

## दुर्गी पंचायत में बांटे गये कंबल



**बरकाकाना (आजाद सिपाही)।** बढ़ते ठंड को देखते हुए दुर्गी पंचायत में कंबल बितरण कार्यक्रम आयोजित की गयी। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि दुर्गी पंचायत के मुखिया मो मोकीम आलम व विशिष्ट अतिथि पंचायत समिति सदस्य फरीद अंसारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान जरूरतमंद लोगों के बीच सैकड़ों कंबल बाटे गये। दुर्गी पंचायत मुखिया मोकिम आलम ने बताया पतरातू प्रखंड और मां छिन्मस्तिका सीमेंट एंड स्टील प्लांट के सहयोग से प्राप्त कंबल का बितरण किया गया। उन्होंने बताया कि शीतलहर को ध्यान में रखते हुए आगे भी जरूरतमंद लोगों के बीच कंबल व अन्य चीजों को मुहैया कराया जायेगा। मौके पर दुर्गी पंचायत के उप मुखिया जमीला खातून, वार्ड सदस्य, मो. एहसान, मो. ताज, वार्ड सदस्य प्रतिनिधि अब्दुल समद, जितेंद्र मुंडा, अखिलेश महतो, उमेश महतो, चंपा देवी, तरन्नुम निशा, जालिमुन निशा, गीता देवी, फुलवा देवी, केत्री देवी, एलुमन निशा, अख्तरी खातून, सहदेव राम, जियारत हुसैन, महताब आलम, बालेश्वर महतो, धनु महतो, सुरती देवी, हसीना बानो, मनको देवी, तेतरी देवी, आबिद हुसैन, फातिमा खातून, ऐनल हक, संजीत देवी, शीतली देवी, तेतरी देवी, नसीमा खातून, मालती देवी, रकीबुल निशा, हसीना बानो, गुलशन खातून, कुलसुम अख्तरी, शोभा देवी, चंपा देवी सहित सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित रहे।

# बलजीत सिंह बेदी ने जिला उपाध्यक्ष अनिल सिंह को सौंपा मनोनयन पत्र

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**भुरकुंडा।** सौंदा डी स्थित पार्टी कार्यालय में शुक्रवार को स्वागत सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कांग्रेस के झारखंड प्रदेश महासचिव बलजीत सिंह बेदी ने कांग्रेस पार्टी के नवमनोनित रामगढ़ जिला उपाध्यक्ष अनिल सिंह को मनोनयन पत्र देकर बधाई दी। उन्होंने बताया कि पार्टी के प्रति निष्ठा, समर्पण, लगन व बेहतर क्रियाकलापों को देखते हुए कांग्रेस कमेटी के रामगढ़ जिला अध्यक्ष मुन्ना पासवान ने अनिल सिंह को जिला उपाध्यक्ष मनोनित किया है। साथ ही आशा व्यक्त




की है की अनिल सिंह अपने दायित्वों का निर्वाहन पूरी निष्ठा के साथ करेंगे। मौके पर कांग्रेस कार्यकताओं ने अनिल सिंह का जोरदार स्वागत करते हुए फूल मालाकर पहनाकर सम्मानित किया। साथ ही मिठाई खिलाकर बधाई दी। इधर मनोनयन पत्र मिलने के बाद जिला उपाध्यक्ष अनिल सिंह ने कहा कि जिस उम्मीद व विश्वास के साथ मुझे यह कार्यभार सौंपा गया है उसका ईमानदारी पूर्वक निर्वाहन करना मेरी पहली प्राथमिकता होगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के नीति-सिद्धांतों को जन-जन तक पहुंचाते हुए समाजहित में कार्य करूंगा। अनिल सिंह के जिला उपाध्यक्ष बनने पर प्रवीर चटर्जी, युवा कांग्रेस के बड़कागांव विधानसभा अध्यक्ष जयंत तुरी, सुरेश यादव, दिनेश कुमार, अलिइमाम, कालिका प्रसाद, राजेंद्र मुंडा, प्रिंस कुमार, रामवृक्ष कुमार, बांका विश्वकर्मा, कौशल सिंह, साबिरा खातुन, अजोय सिंह, दिलीप जयसवाल, खुर्शीद कुरैसी, तुलसी भंइया, शिवपूजन, विनोद कुमार, बबलू कुमार, रवि कुमार सहित दर्जनों कांग्रेसियों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

# कोहरे की चादर से लिपटा रामगढ़

## वाहन परिचालन में हुई परेशानी

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रामगढ़।** सर्दियों के मौसम में अब तक का वातावरण तो खुशनुमा था, लेकिन शुक्रवार की सुबह जब लोगों की नींद खुली तो उन्होंने पूरे रामगढ़ को कोहरे के चादर से लिपटा हुआ पाया। सुबह से कोहरे में ढंका हुए इस शहर लोगों को पहले तो अपनी और आकर्षित किया, लेकिन इस दौरान वाहन परिचालन में लोगों को खासी परेशानी हुई। विजिबिलिटी कम होने के कारण गाड़ियां अपनी पार्किंग लाइट जला कर चलती हुई देखी गयी। सबसे अधिक मनोरम दृश्य रामगढ़ के चुटूपालू घाटी और



पतरातू घाटी का था। कोहरे से लिपटा हुआ यह जिला सर्दियों के इस खुशनुमा मौसम में अपनी इठलाती हुई झलक को दिखला रहा था। आम नागरिक इस दौरान घाटियों का आनंद लेने निकले, तो कुछ लोग रेलवे ट्रैक और घाटियों में सेल्फी लेते हुए नजर आये। रामगढ़ बस स्टैंड में पहुंचे वाहन चालकों ने बताया कि रांची से खुली बस को रामगढ़ पहुंचने में अमूमन 1 घंटे का समय सुबह में लगता है। लेकिन कोहरे की वजह से उन्हें लगभग पौने दो घंटे लगे। इसके अलावा लोकल ट्रेकर और छोटी गाड़ियों के चालकों ने भी वाहन परिचालन में हुई परेशानी को परिलक्षित किया। रामगढ़ शहर में सब्जी विक्रेता हो, या फल विक्रेता। हर कोई इस कोहरे के कारण परेशान दिखा। आम नागरिक तो घर से बाहर निकले ही नहीं। मौसम विभाग के अनुसार अगले 4 दिनों तक तापमान में गिरावट नजर आयेगी। मिनिमम तापमान रामगढ़ जिले में 9 डिग्री सेल्सियस रहने की संभावना है। इस दौरान सुबह-सुबह घने कोहरे के कारण लोगों को परेशानी होगी। लेकिन पिकनिक मनाने वाले लोगों को इसका आनंद मिलेगा।

## जवाहर नगर पंचायत में ग्रामसभा का आयोजन



**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** पीरामल फाउंडेशन के तत्वावधान में शुक्रवार को जवाहर नगर पंचायत सचिवालय में सबकी योजना सबका विकास के अंतर्गत विशेष ग्रामसभा का आयोजन किया गया। इसकी अध्यक्षता जवाहर नगर पंचायत की मुखिया फुलमती देवी व संचालन उपमुखिया सुष्मिता सिन्हा ने की। ग्रामसभा में पीरामज फाउंडेशन की फेलो निशा वर्मा ने ग्रामीणों के समस्याओं और गांव की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए सर्वसम्मति से 9 एलएसडीजी थीम में से एक थीम का चुनाव किया। साथ ही ग्राम पंचायत विकास योजना के अंतर्गत ग्राम पंचायत योजना सहयोग दल का गठन किया गया। इसके अलावा 8 अन्य पंचायत समिति का भी गठन किया गया। मौके पर निशा वर्मा ने बताया की लगातार तीन दिन से मुखिया के परामर्श से ग्रामसभा का आयोजन किया जा रहा था। मौके पर सरिता देवी, जितनी देवी, खुशबू कुमारी, अनिता देवी, महिला समूह की श्वेता सिन्हा, मानसी मुर्मू, शिवानी देवी, रूपाली सरकार, कलावती देवी, रंजना देवी, राखी देवी, पूजा देवी, सनी देवी, सुलेखा देवी, उर्वसी देवी, पानमती देवी, अंजू देवी, अनिता देवी, बसंती देवी, श्याम कुमार सहित दर्जनों महिलाएं मौजूद थीं।

# एआइ के लिए बने अलग मंत्रालय

आजकल दुनिया भर में आर्टिफिशल इंटेलिजेंस (एआइ) से बनती उम्मीदों और आशंकाओं का ग्राफ जिस तेजी से चढ़ता जा रहा है, उससे साफ है कि अपने देश में भी इसके लिए अलग से एक मंत्रालय गठित करने का वक्त आ गया है। इसके अलग-अलग पहलुओं की पड़ताल करते हुए इस जरूरत की अहमियत को बेहतर ढंग से महसूस किया जा सकता है। आम लोगों की रोजमर्रा की जिंदगी में एआइ का बढ़ता दखल इस बात का सबूत है कि लोग इससे अच्छे-बुरे ढंग से प्रभावित हो रहे हैं। ऐसे में एआइ को जिम्मेदार बनाने की जरूरत है। ध्यान रखने की बात यह है कि इस दिशा में विधायिका, कार्यपालिका और न्यायपालिका के प्रयास आम लोगों की आकांक्षाओं और आशंकाओं के अनुरूप होने चाहिए। एक स्वतंत्र और समर्पित मंत्रालय नये बनते कानूनों की कमियां दूर करते हुए इस प्रक्रिया को आसान बना सकता है। एक अहम पहलू सामरिक क्षेत्रों में एआइ के इस्तेमाल का है। दूसरे देशों या नॉन स्टेट ऐक्टरों की अवांछित गतिविधियों से बचाव का काम सरकार के ही निर्देशन में चल सकता है। अलग मंत्रालय से न केवल इस कार्य को ज्यादा तवज्जो मिल सकेगी, बल्कि इससे टेक्नॉलजी के विकास के अनुकूल माहौल बनाने में भी मदद मिलेगी। इसी से भविष्य में जेनरेटिव एआइ से भी ज्यादा ताकतवर तकनीक की संभावनाएं भी मजबूत होंगी। तकनीक के नये चरण का विकास कितना नाजुक मसला है, यह यूएइ के एआइ मामलों के मंत्री उमर अल ओलामा की बातों से साफ होता है। वह बताते हैं कि कैसे टेक्नोलॉजी से डर और प्रिंटिंग प्रेस के ओवर रेग्युलेशन ने पश्चिम एशिया को करीब 200 वर्षों तक इस फील्ड में स्वस्थ प्रतिस्पर्धा से दूर रखा। यह बात भी है कि एआइ का गैर-जिम्मेदाराना इस्तेमाल कई तरह के खतरों को जन्म दे रहा है, जो आखिरकार अककी ग्रोथ की रफ्तार को भी प्रभावित करेगा। ध्यान रहे, टेक्नॉलजी डिवेलपर्स हों या उनके क्लाइंट्स, इन दोनों का आचरण नैतिक बना रहे यह सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी सरकार की ही होती है। अभी एआइ को लेकर सरकार के रेस्पॉन्स की अगुआई नीति आयोग कर रहा है। चाहे नयी टेक्नॉलजी को टेस्ट करने की बात हो या उसके लिए अनुकूल इकोसिस्टम बनाने की, दोनों काम उसी के जिम्मे हैं, लेकिन ये दोनों काम बेहतर ढंग से अंजाम दिये जा सकते हैं, अगर एक स्वतंत्र मंत्रालय के सुपुर्द कर दिये जायें, जहां न केवल एक निश्चित बजट होगा, बल्कि ज्यादा लोग भी जुड़े होंगे। समझना होगा कि भारत जैसी बड़ी इकॉनमी वाले देश में एआइ के लिए एक निर्धारित रास्ता सुनिश्चित करने की जरूरत है और इस काम को अंजाम देने वाली संरचना जितनी जल्दी बना दी जाये, भविष्य के दुष्परिणामों को रोकना उतना आसान होगा।

**आम लोगों की रोजमर्रा की जिंदगी में एआइ का बढ़ता दखल इस बात का सबूत है कि लोग इससे अच्छे-बुरे ढंग से प्रभावित हो रहे हैं। ऐसे में एआइ को जिम्मेदार बनाने की जरूरत है।**

अभिमत
आजाद सिपाही

**पाकिस्तान की वर्तमान आर्थिक स्थिति क्या है? कंगाली की चौखट पर पहुंचा पाकिस्तान गले तक कर्ज में डूबा हुआ है। पुराना कर्ज चुकाने के लिए या तो उसे नया कर्ज लेना पड़ रहा है या फिर अपने नागरिकों पर इसका बोझ कभी तेल की कीमतों को बढ़ा कर, तो कभी बिजली की दरों में वृद्धि करनी पड़ रही है। स्थिति यह हो गयी है कि खाने-पीने की चीजों के मूल्यों में बढ़ोतरी और गैस की आसमान छूती कीमतों के चलते पाकिस्तान में संवेदनशील मूल्य सूचकांक (एसपीआइ) 42.6 प्रतिशत तक बढ़ गया।**

# आखिर पाकिस्तान बदहाल क्यों है

**बलबीर पुंज**

आखिर पाकिस्तान बदहाल क्यों है? 1947 में खूनी विभाजन के बाद खंडित भारत जहां चांद पर पहुंच गया, वहीं एक चौथाई भारतीय भूखंडों को काट कर बनाया गया पाकिस्तान क्यों इतना पिछड़ गया? आखिर पाकिस्तान इस हाल में कैसे पहुंचा? इसका संकेत पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ की हालिया टिप्पणी में मिल जाता है। बीते दिनों नवाज ने अपने देश में मंडराये आर्थिक संकट के लिए सैन्य प्रतिष्ठान पर निशाना साधते हुए कहा कि नकदी संकट से जूझ रहे देश की परेशानी के लिए न तो भारत जिम्मेदार है और न ही अमेरिका, बल्कि हमने अपने पैरों पर स्वयं कुल्हाड़ी मारी है। इसका निहितार्थ क्या है?

पाकिस्तान की वर्तमान आर्थिक स्थिति क्या है? कंगाली की चौखट पर पहुंचा पाकिस्तान गले तक कर्ज में डूबा हुआ है। पुराना कर्ज चुकाने के लिए या तो उसे नया कर्ज लेना पड़ रहा है या फिर अपने नागरिकों पर इसका बोझ कभी तेल की कीमतों को बढ़ा कर, तो कभी बिजली की दरों में वृद्धि करनी पड़ रही है। स्थिति यह हो गयी है कि खाने-पीने की चीजों के मूल्यों में बढ़ोतरी और गैस की आसमान छूती कीमतों के चलते पाकिस्तान में संवेदनशील मूल्य सूचकांक (एसपीआइ) 42.6 प्रतिशत तक बढ़ गया। पाकिस्तान में चीनी, चाय, चिकन, आटा और चावल सहित अधिकतर आवश्यक वस्तुएं महंगी हो गयी हैं। यह लगातार छठा सप्ताह है, जब साप्ताहिक मुद्रास्फीति सूचकांक 41 प्रतिशत से ऊपर है। बीते दिनों पाकिस्तान में बिजली बिल बढ़ाने पर आम जनता सड़कों पर उतर आयी थी, तब हालात गृह युद्ध जैसे हो गये थे। पाकिस्तान में नकदी किल्लत इतनी विकराल है कि संयुक्त अरब अमीरात (यूएइ) की सरकार ने उसकी तंगहाली पर तरस खाकर मुफ्त में



प्रदूषण से बचने हेतु कृत्रिम वर्षा करवायी। पाकिस्तान की स्थानीय मीडिया रिपोर्ट्स की मानें, तो प्रदूषण से लोगों को मुक्ति दिलाने हेतु पाकिस्तान सरकार ने 35 करोड़ रुपये का अनुमान जताया था।

इस संबंध में पाकिस्तान अपने मित्र चीन की ओर टकटकी लगाये देख रहा था कि वह लाहौर में कृत्रिम बारिश करायेगा, परंतु चीन की बजाय यूएइ ने एक फूटी कौड़ी भी लिए बिना यह काम कर दिया। वास्तव में पाकिस्तान नकारात्मक चिंतन से जनित विफल राष्ट्र है। कहने को यह इस्लाम के नाम पर बना, परंतु इसकी मांग के पीछे इस्लाम के प्रति प्रेम कम, काफिर हिंदुओं-भारत की कुफ्र बहुलतावादी सनातन संस्कृति के प्रति घृणा अधिक थी, जो अब भी व्याप्त है। अपनी इसी मानसिकता के कारण पाकिस्तान, उस साम्राज्यवादी चीन का पिछलग्गू बना हुआ है, जो भारत को अपना एक बड़ा शत्रु समझता है। यह स्थिति तब है, जब विश्व के किसी देश की सरकार द्वारा मुसलमानों का उत्पीड़न करने के मामले में चीन घोषित रूप से कुख्यात है। शिनजियांग में एक करोड़ से अधिक मुस्लिमों का राजकीय दमन इसका उदाहरण है। द्वेष प्रेरित जनमानस को किसी के खिलाफ एकजुट तो कर सकते हैं, परंतु उनके सकारात्मक उद्देश्य की प्राप्ति हेतु भागीदार बनना कठिन है। यह दर्शन उन मूल्यों-जीवनशैली का अंधा-विरोध है, जो भारत को अनादिकाल से परिभाषित करते आये हैं। पाकिस्तान स्वयं को खंडित भारत से अलग, मध्यपूर्व एशिया-खाड़ी देशों से निकट दिखाने हेतु प्रयासरत है। पाकिस्तान में 40 प्रतिशत से अधिक लोगों के पंजाबी भाषी होने के बाद भी विदेशी फारसी भाषा में कौमी तराना (राष्ट्रगान) होना इसका प्रमाण है। वास्तव में, पाकिस्तान उस मूर्ख पड़ोसी की भांति है, जो अपने घर में आग इसलिए लगा लेता है, ताकि उसका पड़ोसी भी धुएं के कारण संकट में आ जाये। एक तो पाकिस्तानी वैचारिक अधिष्ठान की भारत-विरोधी मानसिकता, उस पर इस इस्लामी देश का सत्ता-प्रतिष्ठान (पाकिस्तानी सेना सहित) भारत से 1971 का बदला लेने हेतु हजार घाव देकर मौत के घाट उतारने संबंधित नीति का अनुसरण कर रहा है। वह अपने संसाधनों का बहुत बड़ा हिस्सा प्रशिक्षित आतंकवादियों को तैयार करने पर व्यय कर रहा है।

खालिस्तान के नाम पर सिख अलगाववाद को हवा देना, 1980-90 के दशक से कश्मीर में स्थानीय मुस्लिमों को इस्लाम के नाम पर हिंदुओं-सिखों और भारतपरस्त मुसलमानों की हत्या करने को प्रोत्साहित करना, वर्ष 2001 के संसद जिहादी हमले, 2008 के 26/11 मुंबई आतंकी हमले सहित दर्जनों जेहाद (उदयपुर-अमरावती हत्याकांड सहित) में भूमिका और सीमा पार से आतंकवादियों की घुसपैठ इसका परिणाम है। चूंकि पाकिस्तान ने अपने वैचारिक अधिष्ठान के अनुरूप असंख्य जेहादियों को तैयार किया है, उससे न तो स्थानीय जनमानस सुरक्षित है और न ही निवेशक-उद्यमी। पाकिस्तान ने अपनी वैचारिक कोख से जिन हजारों-लाखों जेहादियों को पैदा किया, वह उसके लिए भी भस्मासुर बन रहे हैं। एक आंकड़े के अनुसार पाकिस्तान द्वारा पनपाये आतंकवाद ने दीन के नाम पर 2002-14 के बीच ही 70,000 पाकिस्तानियों को मौत के घाट उतार दिया।

खंडित भारत में मोदी सरकार आने के बाद जिस प्रकार भारत के सामरिक-रणनीतिक दृष्टिकोण में आमूलचूल परिवर्तन आया है, उससे सीमापार घुसपैठ में भारी गिरावट देखने को मिली है। परिणामस्वरूप, पाकिस्तानी जिहादी अब अपनी शुद्ध-भूमि को और अधिक स्वाह करने में लगे हैं। यूं कहें कि तकनीकी क्रांति के युग में पाकिस्तानी आतंकी भी वर्कफ्रॉम होम में व्यस्त हैं। क्या नवाज शरीफ के कारण भारत-पाकिस्तान के संबंधों में कोई आमूलचूल परिवर्तन आयेगा या फिर पाकिस्तानी सेना का वर्चस्व कम होगा? इसका उत्तर स्पष्ट रूप से न है। सच तो यह है कि जिस पाकिस्तानी सेना पर नवाज अपने मुल्क लौटने के बाद बरस रहे है, उन्हीं की अनुकंपा से नवाज की वतन-वापसी संभव हो पायी है।

यही नहीं, जिन फ्लैगशिप, एवेनफील्ड और अल-अजीजिया स्टील मिल संबंधित भ्रष्टाचार मामलों में नवाज एकाएक बरी हुए हैं, उनकी पटकथा स्वयं पाकिस्तानी सेना ने ही लिखी थी। नवाज, 3 बार 1990-93, 1997-99 और 2013-17 पाकिस्तान के प्रधानमंत्री रहे हैं। सच तो यह है कि नवाज के शासन के दौरान भी पाकिस्तानी सत्ता अधिष्ठान के समर्थन से जेहादियों द्वारा कश्मीर में हिंदुओं का नरसंहार (1991), कारगिल युद्ध (1999) और पठानकोट पर आतंकवादी हमला (2016) हुआ था।

एक बात अमिट है कि पाकिस्तान के वैचारिक अधिष्ठान को जिस काफिर-कुफ्र अवधारणा से प्रेरणा मिलती है, उसमें काफिर भारत-अमरीका से संबंध शांतिपूर्ण करने के विचारों से वहां न तो कोई राजनीतिक दल प्रासंगिक रह सकता है और न ही एक राष्ट्र के रूप में पाकिस्तान अधिक समय तक जिंदा रह सकता है।

**आतंकवाद ने दीन के नाम पर 2002-14 के बीच ही 70,000 पाकिस्तानियों को मौत के घाट उतार दिया।**

## जमशेदपुर की खबरें

# झामुमो विधायकों ने स्वर्गीय श्यामापदो महतो की पत्नी को सौंपी एक लाख की सहयोग राशि

**विधायक ने हर संभव सहयोग का दिया आश्वासन**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**जमशेदपुर।** बीते दिनों झारखंड के आयोग द्वारा चिन्हित आंदोलनकारी सह झामुमो के प्रखण्ड बीस सुत्री अध्यक्ष सह प्रखंड अध्यक्ष रहे श्यामापदो महतो का निधन होगया। बोड़ाम के रहने वाले झामुमो के पदधारी सक्रिय सदस्य रहे श्यामापदो महतो का निधन से झामुमो में शोक का लहर है। स्वर्गीय श्यामापदो महतो आंदोलनकारी नेता रहे। वे झामुमो का पदधारी सक्रिय सदस्य भी रहे। उन्होंने अपने कार्यकाल में पटमदा बोड़ाम क्षेत्र के जरूरतमंद लोगों के सेवा में हर संभव तत्पर रहते थे। पूर्वी सिंहभूम जिले में झामुमो के एक कर्मठ व झुझारू नेता का अचानक चले जाने से सभी ने दुःखद प्रकट की। शुक्रवार को झामुमो जिला अध्यक्ष सह घाटशिला विधायक रामदास सोरेम, जुगसलाई विधायक मंगल कालिंदी, बहरागोड़ा विधायक समीर महंती सहित झामुमो नेताओं ने मृतक के बोड़ाम स्थित आवास पहुंचे। जहां दुःखद प्रकट करते हुए मृतक के पत्नी को एक लाख का सहयोग राशि और श्राद्ध कर्म के लिए कच्चा राशन सौंपा। वहीं विधायकों ने मृतक के परिजनों को हर संभव सहयोग करने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर वीर सिंह सुरेन, मनोज यादव, योगेन्द्र कुमार निराला, जिला उपाध्यक्ष सागेन पुरती, बाघराय मार्डी, पिन्टु दता, अरूण प्रसाद, प्रीतम हेंब्रम, नंटु सरकार, श्यामल रंजन सरकार, जुगल किशोर मुखी, अजय रजक, सुकुमार बेसरा, धीरेन मार्डी, राजा सिंह, उमानाथ झा, प्रीतम सहित सैकड़ो झामुमो समर्थक शामिल रहे।

## विधायक के समक्ष घोड़ाबांधा की महिलाओं ने थामा झामुमो का दामन

# समाज के विकास में महिलाओं की भूमिका अहम : मंगल कालिंदी

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**जमशेदपुर।** पूर्वी सिंहभूम जिले के जुगसलाई विधानसभा स्थित घोराबांधा में झारखंड मुक्ति मोर्चा का कार्यकर्ता मिलन समारोह का आयोजन किया गया। शुक्रवार को घोराबांधा के फॉरेस्ट गेस्ट हाउस में मिलान समारोह में मुख्य अतिथि जुगसलाई विधायक मंगल कालिंदी शामिल हुए। मौके पर राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और क्षेत्र के विधायक मंगल कालिंदी के कार्यकाल मे संतुष्टि जताते हुए सैकड़ों महिलाओं ने विधायक के समक्ष झारखंड मुक्ति मोर्चा का दामन थामा। मौके पर विधायक मंगल कालिंदी ने कहा झारखंड की महिलाएं अपने आत्मबल, विश्वास और कार्यशैली से अपने मुकाम पर पहुंच रही हैं। हेमंत सरकार महिलाओं के साथ कदम से कदम मिलाकर चलने को संकल्पित है। राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने महिला शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना लागू किया। किसी भी समाज के विकास के लिए महिलाओं की भूमिका अहम है। झामुमो में शामिल हुए महिलाओं में नेहा गोराई, कल्पना महतो, रानी महतो, कबिता महतो, मीनू महतो पीयू मौलिक, पुजा शर्मा, सीमा महतो, सरला महतो, निर्मला सिंह सरदार, गीता गोराई, धात्रीति महतो, नीलम सहित अन्य शामिल है। मौके पर मानिक मल्लिक, संजय सिंह, मिलन मजूमदार, विक्रम, रामु गोराई, बिनीत, राहुल, प्रकाश सहाय, आकाश सहित सैकड़ो झारखंड मुक्ति मोर्चा के समर्थक कार्यकर्ता शामिल रहे।

# वरदान मऊभंडार बना 29वें बासुकी सिंह क्रिकेट टूर्नामेंट का चैंपियन

**एचसीएल के डायरेक्टर संजय पंजियार ने विजेता वरदान मऊभंडार को डेढ़ लाख और उप विजेता फाइटर घाटशिला को एक लाख रुपये से किया पुरस्कृत**

**सेमीफाइनल खेलने वाली दो अन्य टीम मेधांश लीजेंड्स घाटशिला और एवरेस्ट मुसाबनी को मिला 40-40 हजार रुपये और ट्रॉफी**

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**घाटशिला।** एचसीएल-आईसीसी प्रायोजित 29वें बासुकी सिंह मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट के फाइनल में वरदान मऊभंडार ने फाइटर इलेवन घाटशिला को 14 रन से हराकर खिताब अपने नाम कर लिया। मऊभंडार स्पोर्ट्स क्लब ग्राउंड में खेले गए फाइनल में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी वरदान मऊभंडार ने 9.5 ओवर में अपने सभी विकेट खोकर 71 रन बनाएं। बल्लेबाज विजय वर्मा ने एक छक्का और दो चौकों की मदद से सर्वाधिक 20 रन और काका ने एक छक्का की मदद से 13 रन बनाएं। विपक्षी टीम की ओर से कप्तान मोंटी ने दो ओवर में मात्र चार रन देकर 5 विकेट और मिंकू ने सात रन देकर 3 विकेट लिए। जवाबी पारी खेलने उतरी फाइटर इलेवन घाटशिला की पूरी टीम 9.5 ओवर में मात्र 57 रन बनाकर ही ढ़ेर हो गयी। घाटशिला की ओर से बापी ग्वाला ने तीन छक्कों की मदद से 28 रन और छोटू खान ने 11 रन बनाकर संघर्ष जरूर किया लेकिन टीम को जीत नहीं दिला सकें। मऊभंडार की ओर से तपिश ने 4 और मुन्ना ने 2 विकेट हासिल किया। फाइटर घाटशिला के मोंटी को मैन ऑफ द मैच घोषित किया गया।

एचसीएल के डायरेक्टर (ऑपरेशन) संजय पंजियार ने विजेता वरदान मऊभंडार को डेढ़ लाख रुपये और ट्रॉफी तथा उप-विजेता फाइटर इलेवन घाटशिला को एक लाख रुपये और ट्रॉफी प्रदान कर पुरस्कृत किया। टूर्नामेंट की दो अन्य सेमीफाइनल खेलने वाली मेधांश लीजेंड्स जमशेदपुर और एवरेस्ट इलेवन-वन मुसाबनी को 40-40 हजार रुपये और ट्रॉफी प्रदान किया गया।

एफसीसी केंदाडीह को मिला फेयर प्ले ट्रॉफी का अवार्ड, मंजीत बने प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट

29वें बासुकी सिंह मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट के मैन ऑफ द टूनार्मेंट का पुरस्कार मेधांश लीजेंड्स जमशेदपुर के मंजीत को मिला। मंजीत ने टूनार्मेंट में कुल 170 रन बनाने के साथ तीन विकेट भी लिया। फेयर प्ले ट्रॉफी एफसीसी केंदाडीह को मिला। बेस्ट बैट्समैन का पुरस्कार भी मेधांश लीजेंड्स के मंजीत को मिला। सर्वाधिक रन एक पारी (108) और सर्वाधिक सिक्सर (17) के लिए एवरेस्ट इलेवन वन मुसाबनी के मन्ना को पुरस्कृत किया गया। बेस्ट बॉलर के लिए वरदान मऊभंडार के तपिश पुरस्कृत किये गये, जिन्होंने पूरे टूर्नामेंट में कुल 10 विकेट लिए। पहले एवं दूसरे सेमीफाइनल के लिए मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार वरदान मऊभंडार के पप्पू और फाइटर घाटशिला के करण अंबाला को मिला। इसी तरह, पहले, दूसरे, तीसरे और चौथे क्वार्टर फाइनल के लिए वरदान मऊभण्डार के विजय वर्मा, एवरेस्ट मुसाबनी के रोहित चंडीगढ़, फाइटर घाटशिला के पिकाचु तथा मेधांश लीजेंड्स के मंजीत पुरस्कृत किये गए। दिवंगत मजदूर नेता बासुकी सिंह को श्रद्धांजलि भी अर्पित की गई। इस अवसर पर एचसीएल के डायरेक्टर (माइंस) संजीव कुमार सिंह, एसडीपीओ कुलदीप टोप्पो, स्व बासुकी सिंह की पत्नी इंदू देवी, आईसीसी के जीएम श्याम सुंदर सेठी, डीजीएम श्रवण झा, दीपक श्रीवास्तव, एजीएम जेपी मिश्रा, एके गुप्ता, डॉ डीडी बर्मन, चीफ मैनेजर अश्विनी कुमार, अर्जुन लोहरा, ओपी प्रभारी रोहित कुमार, सांसद प्रतिनिधि दिनेश साव, यूनियन अध्यक्ष बीएन सिंहदेव, महासचिव ओमप्रकाश सिंह, एनके राय, जयंत उपाध्याय, शक्ति प्रसाद धल, पंसस विजय पांडेय, उप मुखिया रूपेश दूबे समेत कई अन्य उपस्थित थे।

# हेमंत सरकार के 4 साल: हर्ष का माहौल

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**जमशेदपुर।** झारखंड में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का 4 साल पूरे होने पर झामुमो में हर्ष का माहौल है। शुक्रवार को झारखंड महिला एकता कल्याण समिति की अध्यक्ष श्रीमती शंकरी देवी के नेतृत्व में सैकड़ो झामुमो महिला नेत्री व कार्यकताओं ने केक काटकर खुशी मनाया।

मौके पर साकची गोल चक्कर में सैकड़ो झामुमो समर्थकों ने 4 साल बेमिसाल का नारा लगाते हुए केक काटकर लोगों के बीच वितरण किया। इस अवसर पर झामुमो के वरिष्ट नेता प्रमोद लाल ने कहा हेमंत सरकार में सरकारी योजना धरातल पर दिखने से झारखंड की जनता अपने को खुशहाल महसूस कर रही है। कार्यक्रम के दौरान झारखंड महिला एकता कल्याण समिति की दलजीत कौर, राधा महतो, अनुराधा महतो, जयंती देवी, सुनीता महतो, लक्ष्मी देवी सहित काफी संख्या मे झारखंड महिला एकता कल्याण समिति की महिलाएं उपस्थित रही।

# मोदी को तीसरी बार पीएम बनाने की अपील

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**गम्हरिया।** भारतीय जनता पार्टी के आदिवासी नेता रमेश हांसदा शुक्रवार को ग्राम प्रवास में निकले। मौके पर उन्होंने पोटका पंचायत के कई गांव का दौरा किया। इस अवसर पर ग्रामीणों को आने वाले लोकसभा चुनाव में नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने की अपील की। रमेश हांसदा ने तेलाई से पोटका पंचायत मुख्यालय तक जाने वाले जर्जर सड़क को लेकर दुख प्रकट की। स्थानीय विधायक सह मंत्री चंपई सोरेन को विकाश से कोई लेना देना नहीं है। लोग त्राहिमाम हैं। घर घर नल योजना भी अधूरा ही बना है। लोग तालाब के भरोसे रह रहे हैं। भाजपा नेता रमेश हांसदा ने पांचवे पहुंच पथ बनाने के लिए डीसी से आग्रह किया। रमेश हांसदा ने कहा आने वाले दिनों में हेमंत सोरेन की सरकार को उखाड़ फेकना है।

# अबुआ आवास योजना उगाही का धंधा बन गयी : सत्येंद्रनाथ

**डीसी से मिलने के बाद मीडिया से बात की, कहा : जल्द ही जनआंदोलन के लिए बाध्य होंगे**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** शुक्रवार को भाजपा के पूर्व विधायक सत्येन्द्रनाथ तिवारी ने गढ़वा-रंका विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न समस्याओं को लेकर डीसी से मिले। डीसी से मिलने के बाद मीडिया से बात करते हुए पूर्व विधायक ने कहा कि राज्य सरकार व जिला प्रशासन को बालू का लीगल घाट शुरू होने तक ट्रैक्टर वालों के लिए शत-प्रतिशत बालू फ्री करना चाहिए। मंत्री को इस तरह की व्यवस्था लागू करने के लिए कैबिनेट से प्रस्ताव पारित कराना चाहिए। इससे लोगों को कम दर पर बालू की उपलब्धता होने लगेगी। उन्होंने कहा कि वर्तमान में लोगों को पांच से छह हजार रूपये प्रति ट्रैक्टर की दर से बालू मिल रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि सभी ट्रैक्टर वालों से बालू के कार्य में रात भर ट्रैक्टर चलाने के एवज में मंत्री को 25 सौ रूपए देना पड़ता है। 25 सौ रूपये जमा करने के बाद ट्रैक्टर वाले रात भर बालू में ट्रैक्टर चलाते है। अधिक ट्रीप करने को लेकर ट्रैक्टर का स्पीड अधिक होता है। जिससे लगातार दुर्घटनाएं हो रही है। उन्होंने कहा कि अगर बालू के कार्य में मंत्री की ओर से वसूले जा रहे राशि बंद हो जाएं, तो लोगों को प्रति ट्रैक्टर एक हजार रूपये में बालू उपलब्ध होने लगेगा। उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार चार वर्ष पूरा होने पर उत्सव मना रही है। जबकि राज्य सरकार ने अपना एक भी वायदा को पूरा नहीं कर पायी। उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार ने पढ़े-लिखे बेरोजगार युवकों को प्रत्येक माह पांच और सात हजार बेरोजगारी भत्ता, प्रत्येक महिलाओं को हर माह दो हजार चूल्हा खर्चा, लोगों को तीन कमरा का पक्का मकान देने का वायदा किया था। जिसमें एक भी काम पूरा नही किया। उन्होंने कहा कि पिछले चार सालों में मंत्री गढ़वा विधानसभा क्षेत्र के लोगों का शोषण कर रहे है। गरीबों का गैरमजरूआ जमीन को खुलेआम लूटा जा रहा है। क्षेत्र में ऐसे सैकड़ों मामला है, जिस गैरमजरूआ जमीन पर पिछड़ा, दलित और आदिवासी सैकड़ो वर्ष से अपना जीवन बसर कर रहे है। उक्त जमीन पर ठेकेदारी के लिए गरीबों को उजाड़ने की भरपूर साजिश की जा रही है। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन अविलंब उक्त समस्याओं पर त्वरित कार्रवाई नहीं करती है, तो वह जल्द ही जनआंदोलन के लिए बाध्य होंगे।

## महाराष्ट्र के राज्यपाल रमेश वैश्य को पूर्व मंत्री केशरी ने पुस्तक भेंट की

आजाद सिपाही संवाददाता



**श्री बंशीधर नगर।** महाराष्ट्र के महामहिम राज्यपाल रमेश वैश्य से मुंबई राजभवन में मिलकर पूर्वमंत्री सह भाजपा नेता रामचन्द्र केशरी तथा उनके बड़े पुत्र भाजपा नेता विजय कुमार केशरी ने अपनी पुस्तक 'सड़क से सदन तक' और बुके भेंट किया। उन्होंने बताया कि महामहिम राज्यपाल ने सड़क से सदन तक पुस्तक की एक एक पन्ने को देखकर प्रशंसा किया। उक्त पुस्तक में महामहिम राज्यपाल रमेश वैश्य का शुभकामना संदेश भी अंकित है। श्री केशरी ने बताया कि राज्यपाल महोदय को बाबा बंशीधर का दर्शन हेतु श्री बंशीधर नगर आने का आग्रह किया है।

## डीलर संघ ने कार्यों का बहिष्कार करते हुए 1 जनवरी से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने का निर्णय लिया



विशुनपुरा (आजाद सिपाही)। ऑल इंडिया फेयर प्राइस शॉप डीलर्स फेडरेशन के आह्वान पर विशुनपुरा प्रखंड डीलर संघ ने कार्यों का बहिष्कार करते हुए केंद्र सरकार के विरुद्ध एक जनवरी से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने का निर्णय लिया है। हड़ताल को लेकर डीलर संघ ने विशुनपुरा प्रखंड आपूर्ति सहायक अमल कुमार सिंह को ज्ञापन सौंपा है। इधर विशुनपुरा डीलर संघ के अध्यक्ष शिवबचन प्रसाद यादव ने कहा कि करोना काल का कमीशन, अनुकंपा, पॉस मशीन टू जी से फोर जी किया जाय पांच परसेंट सौटेज अनाज दिया जाय जैसी मांग को लेकर 1 जनवरी से विशुनपुरा प्रखंड के सभी जन वितरण प्रणाली की दुकानें अनिश्चितकाल के लिए बंद रहेगी। हमारे मांगे पूरी हो जाने पर पुनः सभी डीलर पूर्व की भांति राशन का वितरण करेंगे। मौके पर मुख्य रूप कामख्या नारायण सिंह, नवल किशोर गुप्ता, आफताब आलम, मनोज रवि, नवीन, दिनेश प्रसाद आदि मौजूद थे।

## नाबालिग लड़की को भगाने के आरोप में युवक गया जेल

केतार (आजाद सिपाही)। थाना क्षेत्र के नावाडीह निवासी ललन कुमार रजक पिता रामेश्वर बैठा सिंहपुर की नाबालिक लड़की को बहला फुसलाकर भगा ले जाने का आरोप में केतार पुलिस ने अभियुक्त को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा दिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार नाबालिक लड़की स्नेहा कुमारी (काल्पनिक नाम) को 17 दिसंबर 2023 को उसके घर सिंहपुर से बहला फुसलाकर भगा जाने का आवेदन केतार थाना में दिया गया था।केतार पुलिस तत्वरित कार्रवाई करते हुए अभियुक्त को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।

## गरीब-असहाय के बीच 100 कंबल का वितरण



बंशीधर नगर (आजाद सिपाही)। कांग्रेस पार्टी के स्थापना दिवस के अवसर पर नगर उंटारी 20 सूत्री अध्यक्ष सह गढ़वा जिला कांग्रेस कमेटी के वरीय उपाध्यक्ष शैलेश चौबे के द्वारा कई गांव में घूम-घूम करके गरीब असहाय वृद्धा विधवा विकलांग के बीच 100 कंबल का वितरण किया गया। कंबल वितरण में उन्होंने कहा की गरीब और असहाय की मदद करना कांग्रेस पार्टी की परंपरा रही है ये हमारी सभ्यता और संस्कृति भी है। और ऐसे पुनीत कार्य करने के लिए कांग्रेस पार्टी को दैविक कृपा भी है, इस तरह के कार्यों के कार्य करने के लिए प्रेरणा हमें कांग्रेस पार्टी से ही मिलती है क्योंकि जब से कांग्रेस पार्टी की स्थापना हुई है। मौके पर ओम प्रकाश चौबे, दिलु चौबे उपस्थित थे।

## हनुमान मंदिर में शुक्रवार को अयोध्या राम मंदिर से आया शुभ कलश को रखा गया



हरिहरपुर (आजाद सिपाही)। कांडी प्रखंड के हरिहरपुर गांव स्थित हनुमान मंदिर तथा मझिगावां गांव स्थित श्री संकट मोचन हनुमान मंदिर में शुक्रवार को अयोध्या राम मंदिर से आया शुभ कलश को रखा गया। बजरंग दल के हरिहरपुर पंचायत के संतोष कुमार सिंह तथा बलवंत कुमार सिंह ने बताया कि प्राप्त हुए शुभ कलश को क्षेत्र के सभी मंदिरों में रखा जायेगा। कलश के साथ-साथ अयोध्या स्थित भगवान राम के नवनिर्मित मंदिर का फोटो व मंदिर उद्घाटन का आमंत्रण पत्र भी मंदिर में रखा गया है। श्री संकट मोचन हनुमान मंदिर के महंत ने बताया कि प्रतिदिन संध्या में उक्त कलश की आरती होगी। अरुण मिश्रा ने बताया कि हम कितने सौभाग्यशाली हैं कि इस पुनीत कार्य को करने के लिए हमें मौका मिल रहा है कि हम सभी गांव के मंदिरों में कलश का वितरण करेंगे, साथ ही एक जनवरी से सभी पंचायतों के सभी घरों में अक्षत के साथ उद्घाटन समारोह का आमंत्रण पत्र वितरण किया जायेगा। जिसे 22 जनवरी से पूर्व पूरा कर लिया जायेगा, साथ ही 22 जनवरी को अयोध्या से प्रसारित राम मंदिर उद्घाटन समारोह को सार्वजनिक स्थलों पर एलईडी टीवी के माध्यम से सीधा प्रसारण दिखाया जायेगा। मौके पर मुकेश चौबे, सत्यप्रकाश चौबे, राजेश शर्मा, अनिल ठाकुर सहित कई लोग उपस्थित थे।

## राम साहू स्कूल को पराजित कर ज्ञान निकेतन बेलचंपा क्वार्टर फाइनल में

**जिला अंतर स्कूल क्रिकेट प्रतियोगिता सीनियर वर्ग**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** जिला पब्लिक स्कूल समन्वय समिति के तत्वाधान में खेले जा रहे हैं 22 वीं गढ़वा जिला अंतर स्कूल क्रिकेट प्रतियोगिता के सीनियर वर्ग में ज्ञान निकेतन कॉन्वेंट स्कूल बेलचम्पा की टीम ने राम साहू हाई स्कूल को 20 रनों से हराकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। गोविंद हाई स्कूल के मैदान में 14 दिन बाजार समिति के सचिव राहुल कुमार ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर खेल की शुरूआत किया। ज्ञान निकेतन कॉन्वेंट स्कूल बेलचंपा की टीम ने राम साहू की 20 रनों से हरा दिया। मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार ज्ञान निकेतन कान्वेंट स्कूल बेल चंपा के नंदन कुमार को बाजार समिति के सचिव राहुल कुमार, मैच के पर्यवेक्षक मुजीबउद्दीन खान ने प्रदान किया। इस मौके पर बाजार समिति के सचिव राहुल कुमार ने खिलाड़ियो को शुभकामनाएं देते होए कहा की इस तरह का आयोजन सराहनीय है इसके लिए पूरी टीम को बधाई। खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करता हूं कि आने वाले दिनों में इस प्रतियोगिता के खिलाड़ी नेशनल और इंटरनेशनल प्रतियोगिता में खेलकर जिला का नाम रौशन करे। मुजीबुदीन खान ने कहा की आज के मैच में दोनो टीम के खिलाड़ियों ने बेहतर खेल का प्रदर्शन किया है उन्होंने दोनों टीम के खिलाड़ियों के उज्जवल भविष्य की कामना की। इस मौके पर शिक्षक सुशील कुमार, आनंद सिन्हा, अभिषेक द्विवेदी, नवनीत, मनोज तिवारी, प्रिंस, विशाल, बंटी समेत अन्य सदस्य थे।

## श्रीराम कलश और पूजित अक्षत के आगमन पर शोभायात्रा निकाली गयी

आजाद सिपाही संवाददाता



**विशुनपुरा।** विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के द्वारा संयुक्त रूप से अयोध्या से लाये गये श्रीराम कलश और पूजित अक्षत का पिपरीकला हनुमान मंदिर के पास भव्य स्वागत किया गया। कलश की आगमन पर भव्य शोभायात्रा निकाली गयी। शोभायात्रा विशुनपुरा विष्णु मंदिर से निकलकर कोचेया गांव होते हुए कमता गांव स्थित श्री श्री अष्टभुजी कामेश्वरी मंदिर परिसर में पहुची, जहां पर स्थानीय ग्रामीणों के द्वारा पूजा अर्चना किया गया। इसके बाद श्रीराम कलश को लेकर श्रद्धालु पिपरी खुर्द गांव होते हुए पिपरी कला बाजार स्थित हनुमान मंदिर पहुंचा। जहां पर श्रीराम आरती के साथ शोभायात्रा का समापन किया गया। इसके बाद श्री राम कलश को दर्शन पूजन हेतु दो दिनों के लिए श्री हनुमान मंदिर में स्थापित किया गया है। इस संबंध में विहीप के प्रखंड अध्यक्ष सुरेंद्र कुमार यादव ने बताया कि 22 जनवरी 2024 को अयोध्या में ऐतिहासिक नवनिर्मित भगवान श्रीराम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम की शुरुआत हो रही है। उन्होंने बताया कि पलामू प्रमंडल के एक मात्र गढ़वा जिला धमार्चार्य प्रमुख आओ राधेश्याम पांडे को अयोध्या प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में शामिल होने का मौका मिला है। हमारे प्रखंड के लिए गर्व की बात है। वे प्राण प्रतिष्ठा में हमारे इलाके से एक मात्र शाक्षी बनेंगे। शोभायात्रा में रविन्द्र मिश्र, पिपरी हनुमान मंदिर अध्यक्ष अशोक चंद्रवंशी कोषाध्यक्ष बैजनाथ चंद्रवंशी, लक्ष्मण चंद्रवंशी, दिनेश चंद्रवंशी, संजय चंद्रवंशी, राजेंद्र, हरिनाथ पाल, मुकेश वियार, धर्मेंद्र सहित सैकड़ों राम भक्त शामिल हुए।

## बिजली खंभे से टकराकर 108 एंबुलेंस दुर्घटनाग्रस्त

आजाद सिपाही संवाददाता



**भंडरिया।** भंडरिया गोदरमाना मुख सड़क के सुखी खेती जंगल के समीप गुरुवार की देर रात 108 एंबुलेंस 11000 प्रभावित बिजली की खंभे से टकराकर दुर्घटनाग्रस्त हो गयी। जिससे वाहन पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया है। वहीं बिजली का खंभा कई टुकड़ों में टुटकर बिखर गया। गनीमत रहा की 11000 प्रभावित बिजली का तार टुटकर कर वाहन पर नहीं गिरा नहीं। नहीं तो एक बड़ी घटना घट जाती है। घटना मे एंबुलेंस के चालक व सहचालक बाल-बाल बच गये तथा वाहन छोड घटना स्थल से फरार हो गये। सूचना पर शुक्रवार की सुबह भंडरिया पुलिस अपने दल बल के साथ घटनास्थल पर पहुंच और दुर्घटनाग्रस्त एंबुलेंस को जब्त कर भंडरिया थाना लाया। रात के समय एंबुलेंस कहां से आ रहा था तथा कहा जा रहा था इसकी जानकारी अभी तक नहीं हो सकी है। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ विजय किशोर रजक से पूछे जाने पर उन्होंने कहा की एंबुलेंस कहां से आ रहा था और उसे कहां जाना था इसकी जानकारी हमें नहीं है इसकी जानकारी कॉल सेंटर के लोगों को ही होगी।

## स्वर्गीय केदारनाथ की 13वीं पुण्यतिथि पर सदर अस्पताल में फल-बिस्किट का वितरण




गढ़वा (आजाद सिपाही)। कसौधन वैश्य समाज गढ़वा और भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष उमेश कश्यप के दादा कसौधन वैश्य समाज गढ़वा के पूर्व अध्यक्ष स्वर्गीय केदारनाथ कश्यप के 13वीं पुण्य तिथि के पर सदर अस्पताल, गढ़वा में फल, ब्रेड, बिस्किट का वितरण 100 मरीज और सफाई कर्मीयों के बीच किया गया। मौके पर अध्यक्ष उमेश कश्यप के ने कहा कि गरीबों के बीच खाद्य सामग्री वितरण कर पुण्य आत्मा के शांति हेतु यह पूण्य का कार्य किया जा रहा है। मौके पर भाजपा गढ़वा ज़िला अध्यक्ष ओमप्रकाश केसरी, वैश्य महासमेल्लन अध्यक्ष रविंदर जायसवाल नगर मंडल अध्यक्ष उमेश कश्यप, अमित कश्यप, संतोष कश्यप, विवेक कश्यप, मनीष कश्यप समेत अन्य उपस्थित थे।

## सेल ने ग्रेट प्लेस टू वर्क सर्टिफिकेशन हासिल किया

नयी दिल्ली। देश की महारत्न सार्वजनिक उपक्रम स्टील ऑथोरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड को ग्रेट प्लेस टू वर्क इंस्टीट्यूट का अवार्ड हासिल हुआ है। सेल अध्यक्ष अमरेंदु प्रकाश ने कहा कि सेल को ग्रेट प्लेस टू वर्क के प्रमाणित संगठन के रूप में मान्यता एक खुशहाल कार्यस्थल बनाने के हमारे प्रयासों की पुष्टि है, जो स्वामित्व और बेहतर उत्पादकता को प्रोत्साहित करती है।


### कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, हजारीबाग

**ई-निविदा आमंत्रण सूचना**

ई–निविदा सं0 :– 08/2023-24/RWD/EE/HAZARIBAG दिनांक :– 28.12.2023

कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, हजारीबाग द्वारा निम्न विवरण के अनुसार e-procurement पद्धति से निविदा आमंत्रित की जाती है ।

कार्य की विवरणी :–

| क्र0 सं0 | आईडेन्टी फिकेशन संख्या/पैकेज संख्या | प्रखण्ड | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रुपया में) अंक में | प्राक्कलित राशि (रुपया में) अक्षर में | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | RWD/HAZ/MMGSY/16/2023-24 | डाड़ी | होन्हेमोढ़ा महेश महतो के घर से टेहडवा बोर तक पथ निर्माण कार्य (लं0–2.700 कि0मी0) | 2,66,78,700/- | दो करोड़ छियासठ लाख अठहत्तर हजार सात सौ रुपया मात्र | 9 (नौ) माह |

2. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि :– 05.01.2024 ।
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :– 16.01.2024 अपराह्न 5.00 बजे तक ।
4. निविदा खोलने की, तिथि, एवं समय– 17.01.2024 पूर्वाह्न 3.30 बजे।
5. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का पदनाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, हजारीबाग ।
6. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0– 06546–265286 ।

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है ।

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण कार्य विभाग,
कार्य प्रमण्डल, हजारीबाग

PR 314762 Rural Work Department (23-24)_D

### कार्यालय जिला परिषद, हजारीबाग।

**अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या :– 40/2023–24**

1. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं नाम :– जिला अभियंता, जिला परिषद, हजारीबाग।
2. परिमाण विपत्र की बिक्री की तिथि :– दिनांक 08.01.24 एवं 09.01.24 को 10:00 पूर्वाह्न से 2:00 बजे अपराह्न तक।
3. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय :– दिनांक 10.01.24 को 3:00 बजे अपराह्न तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– दिनांक 10.01.24 को 4:00 बजे अपराह्न से
5. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :– जिला अभियंता, जिला परिषद, हजारीबाग।
6. निविदा प्राप्ति का स्थान :– नियंत्रण कक्ष, हजारीबाग एवं जिला परिषद, हजारीबाग।
7. निविदा खोलने का स्थान :– जिला परिषद कार्यालय, हजारीबाग।
8. मद का नाम :– **DMFT**

| क्र0 स0 | प्रखण्ड | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | अग्रधन की राशि | योजना पूर्ण करने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | चुरचू | प्राथमिक विद्यालय, लारा का चाहरदिवारी निर्माण। | 3409100.00 | 5000.00 | 69000.00 | चार माह |

नोट :– 1. अद्यतन UCAN प्रमाण पत्र निविदा के साथ समर्पित करना अनिवार्य है अन्यथा कार्य आवंटित नहीं किया जायेगा।
2. निविदा की शर्तें कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

जिला अभियंता,
जिला परिषद, हजारीबाग।

PR 314734 (District) 23-24 (D)

### HAZARIBAG MUNICIPAL CORPORATION, HAZARIBAG
(Urban Development & Housing Department, Govt. of Jharkhand)
Email- municipality_08@rediffmail.com

Ref : 5536 UDD/HMC/HZB/41/2023-24 Dated : 29-12-2023

**VERY-SHORT TERM E-QUOTATION INVITATION NOTICE**

Online Quotations are invited For Providing Two Coat Of Snocem Over Old Surface With Approved Company Jonson, Burger, Asian & J.k

| Sl. | Description of Work | Rate Per Sq m |
|---|---|---|
| 1 | All Building likes Municipality Building, Markets, Shops etc are to be painted | |

- The quotations must be accompanied by (a) PAN Card (B) GST Registration (c) Valid License/Certification/ISO Certification/BIS Certification if any. (d) Duly Filled Quotation Chart
- The rate quoted by quotationer shall be firm, final and un-conditional.
- The undersigned reserves the right to accept or reject/cancel any or all the quotations without assigning any reasons thereof.

| | | |
|---|---|---|
| 1 | Date of Publication of e-Quotation on Website | 30-12-2023 |
| 2 | Last Date/Time of Submission of e-Quotations | 08-01-2024 Upto 05:00 P.M. |
| 3 | Date/Time of Opening e-Quotations | 09-01-2024 at 05:00 P.M. |
| 4 | Name & Address of Office inviting e-Quotation | Municipal Commissioner Municipal Corporation, Hazaribag |

Further details can be seen online on website - http://Jharkhandtenders.gov.in

Sd/-
Municipal Commissioner
Municipal Corporation, Hazaribag

PR 314775 Urban Development and Housing(23-24)#D


# नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर में 170 मरीजों की हुई जांच

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा ।** आर.पी. एजुकेशनल एंड वेलफेयर ट्रस्ट की ओर से गुरुवार को साईं मोहल्ला स्थित आर. पी. सेवा सदन में नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान शहर और जिले के विभिन्न सुदरवर्ती ग्रामीण क्षेत्र से आये करीब 170 मरीजों की स्वास्थ्य जांच की गयी। उपस्थित मरीजों के मधुमेह, उच्च रक्तचाप, एनीमिया, वायरल फीवर सहित अन्य बीमारियों की जांच की गई और उपचार के लिए उचित परामर्श दिए गए । कई जरूरतमंद मरीजों को दवा भी उपलब्ध कराई गयी। ज्ञात हो कि स्वर्गीय राधा बाबू की पुण्यतिथि के अवसर पर एक सप्ताह तक जन कल्याणकारी कार्यक्रम चलाया जा रहा है। जिसके अंतर्गत गुरुवार को छठे दिन स्वास्थ्य चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। इससे पूर्व मेडिकल किट वितरण, रेलवे स्टेशन परिसर की सफाई, रक्तदान, डीप बोरिंग, स्टेशनरी वितरण सहित अन्य कार्य किये जा चुके हैं। इस अवसर पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए डॉक्टर पतंजलि केसरी ने कहा कि वर्तमान समय में शुगर मरीजों की संख्या बढ़ रही है। अपनी दिनचर्या और खानपान में सुधार कर लोग इसे नियंत्रित कर सकते हैं। समय-समय पर अपना शुगर की जांच कराते रहना चाहिए। कई लोगों का शुगर लेवल बढ़ा होता है और उन्हें इस बात की जानकारी भी नहीं होती है। कमजोरी, अंधापन सहित अन्य बीमारियों की चपेट में आ जाने के बाद जांच के दौरान उन्हें इसकी जानकारी होती है। इसके प्रति हमें सजग रहने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि आजकल तनाव से ग्रसित रहने वालों की संख्या में इजाफा हुआ है। पहले बुजुर्गों में हाइपरटेंशन जैसी समस्या देखने को मिलती थी। अब ऑफिस में काम करने वाले लोग, ग्रहणी, यहां तक कि युवा वर्ग भी इससे वंचित नहीं है। भोजन में नमक का कम इस्तेमाल, नियमित व्यायाम और नशापन से परहेज सहित अन्य उपायों को अपनाकर हम ब्लड प्रेशर की समस्या से छुटकारा पा सकते हैं। खुश रहने से बहुत सारे हार्मोन हमारे शरीर में रिलीज होते हैं। जो सेहत के लिए लाभदायक है।

डॉ आदित्य ने कहा कि कफ, पित्त और वात इन्हीं तीन दोष के कारण शरीर में बीमारी होती है। ठंड में कफ से ग्रसित मरीजों की संख्या बढ़ जाती है। खासकर बच्चे ज्यादा परेशान हो जाते हैं । बढ़ती ठंड को देखते हुए सुबह और शाम के समय हमेशा अपने शरीर को गर्म कपड़ों से ढक कर रखना चाहिए। उन्होंने कहा कि रात के समय लोग जरूरत पड़ने पर ही घर से निकलें। ऐसे समय में बच्चों पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है। उक्त के अलावां डॉक्टर मनोज दास, डॉक्टर चंदन कुमार सहित अन्य लोगों ने भी संबोधित किया। मौके पर डॉक्टर इश्तियाक रजा, अब्दुल मन्नान, दामोदर राम, मोहम्मद इकराम, शमीम, संगीता देवी, सुनील कुमार, शुभम रंजन, खुशी कुमारी, रत्नेश कुमार, जितेश पाल, संतोष कुमार सहित काफी संख्या में मरीज और उनके परिजन उपस्थित थे ।

# महिला की गला दबाकर फांसी पर लटकाने का आरोप



आजाद सिपाही संवाददाता

**बारियातू ।** थाना क्षेत्र के फूलसु पंचायत अंतर्गत बारिबांध ग्राम निवासी बिनोद यादव ने थाना मे आवेदन देकर हत्या मे शामिल लोगों पर कार्वाई करने का रखा मांग। आवेदन के माध्यम से मृतका के जेठ बिनोद यादव ने बताया है कि मेरे भाई प्रमोद यादव की पत्नी लीलू देवी (28) को बीते चार दिन पूर्व गाँव के ही राजेश यादव, व उसके पत्नी द्वारा गला दबाकर हत्या कर देने के पश्चात घर मे ही फांसी से लटकादेने का आरोप लगाया है। मृतका के जेठ ने बताया की मेरा भाई बोल नहीं पता है वह मुखबधिर है। अपने दो बच्चों के साथ अपने ससुराल पांकी स्थित केकरगढ़ गया हुआ था। उसी रात्रि में मृतिका लीलू देवी ने अपनी बहन रीमा कुमारी के मोबाइल फोन कर बताई की चापानल में पानी लाने को लेकर राजेश यादव और उसके पत्नी के साथ लड़ाई हो रहा है आज हमको इनलोग मार देंगे। सुबर ससुर बालकेश्वर यादव ने अपनी पतोह लीलू देवी को फांसी से झुलता देख आसपास के ग्रामीणों को जानकारी दिया। इसकी सूचना बारियातू थाना को दी गई थी। सूचना पाते ही पुलिस घटना स्थल पर पहूँचकर मृत महिला की शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए लातेहार भेज दिया।

# बारियातू और हेरहंज में धड़ल्ले से की जा रही अफिम की खेती

संतोष सिन्हा

**बालूमाथ (आजाद सिपाही)।** लातेहार जिला के बारियातू थाना और हेरहंज थाना क्षेत्र मे मौत की सौदागर यानी अफिम (पोस्ता) की धड़ल्ले से की जा रही है । वही सब कुछ जानते हुए भी पुलिस किसी तरह की भी कार्रवाई नहीं कर रही है। पिछले वर्ष भी देर से पुलिसिया कार्रवाई होने के कारण अफिम/ पोस्ता की खेती करने वाले तस्करों की चांदी रही और लाखो की कमाई भी किया। वर्तमान मे बारियातू थाना क्षेत्र के कारण कई इलाकों में पोस्ते की खेती लहलहा रही है। बताया जाता है की झारखंड में अफीम की खेती की शुरूआत 13 साल पहले चतरा जिले से ही हुई थी। पहले छोटे स्तर पर खेती शुरू हुई लेकिन मोटा मुनाफा देख नक्सली इससे



पूरी तरह जुड़ गए। अकेले चतरा जिले में एक हजार एकड़ में अफीम उगायी जाती है। चतरा के अलावा लातेहार और पलामू जिले में भी अफीम की खेती हो रही है। नक्सलियों के कारण ग्रामीण कुछ कर नहीं सकते और पुलिस इन खेतों तक आसानी से पहुंच नहीं सकती। यही कारण है कि झारखंड के जंगलों में अफीम की खेती का रकबा दिन दिन बढ़ता जा रहा है।

**गांव के लोग करते हैं खेतों में मजदूरी :** लातेहार जिले के हेरहंज थाना क्षेत्र के अलावा बारियातू थाना क्षेत्र के बालूभांग, बुढ़ीसखुआ, इंदूआ जैसे आसपास के गांवों के कुछ लोग अफीम के खेत में मजदूरी करते हैं। लेकिन पुलिस के पहुंचते ही गांव के गांव खाली मिलते हैं। लोग घरों में ताला बंद कर पास के जंगलों में छिप जाते हैं।

झारखंड के चतरा लातेहार जिले की सीमाओं से बहने वाली नदी नीलांजना के किनारे इन दिनों हजारों एकड़ में अफीम के खेती लहलहा रहे है। लातेहार के बारियातू, हेरहंज थाना क्षेत्र के जंगलों और पहाड़ियों की तलहटी में जहर की खेती इस साल भी बड़े पैमाने पर की गई है।

**बाजार तक पहुंचाने का काम यूपी-पंजाब के तस्कर करते हैं :** अफीम की खेती को पुलिस की संरक्षण मे करते हैं। फसल के बाजार तक पहुंचाने और प्रोसेसिंग का काम बाहर होता है। जंगलों के रास्ते नेशनल हाईवे पांच से दस से किलोमीटर की दूरी पर है। इसी रास्ते से यूपी, पंजाब के व्यापारी पहुंचते हैं। खेती के लिए बीज देने और कच्चा अफीम खरीदने का काम इसी नेटवर्क के जरिए होता है। चतरा - लातेहार सीमा पर लावलौंग बालूभांग इलाकों मे रैयती और वन विभाग की भूमि पार पहाड़ों और नदियों के किनारे इस तरह अफीम के खेत लहलहा रहे हैं।

# जिप सदस्य ने डीडीसी का किया स्वागत



आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** जिला परिषद कार्यालय में लोहरदगा जिला के नए उप विकास आयुक्त सह मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी दिलीप प्रताप सिंह शेखावत को जिला परिषद सदस्यों ने सम्मानित किया। किस्को प्रखंड के जिला परिषद संदीप कुमार एवं सेन्हा प्रखंड के जिला परिषद राधा तिर्की ने उन्हें पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया। उन्हें क्षेत्र के विषय में जानकारी देते हुए की क्षेत्र का विकास और कैसे किया जाए, महत्वपूर्ण रूप से पानी बिजली सड़क शिक्षा एवं स्वास्थ्य, और उनका मानना है छोटे जिला होने के बावजूद भी बहुत सारे कार्य करना है। और उम्मीद है कि आने वाले वर्षों में आधारभूत संरचना से संबंधित कार्यों में विशेष रूप से उनका ध्यान रहेगा।

# अबुवा आवास योजना के अनुमोदन के लिए ग्रामसभा आयोजित

आजाद सिपाही संवाददाता

**भंडरा/ लोहरदगा ।** प्रखंड के भंडरा एवं भीठा पंचायत में शुक्रवार को अबुवा आवास योजना के अनुमोदन के लिए भंडरा, कसपुर ,पझरी ,भीठा, कचमची, तेतरपोंका, धोबाली में ग्रामसभा का आयोजन किया गया। ग्राम सभा में ग्राम प्रधान, पंचायत सचिव, मुखिया, पंसस , वार्ड सदस्य समेत अन्य प्रतिनिधि मौजूद थे। भंडरा में आयोजित ग्राम सभा को संबोधित करते हुए मुखिया इंद्रदेव उरांव ने कहा कि सरकार ने अबुवा आवास योजना के तहत ग्रामीणों के लिए आवास उपलब्ध कराने की व्यवस्था की है। इसके लिए आवेदन कर इसका लाभ लिया जा सकता है। योग्य आवेदकों को सूची के आधार पर आवास का आवंटन किया जाएगा। इस योजना के लाभ के लिए



आवेदन करने वाले लाभुक सीधे कार्यालय से संपर्क करें। बीडीओ ने बताया की सभी गांव में ग्राम सभा के उपरांत पंचायत में विशेष ग्राम सभा आयोजित की जाएगी। 5 जनवरी को स्थायी प्रतीक्षा सूचि का प्रकाशन किया जायेगा। इस मौके पर पूर्व जिप सदस्य शामिल उरांव, जेएमएम प्रखंड अध्यक्ष परवेज अंसारी बीस सूत्री सदस्य अब्दुल कुदुस, मंसूर अंसारी सहित सैकड़ो की संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

**आज भी दो पंचायतों में होगा ग्रामसभा का आयोजन :** बीडीओ ने कहा कि शनिवार को प्रखंड के आकाशी व उदरंगी में ग्रामसभा का आयोजन किया जाएगा। इसकी सूचना संबंधित पंचायतों के मुखिया समेत अन्य प्रतिनिधियों को दे दी गई है। बता दें कि भौरो तथा गड़रपो में ग्राम सभा का आयोजन किया गया था। जहा काफी संख्या में लाभुकों ने आवेदन भी जमा किया है।

# ठंड से बढ़ी परेशानी

**भंडरा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड में दो दिनों से लगातार दूसरे दिन भी ठंड से लोग परेशान रहे। सुबह 8 बजे तक कोहरे की चादर तनी रही। दृश्यता कम होने के कारण सड़कों पर वाहन रेंगते रहे। हालांकि मौसम विभाग से जुड़े विशेषज्ञों को उम्मीद है कि आज कुछ राहत मिलेगी। ग्रामीण क्षेत्रों में सड़कों पर कोहरे ने चलना दूभर कर दिया। प्रखंड में शुक्रवार को न्यूनतम तापमान 6 डिग्री तो अधिकतम 20 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। ग्रामीण क्षेत्रों में सड़कों पर कोहरे ने चलना दूभर कर दिया। उदरंगी के रहने वाले जियाउल अंसारी ने बताया कि कुछ जरूरी काम के लिए सुबह आठ बजे बाइक से घर से निकला था। आम दिनों में भंडरा तक जाने में करीब 10 मिनट लगता है, लेकिन घने कोहरे के कारण करीब आधा घंटे लग गए। ठंड के कारण सबसे ज्यादा दिक्कत रिक्शा, ऑटो और टेपों समेत अन्य खुले वाहनों में सुबह आकाशी व नगजुवा रेलवे स्टेशन जाने वालों को हुई।

# वर्ष 2022 के मुकाबले में 2023 में नक्सलवाद की घटनाओं में आयी कमी

**पुलिस आम आदमी की सुरक्षा को लेकर प्रतिबद्ध है : एसपी**

आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** लोहरदगा में वर्ष 2022 के मुकाबले में 2023 में नक्सलवाद की घटनाओं में कमी दर्ज की गई है। लोहरदगा में हत्या, डकैती, लूट, एनडीपीएस एक्ट, उत्पाद अधिनियम, शस्त्र अधिनियम, विस्फोटक पदार्थ अधिनियम, और नक्सल जैसे मामलों को लेकर कुल 69 कांड अलग- अलग थानों में दर्ज किए गए। जिसमें पुलिस ने 105 आरोपितों की गिरफ्तारी की है।

पुलिस की त्वरित अनुसंधान और लगातार पर्यवेक्षण की वजह से परिणाम निकलकर सामने आ रहा है। लोहरदगा पुलिस कप्तान हारीस बिन जमां ने बताया की इस वर्ष नक्सलवाद से संबंधित महज



10 कांड रजिस्टर्ड हुए हैं। इसमें 17 लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। गिरफ्तार नक्सलियों के पास से नौ हथियार और 95 गोलियां बरामद किए गए हैं। उन्होंने बताया कि शस्त्र अधिनियम के तहत 15 मामले दर्ज हुए थे। इसमें 19 लोगों को गिरफ्तार किया गया था। कुल 12 हथियार बरामद हुए थे। विस्फोटक पदार्थ अधिनियम के दो कांड दर्ज हुए थे। इसमें नौ लोगों को गिरफ्तार किया गया है। बरामद सामग्रियों में 1079 पीस डेटोनेटर, लाल, नीला, काला रंग का सेफ्टी फ्यूज, तार 2294 फीट से अधिक लंबा अलग अलग टुकड़ों में, 16.5 किलोग्राम अमोनियम नाइट्रेट, 224 पीस विस्फोटक में इस्तेमाल किए जाने वाला पावर जेल और तीन मोटरसाइकिल बरामद किये गए हैं।

एसपी ने बताया कि नक्सलवाद समेत अपराधिक घटना में कमी आने से जिले में शांति और सौहार्द का वातावरण है। इससे विकास तेज गति से अपने मंजिल की ओर बढ़ रहा है।पुलिस कप्तान ने बताया कि लोहरदगा जिले में एक जनवरी से 20 दिसंबर 2023 तक हत्या के 24 कांड दर्ज हुए। इसमें 27 लोगों की गिरफ्तारी हुई। गिरफ्तार आरोपियों के पास से खून लगा कुल्हाड़ी, मोबाइल और अन्य सामग्रियां बरामद हुए। डकैती का एक कांड दर्ज हुआ इसमें 07 लोगों की गिरफ्तारी हुई। इनके पास से एक तार काटने वाली कैंची, इंसुलेटर बरामद हुए। लूट के नौ कांड दर्ज हुए। इसमें 12 लोगों की गिरफ्तारी हुई। उनके पास से तीन देसी कट्टे, लूट का सामान मोबाइल, पर्स, आदि बरामद हुए।

उत्पाद अधिनियम के तहत चार मामले दर्ज हुए। इसमें पांच लोगों को गिरफ्तार किया गया। एसपी ने कहा कि अपराध और उग्रवाद को समाप्त करने को लेकर पुलिस लगातार काम कर रही है। अपराध और उग्रवाद के नियंत्रण को लेकर पुलिस का लगातार अभियान जारी रहेगा। पुलिस आम आदमी की सुरक्षा को लेकर प्रतिबद्ध है। आम आदमी के साथ बेहतर संबंध बनाकर रखना ही पुलिस का उद्देश्य है।

# जिप सदस्यों ने सामूहिक वन भोज का किया आयोजन



आजाद सिपाही संवाददाता

**गारू ।** नववर्ष के पूर्व लातेहार जिला परिषद के सभी सदस्यों का सामूहिक वन भोज कार्यक्रम का आयोजन सरयू प्रखंड के चौपत नदी में आयोजित हुआ जिसमे जिला परिषद अध्यक्ष समेत सभी सदस्य शामिल हुए। वन भोज के माध्यम सें जहाँ सभी सदस्यों को एकजुट करने के साथ जिला परिषद सदस्यों के हक अधिकार के संघर्ष करने पर भी चर्चा की गई। बैठक में जहाँ जिला परिषद को सरकार के माध्यम सें उचित अधिकार और मानदेय के साथ साथ लगभग एक दर्जन सें अधिक मुद्दों को लेकर जनवरी के पहले सप्ताह में विभागीय मंत्री के साथ सचिव सें मुलाकात करने और केंद्र की सरकार को पत्रचार करने का निर्णय लिया गया। इस दौरान मौके पर अध्यक्ष पूनम देवी सदस्य संतोषी शेखर, कन्हाई सिंह, बूढ़ेश्वर उरांव, विनोद उरांव, प्रियका कुमारी, जीरा देवी, प्रतिमा देवी, चंचला देवी रमेश राम स्टेला नगेसिया ब्लवंत सिंह समेत अन्य सदस्य मौजूद थे।

# अयोध्या से आये हुये पूजित अक्षत का हुआ वितरण: विहिप

आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** शहरी क्षेत्र के बरवा टोली स्थित मनोकामना सिद्धि दुर्गा मंदिर में अयोध्या से आए अक्षत कलश वितरण कार्यक्रम के निमित विश्व हिंदू परिषद ने लोहरदगा ग्रामीण क्षेत्र का 12 पंचायत को कलश वितरण किया। लोहरदगा ग्रामीण सह संयोजक सूरज कुमार दसोंदी की अध्यक्षता में अक्षत कलश वितरण की गई। उन्होंने कहा कि 500 वर्षों के बाद यह पूजित अक्षत मिला है इसे हम लोग 1 जनवरी 2024 से 15 जनवरी 2024 तक हर एक राम भक्त के घर में जाकर अक्षत और निमंत्रण कार्ड देना है और उसे यह कहना है की अयोध्या में बने राम मंदिर का निमंत्रण कार्ड है आप लोग अयोध्या जरूर जाएं। जिसमें



मुख्य रूप से ग्रामीण पंचायत के राम भक्त शामिल हुए। विश्व हिंदू परिषद के प्रांत प्रवर्तन प्रमुख अनिल कुमार गुप्ता ने कहा कि अब यह दिन दूर नहीं कि हम लोगों ने अपने रामलाल को भव्य मंदिर मैं देखेंगे जो हमारे सनातनी बांधुओ की मेहनत त्याग और उनकी प्राणों की आहुति देकर हम राम जन्मभूमि को पाए हैं। मौके पर उपस्थित राम भक्त श्याम नंदन पाठक , बजरंग दल नगर सहसंयोजक राजकुमार साहू, बजरंग दल सा गौ रक्षा प्रमुख चांदन गोप, हसमुख बर्मा, धनंजय अग्रवाल, रमेश चंद्र कुंवर, प्रणव पाठक, कृष्ण सिंह, देवेंद्र प्रसाद साहू, शशि सिंह, अनिल प्रजापति, कुलदीप सिंह, विनीत कुमार साहू, विनोद साहू, दीपक कुमार, पंकज साहू, राहुल साहू राम भक्त उपस्थित थे।

# घर-घर दीप जले, लगे घरों पर भगवा: ओम महतो

आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** जय श्रीराम समिति की बैठक सदर प्रखंड के कुटमु गांव में प्रखंड प्रभारी ज्योति भगत की अध्यक्षता में की गई। आयोजित बैठक में सदर प्रखंड के प्रभारी ओम महतो बजरंग साहू उपस्थित थे । बैठक में मुख्य रूप से संगठन विस्तार को लेकर खास चर्चा की गई जिसमें सर्व समिति से अध्यक्ष अमित सिंह महामंत्री समीकरण प्रजापति कार्यकारी अध्यक्ष धर्मेंद्र भगत कोषाध्यक्ष महेश सिंह सह कोषाध्यक्ष दुर्गा तिर्की मीडिया प्रभारी आशीष कुमार को बनाया गया । प्रखंड प्रभारी ज्योति भगत ने कहा जय श्रीराम समिति धार्मिक एवं सामाजिक संगठन के रूप में विगत 18 वर्षों से कार्य कर रही है जिसमें (महिला पुरुष) सभी के



सहयोग से निस्वार्थ भाव से चल रही है जो बहुत ही सराहनीय है । ओम महतो ने कहा आने वाला 22 जनवरी सनातन समाज के लिए खुशियों की बौछार लेकर आएगी जो इतिहास के पन्नों में दर्ज होगी इसलिए सभी सनातनी लोगों को उत्सव मनाने की तैयारी कर लेनी चाहिए । आगे संबोधित करते हुए कहा घर-घर दीप जले, लगे घरों पर भगवा, विश्व भर में उत्सव बने न छूटे किसी का घरवा' अर्थात सभी को अपने अपने घरों पर दीप जलाये, भगवा झंडा लगाये, मिठाई बाटे इसके लिए समिति के सभी कार्यकर्ता अपने-अपने क्षेत्र में काम करें कोई घर न छूटे ऐसा कोशिश करें। मौके पर महावीर सिंह, आयुष कुमार, उपेंद्र, महेंद्र, संदीप प्रजापति समेत काफी संख्या में लोग मौजूद थे ।

# नववर्ष पर सैलानियों को आकर्षित करेगा धरधरिया जलप्रपात

आजाद सिपाही संवाददाता

**सेन्हा/ लोहरदगा।** प्रखंड क्षेत्र के अलौदी पंचायत अन्तर्गत अरु चटकपुर गाँव के समीप जंगलों पहाड़ों में स्थित धरधरिया जलप्रपात पर्यटक स्थल के रूप में विकसित होने के बाबजूद विकास का अभाव है। वही पर्यटकों का प्रत्येक वर्ष नया साल में 1 जनवरी को सैलानियों की भीड़ उमड़ती है। धरधरिया जलप्रपात के अलावे सेन्हा प्रखंड क्षेत्र के सुदूरवर्ती पठारी इलाके में ऐसे कई स्थान है। जो पर्यटक स्थल के रूप में विकसित हुआ है। परन्तु उन सभी स्थानों पर वर्षो पूर्व से सैलानियो का आवगमन रहने के बाबजूद यातायात में कठिनाई होता था।जिसपर धीरे धीरे ग्रामीण व जिला प्रशासन का ध्यान आकृष्ट हुआ और श्रम दान कर पथ मरमती कराया जाता रहा। जिसकी सूचना प्रकाशित होने पर झारखंड सरकार के अन्तर्गत पर्यटन कला संस्कृति खेलकूद एवं युवाकार्य विभाग झारखंड सरकार के सौजन्य से सम्पूर्ण विकास का कदम धरधरिया जलप्रपात स्थल पर उठाया गया। जिसे विकास का कुछ नमूना भी बना हुआ है। परंतु आज भी मूलभूत सुविधाओं से पर्यटक स्थल धरधरिया जलप्रपात कोसो दूर है। विदित हो कि विकास के नाम पर वही सैलानियो के लिए यात्री शेड जगह जगह पर



कुर्सी,स्टिक लाइट की व्यवस्था हुआ है। कूड़ेदान के अभाव में धरधरिया जलप्रपात के आसपास गंदगी फैला हुआ है। उसी तरह अलौदी पंचायत में पर्यटन स्थल के रूप में चंदवा गढ़गांव में जहां 1200 फिट ऊँची पहाड़ के ऊपर गुफा में स्थित भगवान शंकर का शिवलिंग स्थित हैं। जिसका का दर्शन सावन माह में किया जाता है। सावन माह के प्रत्येक सोमवार को दूर दूर से भक्तजन आते हैं। कोराम्बे महाप्रभु मन्दिर और राजा रानी पहाड़ भी विकसित हो रहा है। परन्तु पूर्ण विकास का अभाव आज भी है। प्रखंड क्षेत्र का ही नही जिला का भी सबसे मुख्य पर्यटक स्थल धरधरिया जलप्रपात प्रखंड क्षेत्र के पशिचम में लगभग प्रखंड मुख्यालय से 15 किलोमीटर दूर सुदूरवर्ती क्षेत्र उरू चटकपुर के समीप मनमोहक वादियों में स्थित झरना है। जो प्राकृतिक बनावट से लोगो को अपनी ओर आकर्षित करता है। जहां 1 जनवरी या अन्य दिनों में भी लोग बड़ी संख्या में पिकनिक मनाने और घूमने दूर दूर से आते हैं। जहाँ आने के लिये सड़क का अभाव है। धरधरिया जलप्रपात तक सैलानियों को काफी परेशानी होती है। सड़क नही रहने के कारण लोग आना पसन्द नही करते हैं। बिशु उरांव, लालकु महतो, राजेश महतो, सुदीप उरांव, उमेश उरांव, पूर्व मुखिया रेखा देवी सहित अन्य स्थानीय लोगो ने जिला प्रशासन से अपील करते हुए कहा है कि पर्यटक स्थल धरधरिया जलप्रपात की सुंदरीकरण हेतु मूलभूत सुविधा के साथ निगरानी समिति का चयन हो जिससे सैलानियो को सुविधा मिल सके और लोग धरधरिया जलप्रपात को देखने के लिये आना जाना पसन्द करेंगे। सड़क बन जाने से ग्रामीणो को प्रखण्ड व जिला मुख्यालय या बाजार, अस्पताल आने जाने के लिये परेशानी नही होगी।

# बाइक ने मजदूर को मारी ठोकर, ईलाज के दौरान मौत

संतोष सिन्हा

**बालूमाथ।** शुक्रवार की अहले सुबह तेज रफ्तार बाईक ने एक मोटीया मजदूर कैला भुईयां को ठीक थाना गेट के सामने जोरदार ठोकर मार दी। जिसके कारण वह गंभीर रूप से घायल हो गया।जहा बालूमाथ सीएचसी ले जाया गया जहा तत्काल ईलाज के बाद रिम्स रेफर कर दिया गया। एम्बुलेंस से रिम्स ले जाने के दौरान रास्ते मे मौत हो गई। जिस बाईक से घटना हुई है वह बाईक बालूमाथ निवासी मो उर्फ नन्का के पुत्र मो फैयजान का बताया जाता रहा है। हांलांकि बालूमाथ थाना पुलिस ने घटना के तुरंत बाद बाईक चालक मो फैयजान को को गिरफ्तार करते हुए बाईक को जप्त कर लिया है। वही घटना से आहत मृतक के परिजनों ने मुआवज की मांग को लेकर बालूमाथ थाना के समिप बालूमाथ चतरा रांची मुख्य मार्ग एनएच 22 को घंटो जाम रखा। पुअनि दूती कृष्ण महतो सदलबल के साथ जाम स्थल पहुंचे और सरकारी प्रवधान के तहत मुआवजा देने की बात कर शव को पोस्टमार्टम के लिए लातेहार अस्पताल भेज दिया।

## बॉक्साइट ट्रक ने युवक को कुचला मौके पर हुई मौत

**गुरदरी (आजाद सिपाही)।** थाना के समीप हिंडाल्को के मैगजीन हाउस के पास शुक्रवार की रात बॉक्साइट से लदे ट्रक डूमर पाठ निवासी रोहित क्रेकेटा को कुचल डाला जिससे घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गई। जबकि बॉक्साइट ट्रक मौके पर फरार हो गया। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार शुक्रवार की देर रात हिंडाल्को के मैगजीन हाउस के समीप एक बॉक्साइट से लदा ट्रक पीछे की ओर बाइक करते हुए जा रहा था तभी उसकी चपेट में डूमर पाठ निवासी रोहित क्रेकेटा आ गया जिससे घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गई। इधर घटना के बाद उक्त ट्रैक फरार हो गया। घटना की जानकारी मिलने के बाद गुरदरी पुलिस घटनास्थल पहुंची जहां पर शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए गुमला सदर अस्पताल भेज दिया वहीं पुलिस वाहन की धर पकड़ में जुट गई है।

# मोबाइल दुकान में शटर तोड़ कर 20 लाख की चोरी

**मेन रोड अमित मोबाइल दुकान में शटर तोड़ लगभग 20 लाख उड़ा ले गये चोर**



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गुमला ।** गुमला सदर थाना क्षेत्र के मेन रोड़ स्थित अमित मोबाइल दुकान में गुरुवार रात अज्ञात चोरों ने दुकान का शटर तोड़ कर भीषण चोरी की घटना को अंजाम दिया। लगभग 20 लाख का मोबाइल व अन्य सामान लेकर चोर चलते बने। वही मोबाइल को डब्बा से निकालकर ले गए चोर।

सुबह घर मालिक ने चोरी की घटना की जानकारी दी दुकान मालिक दुकान पहुचे। जिसके बाद गुमला थाना को मामले की जानकारी दी गयी पुलिस मौके पर पहुचकर मामले की छानबीन कर रही है। चोर दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरा का सीडीआर भी साथ लेते गए। चोरी की घटना के बाद स्थानीय लोगों में आक्रोश देखा जा रहा है। लोगों का कहना है कि पुलिस प्रशासन रात भर सायरन बजाकर शहर में घूम रही है। फिर भी चोरों द्वारा चोरी की घटना को अंजाम दिया गया। वही दूसरी ओर चोर पुलिस के तमाम सुरक्षा व्यवस्था को ठेंगा दिखाने का काम कर रहे हैं। दुकान के संचालक अजय केसरी ने बताया रात को मेरा बेटा दुकान बंद कर घर चला गया सुबह घर के मालिक ने फोन कर चोरी की घटना की सूचना दी।

## ऑटो पलटा, एक की मौत, चार घायल



**बिशुनपुर (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के सलाम नवा टोली मोड़ के समीप एक ओटो अनियंत्रित होकर पलट गया जिससे सवार बेठत गांव निवासी बीरसी नगेसिया 40 की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि गुजी देवी 45 वर्ष व रेहलदाग गांव निवासी रामजतन खेरवार 53 प्रभादेवी 40 सोमारी देवी 35 वर्ष घायल हो गए स्थानीय लोगों की मदद से एक ऑटो की सहायता से घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिशुनपुर लाया गया जहां उनका इलाज चल रहा है। पुलिस को सूचना मिलते ही सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचकर शव का पंचनामा कर लिया है पोस्टमार्टम के लिए शनिवार सुबह भेजा जाएगा। घटना की सूचना पुलिस के द्वारा परिजनों को दी गई है खबर लिखे जाने तक परिजन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नहीं पहुंचे थे।

## अधिवक्ता मनु गोप के निधन पर अहीर सेना झारखंड का वनभोज स्थगित



**गुमला (आजाद सिपाही)।** अहीर सेना झारखण्ड द्वारा आयोजित 7 जनवरी का वनभोज सह कार्यकर्ता सम्मेलन समारोह की तिथि आगे बढ़ा दी गई है। इस निमित अहीर सेना प्रतिनिधियों की बैठक मुरकुंडा ग्राम में हुई। जिसकी अध्यक्षता सुरेश गोप ने की। आनंद गोप ने जानकारी देते हुए कहा कि हमारे समाज के वरिष्ठ मार्गदर्शक अधिवक्ता मनु गोप का आकस्मिक निधन हमारे लिए बहुत ही दुखदायी है। यह हमारे समाज के लिए एक अपूरणीय क्षति हैं। हमने हमारे समाज के एक मजबूत स्तम्भ खो दिया। आगामी 7 जनवरी 2024 को ब्रह्मभोज प्रस्तावित है। दु:ख की घड़ी में वनभोज करना अनुचित होगा। लखन गोप ने कहा कि इस दु:ख की घड़ी में पूरा समाज उनके परिवार के साथ हैं। दिवंगत आत्मा को भावपूर्ण श्रद्धांजलि देते हुए कार्यक्रम को स्थगित कर 21 जनवरी को जोलो नदी घाट पर किए जाने का निर्णय लिया गया।

## मनु गोप के निधन पर भाजपा ने जताया शोक

**गुमला (आजाद सिपाही)।** सिविल कोर्ट के अधिवक्ता मनु गोप का आकस्मिक निधन हो गया है। वे अपने बीच भरा-पूरा परिवार छोड़ गए हैं। मनु गोप मिलनसार और दयालु प्रवृत्ति के थे। मनु गोप हमेशा गुमलावासियों के दिल मे रहेंगें। इस पर गुमला जिला भाजपा ने शोक संवेदना प्रकट कर मृत आत्मा की शांति की प्राथना की है। शोक प्रकट करने वालों में जिलाध्यक्ष अनुपचन्द्र अधिकारी,सांसद सुदर्शन भगत,राज्यसभा सांसद समीर उरांव, डॉ दिनेश उरांव, डॉ अरुण उरांव, प्रदेश मंत्री मुनेश्वर साहू, पूर्व विधायक जीतवाहन बड़ाइक, कमलेश उरांव, शिवशंकर उरांव, अशोक उराव, भिखारी भगत, भूपन साहु, शिवप्रसाद साहु, बालमुकुंद महतो, प्रेम केशरी, मंगलसिंह भोक्ता, पूर्व जिला अध्यक्ष ओम प्रकाश गोयल, सुबोध लाल, विनय लाल, विजय मिश्रा, निवर्तमान जिलाध्यक्ष सविंन्द सिंह, अवधेश प्रताप शाहदेव, यशवंत सिंह, जिला महामंत्री सत्यनारायण पटेल, मिसिर कुजूर, लालमोहन साहु, विनोद कुमार, गायत्री देवी, सुजीत नंदा, प्रदीप प्रसाद, शैल मिश्रा, जिप अध्यक्ष किरणमाला बाड़ा, उपाध्यक्ष संयुक्ता देवी, राधेश्याम कुशवाहा, चेम्बर अध्यक्ष दामोदर कसेरा, सागर उरांव, रंजीत सोनी, दिनेश्वर प्रसाद, अरविन्द मिश्रा, रविंद्र सिन्हा, सुधीर नंद, खुशमन नायक, बालकेश्वर सिंह, देवेन्द्र लाल उरांव, अजीत कुमार, शंभु सिंह, संतोष सिंह, लक्ष्मीकांत बड़ाईक, जगनारायन सिंह आदि प्रमुख कार्यकर्ता हैं।

# नाकामियों से भरा रहा हेमंत सरकार का 4 साल: विजय

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गुमला।** झारखंड नवनिर्माण दल के केंद्रीय संयोजक विजय सिंह ने झारखंड राज्य की हेमंत सरकार के 4 वर्ष के शासन को नाकामियों से भरा हुआ बताया। हेमंत सरकार के 4 वर्ष पूरा होने पर श्री सिंह ने झारखंड नवनिर्माण दल की ओर से अपनी प्रतिक्रिया देते हुए यह कहा है कि इन चार वर्षो में राज्य सरकार स्थानीय व नियोजन नीति जैसे जरूरी काम को भी पूरा नहीं कर पाई। जिसके बिना राज्य के विकास का रोड मैप ही तैयार नहीं होगा। जिससे पता चलता है कि हेमंत सरकार राज्य में एक जिम्मेवार सरकार देने के प्रति बिल्कुल गंभीर नहीं है । सिर्फ कोरी घोषणा और आश्वासन देकर सरकार अपने कार्यकाल बिता रही है। जिस बात के लिए झारखंड अलग राज्य हुआ उसी मुद्दे को आज हाशिए पर धकेल दिया गया। पलायन, मानव तस्करी, बेरोजगारी, किसान व मजदूरों के सवाल सरकार की लापरवाही के कारण राज्य में और भी गहराए हैं। एक तरफ जनता दरबार, सरकार आपके द्वार जैसी खचीर्ले अभियान चलाने के बावजूद लाखों लोगों की विभिन्न समस्याएं लंबित है। राज्य की महिला मंडल में शामिल महिलाएं दिनों दिन लोन में फंस रही है और रोजगार के अभाव में आर्थिक रूप से महिलाएं इस महंगाई के दौर में कमजोर हुई हैं। जीवन से जुड़ा स्वास्थ्य महकमा वहीं भविष्य से जुड़ा शिक्षा आज गरीबों का पहुंच से दूर होता चला जा रहा है और लूट का अच्छा जरिया बना हुआ है। बेरोजगारों को 2 लाख रोजगार देने, रहने लायक घर देने, शिक्षित बेरोजगारों को भत्ता देने जैसी चुनावी घोषणा सिर्फ घोषणा बनकर रह गई है।

## मारवाड़ी युवा मंच ने लगाया रक्तदान शिविर



**गुमला (आजाद सिपाही)।** मारवाड़ी युवा मंच प्रेरणा शाखा द्वारा शुक्रवार को सदर अस्पताल में रक्त दान शिविर लगाया गया । इस शिविर में 10 लोगों ने रक्त दान किया। अध्यक्ष शिल्पा अग्रवाल ने कहा कि मानव जीवन की रक्षा करना मानवता का पहला धर्म है। इस रफ्तार भरी जिन्दगी में मानव जीवन की रक्षा के लिए रक्तदान करना अत्यावश्यक है। उन्होंने आम लोगों से रक्तदान की अपील की। रक्तदान करने वालें में शिल्पा अग्रवाल, नवीन अग्रवाल, देव्यांशी अग्रवाल, आयुष अग्रवाल, अनूप अग्रवाल, देवांश साबू, ब्रजेश मेहता, विशाल मिश्र, संतोष कुमार गुप्ता, रचना अग्रवाल के नाम शामिल हैं। मौके पर संयोजक अंचल अग्रवाल, रचना अग्रवाल, सदर हॉस्पिटल ब्लड बैंक के राकेश , अंजु, एवं पूरी टीम ने सक्रीय भूमिका निभाई।

# पुल निर्माण की मांग को लेकर दिव्यांग ने एनएच 43 किया जाम

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**सिसई।** नागफेनी गांव में शुक्रवार सुबह दस बजे दो दिव्यांग के नेतृत्व में गांव के दर्जनों महिला-पुरुषों ने निमार्णाधीन सड़क के आर पार आने जाने के लिए रास्ते की मांग व नाले व बरसाती पानी निकासी के लिए पुल की मांग को लेकर करीब एक घंटे तक नेशनल हाईवे को जाम कर दिया। जाम होने से दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई। जाम कत्ताओं का कहना था कि आरकेडी कंट्रक्शन के द्वारा एन एच-43 पलमा से गुमला तक सड़क का चौड़ीकरण काम किया जा रहा है। सड़क निर्माण कार्य के शुरूआती काल से हमारे द्वारा पानी निकासी के लिए पुल व आने जाने के लिए क्रोसिंग की मांग को लेकर कंट्रक्शन कंपनी, जिला प्रशासन व विभाग से कई बार गुहार लगाया गया, किन्तु हमारी मांग को नजरंदाज कर कंपनी द्वारा लगातार निर्माण कार्य किया जा रहा है। इससे आक्रोशित होकर शुक्रवार को गांव के ट्राई साइकिल से चलने वाले दिव्यांग बुजुर्ग महली उरांव व एक पैर से दिव्यांग राजकमल उरांव के साथ दर्जनों ग्रामीण महिला - पुरुष तख्ती लेकर सड़क जाम कर दिया। जाम की सूचना मिलते ही बीडीओ रमेश कुमार यादव, सिसई थाना के एसआइ मीनकेतन कुमार व दिवाकर मिश्रा दल बल के साथ जमा स्थल पहुंचे और लोगों को जाम हटाने के लिए समझने का प्रयास किया। इस दौरान लोग अपनी समस्या से अवगत कराते हुए बताया कि रोजमर्रा की जरुरत के लिए हमें सड़क के दुसरी ओर दिन में अनेकों बार जाना आना पड़ता है। हमारी मांग है की सड़क के ऊपर से रास्ता देना संभव नही है तो सड़क के नीचे से दस फीट चौड़ी अंडरग्राउंड क्रोसिंग दी जाए और पानी निकासी की समुचित व्यवस्था की जाए। मौके पर फुदन देवी, पुनी उरांव, मुन्नी उरांव, लालमुनी देवी, सातो देवी, रुपवती देवी, आशा उरांव, तेम्बी देवी सहित दर्जनों ग्रामीण मौजूद थे।

## बीडीओ ने किया बन रहे स्कूल भवन का निरीक्षण



**सिसई (आजाद सिपाही)।** बीडीओ रमेश कुमार यादव, प्रभारी थानेदार मीनकेतन कुमार व एसआई दिवाकर मिश्रा ने शुक्रवार को कल्याण अस्पताल नागफेनी,अंबा घाघ और नागफेनी में बन रहे मिडिल स्कूल भवन का निरीक्षण किया। इस दौरान बीडीओ ने डॉ केके देवघरिया से अस्पताल में पदस्थापित डॉक्टर और स्टाफ सहित अस्पताल में उपलब्ध सुविधाओं व व्यवस्था की जानकारी प्राप्त किया। डॉ देवघरिया ने बताया कि अस्पताल में वर्तमान में केवल ओपीडी चालू है, वही दो डॉक्टर,तीन एएनएम,एक सफाई कर्मी व एक पियून प्रतिनियुक्त है। प्रतिदिन ओपीडी में विभिन्न बीमारियों के 65-70 रोगी इलाज के लिए आते हैं। स्कूल निर्माण के कार्य देख रहे मुंशी को बीडीओ ने गुणवक्ता पूर्वक कार्य करते हुए समय से भवन पूर्ण करने का निर्देश दिया। वहीं उन्होंने नव वर्ष में अंबा घाघ में सैलानियों की लगने वाली भीड़ को देखते हुए प्रभारी थानेदार मीनकेतन से सुरक्षा व्यवस्था को लेकर चर्चा किया।

# आदिवासी सामाजिक जतरा का आयोजन

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**बिशुनपुर ।** प्रखंड के चीपरी होलगं स्थित भैया टोंगरी में प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष आदिवासी सामाजिक जतरा का आयोजन किया गया। जतरा के मुख्य अतिथि स्थानीय मुखिया रामप्रसाद बड़ाईक विशिष्ट संजय टाना भगत बसनू उरांव सुनील मींज जय प्रकाश उरांव बिरसाय उरांव आदि अतिथियों के द्वारा संयुक्त रुप से फीता काटकर जतरा का शुभारंभ किया गया मुखिया राम प्रसाद ने संबोधित करते हुए कहा कि जतरा आदिवासियों की पहचान है। हमारे पूर्वजों द्वारा प्रारंभ किए गए जतरा का हमारे जीवन में एक विशेष महत्व है। जतरा के माध्यम से आदिवासियों के रीति-रिवाज परंपरा को प्रगाढ़ता मिलती है। साथ ही साथ समाज में सद्भावना और सामुदायिकता को भी बल मिलता है। जतरा समाज को एक सूत्र में बांधने का भी कार्य करता है। आदिवासी समाज ही एक ऐसा समाज है। इसमें तीन पीढ़ी एक साथ सामूहिक नृत्य करती है। हम सभी को अपनी रीति-रिवाज परंपरा को बचाने को ले जतरा को और बेहतर ढंग से आयोजित करने की जरूरत है।

संजय टाना भगत ने कहा जतरा मेला आदिवासी समाज के बीच प्रेम का प्रतीक के तौर पर आयोजित किया जाता है। इससे सभी जातियों के लोगों के बीच सद्भाव बढ़ता है। आदिवासी समाज के लिए जतरा मेला एक पारंपरिक त्यौहार है। जिसमें समाज के हर वर्ग के लोग शामिल होकर खुशियां मनाते है। स्थानीय कलाकारों के एक से बढ़कर एक प्रस्तुति दी गई जो जत्रा पहुंचे लोगों को खूब रिझाया। जत्रा को लेकर बिशुनपुर पुलिस भी दल बल के साथ मुस्तैद रही। इस मौके पर वीरेंद्र उरांव, देवेंद्र तिर्की संतोष तिर्की, नरमा मुखिया कमला कच्छप , हेलता मुखिया सुशील मुंडा, बनारी मुखिया बसनु उरांव सेरका मुखिया जयंती देवी, बालेश्वर उरांव, सूर्यकांत भगत, विजय कश्यप, बिरसाय उरांव, चामू उरांव सहित कई लोग मौजूद थे।

# भाजयुमो के मंडल अध्यक्ष ने नाडेफ योजना का किया निरीक्षण

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**घाघरा।** प्रखंड मुख्यालय में पेयजल एवं स्वच्छता विभाग से बन रहे नाडेफ योजना का शुक्रवार घाघरा भारतीय जनता युवा मोर्चा के मंडल अध्यक्ष आशीष कुमार सोनी और भाजपा नेता अमित ठाकुर ने औचक निरीक्षण किया। इस क्रम में नाडेफ योजना में कई अनियमितता पाई। हद तो तब हो गई जब बिचौलया ठेकेदार द्वारा 10 इंच के दीवाल के जगह 5 इंच का दिवाल ही बनाकर नाडेफ को पूरा कर रहे हैं। इसके साथ ही धड़ल्ले से काले इट का उपयोग किया जा रहा है सीमेंट नाम मात्र की दी गई है जो अभी से ही भरभरा कर गिर रहा है। इस क्रम में भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा के मंडल अध्यक्ष आशीष कुमार सोनी ने कहा कि पेयजल एवं स्वच्छता विभाग से बना रहे नाडेफ योजना में काफी अनिमियत्ता देखने को मिला है। योजना में गुणवत्तापूर्ण कार्य नहीं किया गया है। 5 इंच का दिवाल बनाया जा रहा है जमीन की सतह से ऊपर ही कार्य को किया जा रहा है। जबकि नींव नही खोदा गया है।सरकारी पैसे के बंदरबाट हो रही है अगर जल्द ही इस पर उचित कार्रवाई विभाग द्वारा नहीं की जाती है तो इस संबंध में गुमला उपायुक्त और पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के मंत्री को पत्राचार कर अवगत कराते हुए जांचों प्रांत कार्रवाई की मांग की जाएगी। विभाग खुलेआम बिचौलिया ठेकेदारों को लूटने के लिए छोड़ दिया है। सरकारी पैसे का बंदरबाट का खेल चल रहा है जो कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। लोगों को बेहतर नाडेफ मिले ताकि लोग उसका उपयोग कर सके।

## पशुधन जागृति अभियान पशु बांझपन शिविर का हुआ आयोजन



**घाघरा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के बेलागड़ा गांव में बिरसा कृषि विश्वविद्यालय कांके रांची द्वारा पशुधन जागृति अभियान पशु बांझपन शिविर का आयोजन शुक्रवार को किया गया। शिविर में मुख्य रूप से प्रखंड प्रमुख सविता देवी, मुखिया रानी उरांव, रांची पशु चिकित्सा महाविद्यालय के डॉक्टर वसंत कुमार, डॉक्टर खानेस उरांव, डॉ. उमेश कुमार, सुदीप दास, पशुपालन डॉक्टर सीमा एक्का ,डॉ अरुण उरांव, पूर्व उपप्रमुख कृष्णा कुमार लोहरा शामिल हुए। शिविर में मवेशियों के बांझपन टेस्ट, गोबर टेस्ट, मूत्र टेस्ट, वैक्सीन टीका, गर्भ जांच की गई। साथ ही कैल्शियम कृमि नाशक, दर्द, बुखार सहित कई अन्य बीमारियों की दवा भी दिया गया। मौके पर प्रखंड प्रमुख सविता देवी ने कहा कि इस तरह के आयोजन होने से मवेशियों के स्वास्थ्य जांच के साथ-साथ निशुल्क दवा भी किसानों को मिल जाता है। जिसका आप सभी किसान लाभ उठाएं। मौके पर अमन कुमार गुप्ता उपेंद्र महली, दीपक मुंडा, आदित्य कुमार, लालमोहन साहू, चंद्रकांत साहू सहित कई लोग उपस्थित थे।

# वनवासी कल्याण आश्रम का मनाया गया स्थापना दिवस

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**गुमला ।** वनवासी कल्याण केन्द्र झारखण्ड द्वारा संचालित शबरी आश्रम कन्या छात्रावास तर्री गुमला में अखिल भारतीय वनवासी कल्याण आश्रम का स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि गुमला महिला थाना प्रभारी सुमन कुमारी, अहतु थाना प्रभारी, अकाश पान्डेय, विशिष्ट अतिथि विश्व हिंदू परिषद के विभाग मंत्री केशवचन्द्र साय, सत्संग प्रमुख सत्यनारायण चण्डीश्वर जी महाराज, जनजाति हित रक्षा जिला संयोजिका सोनामनी उरांव, आदि उपस्थित थे। मौके पर शबरी आश्रम की बहनों द्वारा पारंपरिक गीत नृत्य तथा मांदर की थाप के साथ अगंतुक अतिथियों का स्वागत किया गया। तत्पश्चात वनवासी कल्याण आश्रम के संस्थापक पूज्य बाला साहब देशपान्डेय , भारत माता, वीर शहीद धरती आबा भगवान बिरसा मुण्डा,भगवान श्रीराम, श्रध्येय जगदेवराम उरांव, आदि के चित्रों के समक्ष अतिथियों ने दीप प्रज्वलित एवं पुष्पार्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।

मौके पर वनवासी कल्याण केन्द्र गुमला जिला के संगठन मंत्री खेदू नायक ने वनवासी कल्याण केंद्र के स्थापना, संगठन के कार्य एवं उद्देश्य के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए कहा कि वनवासी कल्याण आश्रम का स्थापना सन 1952 को पूज्य बाला साहब देशपान्डेय के द्वारा जसपुर नगर में किया गया। तब से पूरे देश भर में शिक्षा, चिकित्सा, स्वावलम्बन, एवं जन जागरण हेतू चौदह प्रकार के प्रकल्पों के माध्यम से समाज के सहयोग से जनजाति समाज की धर्म संस्कृति रीति रिवाज, परंपरा आदि की संरक्षण करते सर्वांगीण विकास करने का कार्य कर रहा है।

मुख्य अतिथि महिला थाना प्रभारी सुश्री सुमन कुमारी, एवं अहतु थाना प्रभारी अकाश पान्डेय जी ने कार्यक्रम में उपस्थित ग्रामीण एवं शबरी आश्रम की बहनों को संबोधित करते हुए कहा कि समाज में कई कुरीतियां हैं जिसे खत्म करने की आवश्यकता है। जैसे डायन बिसाही, नशा खोरी इत्यादि। इस अवसर पर शबरी आश्रम की बहनों ने कई रंगा रंग संस्कृतिक एवं लघु नाटिका प्रस्तुत कीं।

इस मौके पर जिला महिला प्रमुख लक्ष्मी कुमारी, शबरी आश्रम कन्या छात्रावास प्रमुख रीना कुमारी सहित शबरी आश्रम की बहनें तथा सैकड़ों ग्रामीण महिला पुरूष उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन आश्रम की बहनें सरस्वती कुमारी, बहन चिंता कुमारी एवं सुषमा कुमारी, धन्यवाद ललिता देवी के द्वारा किया गया।

# झारखंड की अंडर 17 महिला फुटबाल टीम नेशनल चैंपियन

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**गुमला।** बिहार के सारण में 25 से 29 दिसंबर तक अयोजित 67वी राष्ट्रीय स्कूली खेल प्रतियोगिता में अंडर-17 के बालिका फुटबॉल में झारखंड चैंपियन बना। इस मुकाबले में झारखंड की अंडर 17 बालिका टीम ने हरियाणा को 3झ्र0 से हराया। झारखंड की जिस टीम ने ये कमल कर दिखाया इसमें गुमला की 7 खिलाड़ी शामिल हैं।

खेलकूद एवम युवा कार्य निदेशालय, झारखंड, रांची द्वारा संचालित आवासीय बालिका फुटबॉल क्रीड़ा प्रशिक्षण केन्द्र इंडोर स्टेडियम गुमला की 7 ट्रेनी अलका इंदवार, एलिजाबेथ लकड़ा, साऊलीना डुंग डुंग, बिनीता होरो, रेस्मी मिंज , सूरज मुनी कुमारी अनिता, डुंग डुंग ने फिर से गुमला जिला का नाम रौशन किया।

# एक जनवरी से हड़ताल के समर्थन में हुई बैठक



आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू जिले के छतरपुर प्रखंड के जन वितरण प्रणाली विक्रेताओं ने बलदेव प्रसाद गुप्ता के आवास पर शुक्रवार को बैठक की। जिसमें एक जनवरी 2024 से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने को लेकर चर्चा की गई। इस दौरान सभी विक्रेताओं ने 1 जनवरी से ई-पोश मशीन बंद कर हड़ताल पर जाने का समर्थन किया। विक्रताओं ने कहा कि जब तक उनकी मांगे केंद्र एवं राज्य सरकार पूरी नहीं करती तब तक कोई भी विक्रेता अपनी दुकानें नहीं खोलेगा। सभी डीलर प्रदेश संगठन एवं जिला संगठन का पूरा सहयोग करेंगे। 16 जनवरी 2024 को दिल्ली में होने वाले प्रोग्राम में शामिल होने के लिए दर्जनों विक्रेताओं ने टिकट करा लिया। बैठक की अध्यक्षता डीलर संघ के अध्यक्ष मो इकबाल खां और संचालन विक्रम पासवान ने किया। मौके पर बसंत यादव, कृष्ण साव, बलदेव प्रसाद, राजेंद्र यादव, हसनैन अंसारी, उदयशंकर प्रसाद, प्रदीप कुमार, महेंद्र सिंह, गुलाम रब्बानी अंसारी, नवल सिंह, उपेंद्र पासवान, अवधेश राम, चंद्रशेखर प्रसाद और शशि पांडेय आदि उपस्थित थे।

## नयी पहल : इंडियन रोटी बैंक की शुरू हुई उड़ान मुहिम

# गरीबी नहीं बनेगी पढ़ाई में बाधक : दुर्गा तिवारी

**अपर समाहर्ता सुरजीत सिंह ने किया शुभारंभ**

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** रोटी बांटने से ज्यादा जरूरी है आज ज्ञान बांटना। स्वस्थ शरीर के लिए जितनी रोटी जरूरी है वैसे ही सशक्त समाज के लिए शिक्षा जरूरी है। इसी सोच को हकीकत में बदलने के लिए इंडियन रोटी बैंक ने उड़ान एजुकेशन स्कॉवड मुहिम के माध्यम से नई पहल का शुभारंभ किया है। इंडियन रोटी बैंक फेम सह सेवादार दीपक तिवारी के आवासीय कार्यालय में निःशुल्क डिजिटल क्लास प्रारंभ हुआ। जिसमें कक्षा एलकेजी से कक्षा छह तक बालक एवं बालिका सभी को डिजिटल तरीके से निःशुल्क शिक्षा दी जाएगी। इतना ही नहीं कक्षा सात से 10 तक बालिकाओं को निःशुल्क डिजिटल क्लास के माध्यम से उनके भविष्य को नई दिशा प्रदान की जाएगी। जिसके उद्घाटन समारोह में अपर समाहर्ता सुरजीत सिंह, शिक्षाविद् अविनाश देव, प्रसिद्ध चिकित्सक डॉ अमित मिश्रा, आकाशवाणी की उद्घोषिका अनुपमा तिवारी, विनोद सिंह, कमलेश पाण्डेय उपस्थित रहे। इस अवसर पर अपर समाहर्ता सुरजीत सिंह ने कहा कि इंडियन रोटी बैंक कोरोना काल से ही समाज में लोककल्याणकारी कार्यों को करते आई है। भोजन बांटने के अलावा इलाज और शिक्षित करने की दिशा में प्रोत्साहित करने में इंडियन रोटी बैंक की कार्यशैली अन्य संस्था के लिए अनुकरणीय है। बताया कि डिजिटल युग में स्मार्ट क्लास का निःशुल्क व्यवस्था करना कर्णधारों के लिए कारगर है। पर महत्वपूर्ण है डिजिटल व्यवस्था में पुराने शिक्षा पद्धति को उपयोगी बनाना। जिससे शिक्षा व्यवस्था सुदृढ़ रहेगी। वहीं, संत मरियम स्कूल के निदेशक अविनाश देव ने कहा कि बच्चे मन के सच्चे होते हैं। इनकी सेवा करना सच्ची सेवा है, जिसे दीपक तिवारी के नेतृत्व में इंडियन रोटी बैंक की कार्यशैली प्रेरणादाई है। वहीं इंडियन रोटी बैंक की नई मुहिम को जनकल्याणकारी बनाने की दिशा में प्रयासरत सेवादार दीपक तिवारी ने बताया कि उड़ान के लिए आकाश कम पड़ जाए ऐसा प्रयास करना जीवन का लक्ष्य है। भोजन वितरण करने की जरूरत तब तक है जब तक समाज अशिक्षित हैं। समाज के अभिशाप को मिटाना सेवा का स्वरूप है, और इंडियन रोटी बैंक परिवार शिक्षा के क्षेत्र में हमेशा कार्यरत रहेगी। भूखमरी, कुपोषण, इलाज, अशिक्षा के लिए इंडियन रोटी बैंक की मुहिम हर वर्ष कार्यरत रहेगी। उद्घाटन समारोह की अध्यक्षता उड़ान एजुकेशन स्कॉवड की संचालिका सह प्रथम शिक्षिका दुर्गा तिवारी और संचालन एपी लकी ने किया। मौके पर यशवंत तिवारी, कृष्ण कन्हैया दूबे, आनंद पाण्डेय, परवेज अख्तर, राकेश तिवारी मिकू, शशि शंकर तिवारी, राम लखन साहू, दिलीप विश्वकर्मा समेत दर्जनों बच्चे मौजूद रहे।



कार्यक्रम के उद्घाटन के मौके पर मौजूद बच्चे व अन्य गणमान्य लोग।

# पलामू भाजपा महिला मोर्चा ने झारखंड सरकार का पुतला फूंका



आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू में महिलाओं पर बढ़ते अपराध और दुष्कर्म की घटनाओं के प्रतिवाद में भाजपा महिला मोर्चा की ओर से शुक्रवार को स्थानीय छह मुहान चौक पर झारखंड सरकार का पुतला दहन किया। जिलाध्यक्ष सीटू गुप्ता ने कहा कि राज्य की भ्रष्ट सरकार में महिलाएं असुरक्षित हैं। प्रतिदिन प्रदेश के किसी न किसी शहर या गांव में महिलाओं एवं बच्चियों के साथ दुष्कर्म, सामूहिक दुष्कर्म और हत्या की घटनाएं होती रही है। अपराधी बिना भय के घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं। दो दिन पहले ही मेदिनीनगर में महिला के साथ सामूहिक दुष्कर्म की घटना घटी है। जब रक्षक ही भक्षक बनकर अपराधियों वाला काम कर रहे हैं, जिसकी जितनी भी निंदा की जाए कम है। प्रदेश प्रवक्ता लवली गुप्ता ने कहा कि हेमंत सरकार में राज्य की गिरती विधि व्यवस्था से लोगों में असुरक्षा की भावना है। महिलाओं पर हो रहे अत्याचार की घटनाएं चिंताजनक है। शहर में दिन के उजाले में महिला के साथ हुई दुष्कर्म की घटना ने झकझोर दिया है। रेणुका पांडे ने कहा कि बीमार महिला शहर में इलाज कराने आती है और उसके साथ घनी आबादी वाले शहरी क्षेत्र में दुष्कर्म हो जाना सरकार और प्रशासन को चुनौती देना है। इस मौके पर सरिता सिन्हा, रेखा देवी, राजलक्ष्मी तिवारी, अनुप्रिया पांडे आदि मौजूद थीं।

# वंदे भारत एक्सप्रेस प्रधानमंत्री की ओर से दी गयी बड़ी सौगात : आनंद शंकर



**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** पलामू चेंबर के अध्यक्ष आनंद शंकर ने वंदे भारत एक्सप्रेस रांची से वाराणसी भाया लोहरदगा, डाल्टनगंज की सौगात देने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को बधाई दी। कहा कि पलामू चेंबर लंबे समय से मांग कर रहा था। आज पलामू का यह सपना सांसद वीडी राम जी के सहयोग से संभव हो पाया है। इसके लिए पूरा चेंबर परिवार एवं पलामूवासी उन्हें कोटि-कोटि बधाई देते है। चेंबर अध्यक्ष ने कहा कि यह ट्रेन रांची से वाराणसी लगभग 6 घंटे में दूरी तय करेगी। समय सारणी जल्द आ जाएगा। ट्रेन का शुभारंभ 2024 नए वर्ष के सौगात के रूप में पलामू को मिलेगा।

# मांगे पूरी नहीं होते तक करेंगे हड़ताल: पप्पू प्रसाद



**विभिन्न मागों को लेकर एक जनवरी से आहूत डीलर संघ की अनिश्चितकालीन हड़ताल के समर्थन में की गई बैठक**

आजाद सिपाही संवाददाता

**सतबरवा/पलामू।** विभिन्न मांगों को लेकर ऑल इंडिया फेयर प्राइस शोप डीलर्स फेडरेशन के आह्वान पर फेयर प्राइस डीलर्स एसोसिएशन ने एक जनवरी से अनिश्चितकालीन देशव्यापी हड़ताल पर जाने का निर्णय लिया है। इस बाबत डीलरों की बैठक गुरुवार को सतबरवा में हुई। जिसकी अध्यक्षता पप्पू प्रसाद ने की। बैठक में बतौर मुख्य अतिथि डीलर संघ के पलामू जिला महामंत्री बैजनाथ प्रसाद व प्रखंड अध्यक्ष कृष्णा यादव, बृजेश तिवारी उपस्थित थे। जिला महामंत्री ने कहा कि हमारी मांग पूर्व का बकाया कमिशन भूगतान करने, कमिशन की राशि 3 रुपया प्रति किलो करने, मानदेय 50 हजार रुपये सुनिश्चित के साथ ही पॉस मशीन को 3जी से 4जी करने की है। कहा कि जब तक हमारी मांगों पर सहानुभूति पूर्वक विचार नहीं किया जाता है, तब तक हड़ताल पर रहेंगे। इस दौरान जन वितरण प्रणाली की सभी दुकानें बंद रहेगी। इस संबंध में बीडीओ अभिषेक पांडेय, एमओ अरविंद कुमार के माध्यम से मुख्यमंत्री व मुख्य सचिव को मांग पत्र सौंप दिया गया है। मौके पर राजेश राम, दीनानाथ प्रसाद, नंदू प्रसाद, निर्मला देवी, शांति देवी, गीता देवी, शीला देवी आदि मौजूद थे।

# जपला-मोहमदगंज थर्ड लाइन का हाजीपुर जोन के सीआरएस व मंडल रेल प्रबंधक ने किया निरीक्षण



आजाद सिपाही संवाददाता

**हुसैनाबाद।** मोहम्मदगंज से जपला तक नवनिर्मित तीसरी रेल पटरी का शुक्रवार को हाजीपुर जोन के सीआरएस सुबय मित्रा व डीडीयू के मंडल रेल प्रबंधक राजेश गुप्ता ने निरीक्षण किया। प्लेटफार्म संख्या तीन पर लगे सैलून से निकले अधिकारी प्लेटफार्म संख्या दो पर पूजा-अर्चना में शामिल हुए। इसके बाद तीसरी रेल पटरी का निरीक्षण व ट्रेन के परिचालन की सुरक्षा व्यवस्था की जानकारी ली। इसके बाद अधिकारी तीसरी रेल पटरी के प्लेटफार्म संख्या एक पर लगी ट्रॉली से जपला स्टेशन पहुचे। करीब तीन घंटे तक निरीक्षण किया। तीसरी रेल पटरी के कोसीआरा, डाली रेल फाटक व हैदरनगर में भी निरीक्षण कर अन्य कार्यों की जानकारी प्राप्त की। सीआरएस सुबय मित्रा ने बताया कि तीसरी लाइन शुरू होने के बाद ट्रेनों का परिचालन सामान्य हो जायेगा। विदित हो कि नवनिर्मित जपला-मोहमदगंज रेलखंड सोननगर -पतरातू तीसरी लाइन परियोजना का एक भाग है। सोननगर से पतरातू तक पूरी परियोजना के पूरा हो जाने पर समग्र रूप में रेल परिचालन क्षमता में बृद्धि के साथ विशेषकर कोयले के विद्युत संयंत्रों तक त्वरित आवागमन में काफी सहायता मिलेगी। मौके पर सीनियर डीओएम इकबाल अहमद, सीनियर डीइएन तीन स्वाति प्रिया, स्टेशन प्रबंधक संजय कुमार, आरपीएफ जपला पोस्ट के प्रभारी निरीक्षक राकेश रंजन जवानों के साथ मौजूद थे।

# अररुआ मिडिल स्कूल में झारोटेफ संघ की पुनर्गठन को लेकर 7 को होगी बैठक



आजाद सिपाही संवाददाता

**हरिहरगंज/पलामू ।** एनएमओपीएस/झारोटेफ संघ के पुनर्गठन को लेकर सात जनवरी को प्रखण्ड स्तरीय बैठक अररुआ खुर्द मीडिल स्कूल में होगी। उक्त जानकारी झारोटेफ के संयोजक राजेश कुमार ने दी। बताया कि हरिहरगंज अररुआ खुर्द मीडिल स्कूल में सात जनवरी को सभी विभाग के अधिकारियों से बैठक में शामिल होने की अपील की जाती है। बताया कि बैठक में मुख्य अतिथि संघ के प्रांतीय उपाध्यक्ष लाल बिहारी यादव और विशिष्ट अतिथि प्रांतीय प्रवक्ता दिनेश कुमार शुक्ला, प्रांतीय उप महासचिव लालेश्वर राम होंगे। बैठक में प्रखण्ड स्तरीय पुनर्गठन एवं पेंशन संरक्षण परिचर्चा की जाएगी। उन्होंने बताया कि 2004 के बाद सरकारी सेवा में आने वाले सभी सरकारी कर्मचारी और अधिकारियों के लिए सरकार द्वारा पुरानी पेंशन को खत्म कर शेयर बाजार पर आधारित एक नयी पेंशन योजना शुरू की गई थी। यह योजना कर्मचारियों की सेवानिवृत्ति के उपरांत सामाजिक सुरक्षा की कोई गारंटी नहीं देता, क्योंकि इसमें न्यूनतम रिटर्न और न्यूनतम पेंशन की कोई सुविधा नहीं है। इस मुद्दे की गंभीरता को समझते हुए वर्तमान मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने अपने चुनावी घोषणा पत्र में पेंशन बहाली के मुद्दे को प्राथमिकता में रखा था। पर चार साल बीतने के बावजूद अब तक कोई ठोस पहल नहीं किए जाने से कर्मचारियों में रोष है।

# लोकसभा चुनाव को लेकर विधानसभा स्तरीय मास्टर प्रशिक्षकों को दिया गया प्रशिक्षण



आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** आगमी लोकसभा आम चुनाव 2024 को लेकर भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली के द्वारा निर्धारित विषयों पर शुक्रवार को विधानसभा स्तरीय मास्टर प्रशिक्षकों को जिला स्तरीय मास्टर प्रशिक्षकों के द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। विधानसभा स्तरीय मास्टर प्रशिक्षकों को मॉडल कोड ऑफ कंडक्ट, एक्सपेंडिचर मोनिटरिंग, मीडिया कंप्लेंट, एमसीएमसी पेड न्यूज, ईवीएम एन्ड वीवीपैट, इलेक्शन मैटेरियल, पोस्टल बैलेट, ईटीपीबीएस, काउंटिंग और डिक्लेरेशन ऑफ रिजल्ट विषय पर जिला स्तरीय मास्टर प्रशिक्षकों के द्वारा प्रशिक्षण दिया गया।

प्रशिक्षण में डीएलएमटी के रूप में एसडीओ सदर अनुराग कुमार तिवारी, एलआरडीसी सदर प्यारे लाल, सीओ सतबरवा कृष्ण मुरारी तिर्की, एसडीओ छतरपुर हीरा कुमार, डीसीओ पलामू उमेश कुमार सिन्हा, उप निदेशक सह जिला जनसंपर्क पदाधिकारी आनंद और उप निर्वाचन पदाधिकारी प्रीति किस्कू आदि उपस्थित थे।

## स्पोर्ट्स



मेलबर्न टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया ने मैच के चौथे ही दिन शुक्रवार को पाकिस्तान को 79 रन से हरा दिया। इस दिन पाकिस्तान की टीम दूसरी पारी में 237 रन पर आलआउट हो गई। इसके साथ ही तीन टेस्ट मैचों की सीरीज 2-0 की बढ़त के साथ ही जीत लिया।

## तीन टेस्ट की सीरीज में 2-0 की बढ़ायी बढ़त, कमिंस के टेस्ट में 250 विकेट भी पूरे

# ऑस्ट्रेलिया ने दूसरे टेस्ट में पाकिस्तान को हराया, सीरीज भी जीती

एजेंसी

**मेलबर्न।** मेलबर्न टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया ने मैच के चौथे दिन ही पाकिस्तान को 79 रन से हरा दिया। शुक्रवार को पाकिस्तान दूसरी पारी में 237 रन पर ऑल आउट हो गया। पाक कप्तान शान मसूद और आगा सलमान ने अर्धशतक लगाया, लेकिन टीम को जीत नहीं दिला सके। वहीं ऑस्ट्रेलिया के लिए पहली इनिंग में पांच विकेट लेने वाले टीम के कप्तान पैट कमिंस दूसरी पारी में भी पांच विकेट लिए। कमिंस को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। अब ऑस्ट्रेलिया ने तीन मैचों की सीरीज में 2-0 की बढ़त के साथ सीरीज अपने नाम कर ली है। पहले टेस्ट में कंगारू टीम 360 रन से जीत दर्ज की थी। तीसरा और आखिरी टेस्ट तीन जनवरी 2024 से सिडनी में खेला जाएगा।



## कमिंस के टेस्ट में 250 विकेट पूरे

### कमिंस जॉनी मुलाग मेडल से सम्मानित

**इस मैच में कमिंस को जॉनी मुलाग मेडल से सम्मानित किया गया। बॉक्सिंग डे टेस्ट मैच के बेस्ट खिलाड़ी (मैन ऑफ द मैच) को जॉनी मुलाग मेडल से सम्मानित किया जाता है। जॉनी मुलाग 1868 की ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट टीम के कप्तान थे, जिनके नाम पर इस मेडल का नाम रखा गया। मुलाग विदेशी दौरे पर जाने वाली पहली ऑस्ट्रेलियाई टीम के कप्तान थे।**

कमिंस ने मेलबर्न पर खेले गए दूसरे टेस्ट मैच के चौथे दिन पाकिस्तानी बल्लेबाज मोहम्मद रिजवान को आउट करते ही अपने 250 टेस्ट विकेट पूरे कर लिए। कमिंस ने ये कारनामा 57 टेस्ट मैचों में किया है। इसके साथ ही कमिंस ऑस्ट्रेलिया के लिए टेस्ट में 250 से ज्यादा विकेट लेने वाले 10वें गेंदबाज बन गए। पाकिस्तान ने टॉस जीतकर पहले फील्डिंग का फैसला किया। ऑस्ट्रेलिया ने पहली इनिंग में 318 रन बनाए, जिसके जवाब में पाकिस्तान टीम 264 रन पर ऑल आउट हो गई। इस आधार पर पहली इनिंग में ऑस्ट्रेलिया को 54 रन की बढ़त मिली। ऑस्ट्रेलिया दूसरी पारी में 262 रन बना सका और पाकिस्तान को 317 रन का टारगेट दिया। इसके जवाब में पाकिस्तान 237 रन पर ऑल आउट हो गया।

दूसरी ओर ऑस्ट्रेलिया ने शुक्रवार को अपनी दूसरी पारी में छह विकेट पर 187 रन से आगे खेलना शुरू किया। टीम 262 रन पर ऑल आउट हो गई। ऑस्ट्रेलिया की ओर से दूसरी पारी में सबसे ज्यादा 95 रन मिचेल मार्श ने बनाए। उनके अलाव एलेक्स कैरी ने 52 और स्टीव स्मिथ ने 50 रन की पारी खेली। वहीं, पाकिस्तान की ओर से मीर हमजा और शाहीन अफरीदी ने चार-चार विकेट लिए, जबकि आमिर जमाल को दो विकेट मिले।

### पाकिस्तान की दूसरी इनिंग

लक्ष्य का पीछा करने उतरी पाकिस्तान टीम की शुरूआत खराब रही थी। टीम के लिए अब्दुल्ला शफीक चार रन और इमाम उल हक 12 रन बनाकर आउट हुए थे। टीम के लिए कप्तान शान मसूद ने सबसे ज्यादा 60 रन और आगा सलमान ने 50 रन की पारी खेली। ऑस्ट्रेलिया की ओर से कप्तान पैट कमिंस पांच विकेट लिए। वहीं, मिचेल स्टार्क को चार विकेट मिले। जोश हेजलवुड को एक विकेट मिला।

# हड़ताल को लेकर हुसैनाबाद में पीडीएस डीलर की बैठक




**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** विभिन्न मांगों को लेकर एक जनवरी से हुसैनाबाद प्रखंड के पीडीएस डीलर हड़ताल पर जाएंगे। इस बाबत शुक्रवार को शहर के रुद्रा होटल परिसर में फेयर प्राइस डीलर्स एशोसिएशन के नेतृत्व में प्रखंड स्तरीय बैठक की गई। प्रखंड पीडीएस डीलर संघ के अध्यक्ष अभिमन्यु सिंह व सचिव उदय यादव ने बताया कि सरकार डीलरों के प्रति नाइंसाफी कर रही है। वर्षों से लंबित मांगों को आज तक पूरा नहीं किया गया। हर बार केवल आश्वासन मिला। संगठन के केंद्रीय नेतृत्व के आह्वान पर अपनी आठ सूत्री मांगों को लेकर प्रखंड के समस्त डीलर एक जनवरी से हड़ताल पर जाएंगे। इस संबंध में पीडीएस डीलरों ने बीडीओ को ज्ञापन भी दिया है। मौके पर महासचिव बिमलेश कश्यप, उमेश पासी, मिथिलेश राम, प्रवीण चौधरी, अजित चौधरी, सूर्यनाथ राम, अरविंद सिंह, अरुण सिंह, गोपालशरण सिंह, संजय सिंह, रजनीश सिंह, रविंद्र सिंह और अजित कुमार आदि मौजूद थे।

## हाफ मैराथन का महाकुंभ 28 जनवरी को, रजिस्ट्रेशन शुरू

**बोकारो (आजाद सिपाही)।** इस्पात संयंत्र की ओर से हाफ मैराथन की दूसरी पारी 28 जनवरी को आयोजित होगी। इसके लिए खिलाड़ियों का रजिस्ट्रेशन बीएसएल के इडीपी एंड ए राजन प्रसाद की अगुवाई में शुरू हो चुकी है। मोहन कुमार मंगलम स्टेडियम में गुब्बारा उड़कर इसकी घोषणा की गई। इसके बाद बीएसएल के राजन प्रसाद ने वेबसाइट लांच किया। आयोजन मंडल ने कहा कि बीएसएल की ओर से आयोजित हाफ मैराथन प्रत्येक वर्ष जनवरी के चौथे रविवार को होगी। मैराथन में 21 किलोमीटर, 10 किलोमीटर और पांच किलोमीटर के प्रतिभागी दौड़ेंगे। वहीं दिव्यांगों के लिए दो किलोमीटर की दौड़ लगानी होगी। मैराथन की पूरी जानकारी वेबसाइट बोकारो मैराथन.कॉम पर उपलब्ध करा दिया गया है। गत वर्ष 22 राज्यों के प्रतिनिधि ने हिस्सा लिया था। इस मौके पर सीजीएम कुंदन कुमार, सुजय कुमार, कृष्ण चंद्र, शरद कुमार, संचार प्रमुख मणिकांत धान, सहायक जीएम सुभाष रजक आदि मौजूद थे।

### बांसजोड़ा के लोगों को सुविधाओं से वंचित किया गया तो बर्दाश्त नहीं करेंगेः राम रहीम

# जनवरी के पहले सप्ताह से पिट वाटर देने पर सहमति

आजाद सिपाही संवाददाता

**लोयाबाद।** बांसजोड़ा में पीट वाटर की समस्याओं को लेकर शुक्रवार को बांसजोड़ा कोलियरी कार्यालय में वार्ता हुई। जिसमें अधिकारियों के अलावे जलेश्वर सर्मथक बांसजोड़ा के राम रहीम मुख्य रूप से शामिल हुए। परियोजना पदाधिकारी जीएल धुर्वे ने कहा कि बांसजोड़ा माइंस से पानी सप्लाई करना सुरक्षित नहीं रहा। वहां कार्बनडाई ऑक्साइड जहरीला गैस है। जिसकी चपेट में आने वाले लोगों की जान जा सकती है। आश्वस्त किया कि प्रबंधन ग्रामीणों को सेफ्टी के साथ पानी की समस्या को दूर करेगा। वार्ता में कांग्रेस के पदाधिकारियों



पिट वाटर आपूर्ति को लेकर बैठक करते जलेश्वर समर्थक व प्रबंधकिय अधिकारी।

व ग्रामीणों ने सुझाव दिया कि नया बोर होल के जरिये बांसजोड़ा बाजार, गड़ेरिया बस्ती, बांसजोड़ा 12 नंबर सहित अन्य इलाकों में पीट वाटर के लिए पुराना बांसजोड़ा कार्यालय के पास एक नया बोरहोल करवाया जाए, वहां पानी आसानी से मिल जाएगा। सर्वेयर एसके मित्रा ने कहा कि वहां 127 मीटर पर पानी है। हालांकि प्रबंधन ने बेलदारी बस्ती के निकट के बोर होल से पाइप लाइन बिछाकर बांसजोड़ा वासियों को पानी देने की बात कही। करीब एक घंटे तक वार्ता हुई। राम रहीम ने कहा कि ग्रामीण बांसजोड़ा वासियों को पानी, बिजली और मेडिकल सुविधाओं से वंचित किया गया तो बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। वार्ता में जनवरी तक पीट वाटर सुचारू करने पर सहमति बनी। ज्ञात हो कि करीब पांच सालों से बांसजोड़ा के करीब 30 हजार की आबादी पीट वाटर की समस्याओं से परेशान है। मौके पर पीओ जेएल धुर्वे, मैनेजर एसके दास, पीएम मुकेश कुमार, इंजिनियर दीपक बारे, राम रहीम राजकुमार महतो, असलम मंसुरी, डॉक्टर रफीक, जमसं के मनोज कुशवाहा, सत्यनारायण यादव, मुकेश साव, राहुल पांडेय, गौतम रजक, मुश्ताक मंसुरी, विष्णु प्रमाणिक आदि मौजूद थे

## यौन शोषण की शिकार नाबालिग ने दिया बच्चे को जन्म

**जैनामोड़/बेरमो (आजाद सिपाही)।** जरीडीह थाना क्षेत्र अंतर्गत तांतरी उतरी पंचायत में अधेड़ उम्र के एक व्यक्ति द्वारा यौण शोषण की शिकार 17 वर्षीय मंदबुद्धि किशोरी ने 20 दिसंबर को एक बच्चे को जन्म दिया है। इस बाबत लड़की के पिता ने बताया कि जरीडीह थाना में यौन शोषण का मामला दर्ज किया गया है। लेकिन आरोपी की अभी तक गिरफ्तारी नहीं की गई है। इस संबंध में सहयोगिणी संस्थान के निदेशक गौतम सागर ने कहा कि इसकी उपर्युक्त जांच करते हुए शोषण की शिकार किशोरी को न्याय दिलाया जाय। जरीडीह थाने में दर्ज की गई शिकायत के अनुसार लड़की की उम्र 17 वर्ष है। जिसे विगत एक वर्ष से गांव के अधेड़ उम्र के व्यक्ति द्वारा घर में अकेला पाकर उसे डरा धमकाकर बराबर अवैध तरीके से शारीरिक संबंध बनाया जा रहा था। पीड़िता के पिता के अनुसार वह व उसका पुत्र मजदूरी करने चले जाते थे। पीड़िता की मां भी मंदबुद्धि है। आरोपित ने इसी बात का फायदा उठाकर लड़की को शिकार बनाया।


**वरीय पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, रॉंची।**

**सर्वसाधारण के लिए सूचना।**



अज्ञात महिला का शव उम्र करीब–50 वर्ष,
उँचाई–5 फिट 5 ईंच, रंग–सॉवला

उपरोक्त अज्ञात महिला का शव ईटकी थाना अन्तर्गत गोदरेज कम्पनी गोदाम के सामने के पास से बरामद किया गया है। जिसके संबंध में ईटकी थाना–काण्ड सं0–95/23, दिनांक–11.12.2023, धारा–279/304(ए) भा0द0वि0 दर्ज किया गया है। इनकी पहचान हेतु जनता का सहयोग अपेक्षित है। इनकी पहचान हेतु जनता का सहयोग अपेक्षित है।

अतः सभी जन साधारण से अनुरोध है कि यदि आपको इस अज्ञात महिला के शव के बारे में जानकारी हो तो वरीय पुलिस अधीक्षक के कार्यालय रॉंची में या संबंधित थाना या निम्नांकित फोन नम्बर पर संपर्क कर इसकी सूचना दें।

पुलिस उपाधीक्षक, बेड़ो, रॉंची। –9431706142
थाना प्रभारी ईटकी, रॉंची। –9431706177

वरीय पुलिस अधीक्षक,
रॉंची।

PR 314728 (Police) 23-24 (D)


## कलयुग में कल्याण चाहिए, तो हनुमत चरणों की बनना पड़ेगा चरणानुरागी : संत सुधीरजी महाराज

**बोकारो (आजाद सिपाही)।** गोरखपुर श्रीधाम से पधारे कथा वाचक संत श्री सुधीर जी महाराज ने श्रीराम कथा अमृत वर्षा ज्ञान महायज्ञ के आठवें दिन बोकारो के सेक्टर-1 स्थित श्री राम मंदिर आध्यात्मिक परिसर में सुंदरकांड का विस्तार से वर्णन किया। कहा कि सुंदरकांड सर्वांग सुंदर है। जो भी भक्त इस पाठ का परायण करता है उसका हर सोपान सुंदर हो जाता है। उन्होंने मां सीता की खोज में हनुमान जी को समुद्र पार कर लंका जाने के क्रम की कथा सुनाते हुए कहा कि हनुमान जी को लंका जाने के क्रम में सुरसा, मैनाक और लकिनी आदि के रूप में अनेक बाधाएं आई । लेकिन वे अपने लक्ष्य से तनिक भी विचलित नहीं हुए। महाराज श्री ने कहा कि आज समाज में जो भी अच्छा काम हो रहा है, उसमें समाज के ही बड़े और उत्कृष्ट लोग बाधा उत्पन्न करते हैं। लेकिन बड़े लोगों के सामने बड़प्पन दिखाना अच्छा नहीं होता अर्थात प्रतिस्पर्धा दिखाने पर कार्य को सही अंजाम नहीं दिया जा सकता। इसका प्रमाण हनुमान जी ने सुरसा के सामने लघु रुप दिखाकर स्पष्ट कर दिया। हनुमान जी ज्ञानियों के अग्रगण्य हैं। यह यश बांटने में सबसे आगे और यश लेने में सबसे पीछे रहते हैं। इसलिए अगर कलयुग में कल्याण चाहते हैं तो हनुमत चरणों की चरणानुरागी बनना पड़ेगा। भक्ति के मार्ग पर कठिनाइयों को झेलते हुए अगर आपने पार कर लिया तो भक्ति देवी और भगवान दोनों के दर्शन का लाभ मिलेगा। महाराज श्री ने सीता हरण का



प्रसंग सुनाते हुए कहा कि संत महापुरुषों के सानिध्य से हटकर कर्म करने का दुष्परिणाम मनुष्य को भुगतना ही पड़ता है। सीता जी ने यहां तीन गलतियां की। प्रथम गलती कि सोने रुपी हिरन के आखेट के लिए ब्रम्ह को भेज दिया। दूसरी गलती की 14 वर्षों से वैराग्य जीवन जीने वाले लक्ष्मण को भी वहां से हटा दिया और तीसरी गलती हुई कि संत की मर्यादा रेखा का उल्लंघन किया। यही कारण है कि संत का संघ नहीं रहने पर रावण रूपी बुराई उन्हें उठा ले गई। इससे शिक्षा मिलती है कि हम किसी भी परिस्थिति में साधु संन्यासियों के संग की उपेक्षा नहीं करें और लोगों को कुसंग से सावधान रहना चाहिए। इस आयोजन में लियो नाइन के सुजीत कुमार सिंह, चंदन जायसवाल, मंटू सिंह, रुद्र कुमार, रमन कुमार दूबे, ब्रजेश सर्राफ, राजू जयसवाल, अमित चौधरी, अमर गुप्ता, श्री राम मंदिर आचार्य शिव कुमार शास्त्री जी, कृष्णकांत त्रिपाठी जी और श्री शक्ति सेवा समिति महिला मंडल से डॉक्टर रिचा सिंह, इंदू कुमार, माया सिन्हा, इंद्रा गुप्ता, करुणा सिंह, अनीता सिंह, पुतुल आखौरी आभा सिंह की भूमिका सराहनीय है।

## छापामारी में दो बाइक चार साइकिल सहित दो टन कोयला जब्त



**जारंगडीह (आजाद सिपाही)।** कथारा ओपी थाना क्षेत्र के कथारा वाशरी और कथारा कोलियरी में शुक्रवार की सुबह 5 बजे छापामारी की गई। कथारा क्षेत्र के महाप्रबंधक डीके गुप्ता के आदेशानुसार क्षेत्रीय सुरक्षा पदाधिकारी के नेतृत्व में क्षेत्रीय गस्ती दल, कथारा वाशरी गस्ती दल ने संयुक्त रूप से छापामारी किया। गस्ती दल को देख कोयला चोर भाग खड़े हुए। इस दौरान मौके से दो बाइक और 4 साइकल पर लदे कोयला को जब्त किया गया। बाइक एवं साइकिल को पूर्ण रूप से क्षतिग्रस्त कर दिया गया। इसके बाद 25 से 30 अवैध कोयला से भरे बोरा को जब्त कर कथारा वाशरी कोयला स्टॉक में पहुंचा दिया गया। जिसका वजन लगभग 2 टन होगा। छापामारी में क्षेत्रीय सुरक्षा प्रभारी इबरार हुसैन, कथारा क्षेत्रीय नागेश्वर नोनिया, अशोक कुमार, क्षेत्रीय रात्रि गस्ती सुपरवाइजर) रामचंद्र मांझी एसआई, कथारा वाशरी प्रभारी राज कुमार, संजय कुमार दास सहित झारखंड गृह सशस्त्र बल, कथारा क्षेत्रीय सुरक्षा प्रभारी एवं अन्य जवान शामिल थे। उधर, छापामारी से तस्करों में हड़कंप है।

## डीसी के आश्वासन के बाद आइएमए की प्रस्तावित हड़ताल का निर्णय वापस

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** डीसी वरुण रंजन के साथ मुलाकात के बाद शुक्रवार को इंडियन मेडिकल एसोसिएशन ने शनिवार से प्रस्तावित हड़ताल को वापस ले लिया है। इससे पहले आइएमए ने बैठक कर सुरक्षा की मांग को लेकर 30 दिसंबर से प्राइवेट चिकित्सकों द्वारा हड़ताल की घोषणा की थी। डीसी ने इस दिन अपने कार्यालय कक्ष में इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात की और चिकित्सकों की समस्याओं को सुना। इसके बाद उन्हें सुरक्षा प्रदान करने का आश्वासन दिया। बैठक में वरीय पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार भी मौजूद थे। उन्होंने सभी अस्पताल व नर्सिंग होम को एक रजिस्टर रखने की सलाह दी।



जिसमें टाइगर फोर्स या गश्ती दल में शामिल पुलिसकर्मी गश्त के बाद हस्ताक्षर करेंगे। साथ ही सहायता के लिए टाइगर फोर्स, स्थानीय पुलिस स्टेशन और पुलिस उपाधीक्षक का मोबाइल नंबर रखने की सलाह दी। बैठक में सिटी एसपी अजीत कुमार, पुलिस उपाधीक्षक मुख्यालय एक अमर कुमार पांडेय, अनुमंडल पदाधिकारी उदय रजक, सिविल सर्जन डॉ चंद्रभानू प्रतापन, आईएमए के प्रदेश अध्यक्ष डॉ एके सिंह, डॉ मेजर चंदन, डॉ प्रणय कुमार पूर्बे, डॉ. राकेश इंदर सिंह आदि मौजूद थे।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,**
**ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, कोडरमा।**

**शुद्धि पत्र**

निविदा सूचना सं0 – RDD/SD/KODERMA/09/2023-24 आमंत्रित किया गया था। जिसका पी0 आर0 सं0 – 313196 है। जिसमें निम्न संशोधन किया जाता है।

1- Upload B.O.Q के कमांक 43 में Labour cess के स्थान पर G.S.T एंव कमांक 44 में G.S.T के स्थान पर Labour cess पढा जाए।

शेष नियम–शर्तें यथावत् रहेगा।

ह0/–
कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, कोडरमा।

PR 314676 (Rural Work Department) 23-24 (D)



**Office of Executive Engineer**
**Drinking Water & Sanitation Division, Hazaribag**

**Very Short Tender e- Procurement Notice**
**(1st Call)**

**E-Tender reference no- DWSD/HZB/Spare_Part/2023-24/15**
**Date- 26.12.2023**

| Sl. No | Particulars | Details |
|---|---|---|
| 1 | Name of Work- | Supply of Spare parts of deep well hand pump India Mark-II Conforming to I.S: 9301-1990 with latest amendment (may be read along with Ist amendment IS: 15500 (Part 1-7) 2004 with latest amendment for spares of India Mark- II respectively) under D.W.& S. Division, Hazaribag for the year 2023-24 |
| 2 | Estimated Cost (in Rs.) | Rs. 19,98,002/- |
| 3 | E. M. Required (in Rs.) | Rs. 40,000/- (Through Online) |
| 4 | Cost of BOQ (in Rs.) | Rs. 5,000/- (Through Online) |
| 5 | Time of Completion | 01 Month |
| 6 | Date of Tender uploading in website | Date:- 30.12.2023 at 03.00 PM |
| 7 | Last date & Time receipt of Bid | Date:-08.01.2024 upto 05.00 PM |
| 8 | In the reference letter No.-120 Dt.-03.10.2023 of the Secretary to the Government, Ministry of Information Technology, e-Governance, Jharkhand Last Date & Time for Online Depositing Cost of BOQ & EMD | Date:-08.01.2024 upto 05.00 PM |
| 9 | Date of Opening Technical Bid | Date:-09.01.2024 at 02:00 PM |
| 10 | Name and address of office inviting tender | Executive Engineer, Drinking Water & Sanitation Division, Hazaribag |
| 11 | Contact no of e-procurement office | 06546-262291; 06546-270154 |
| 12 | Helpline No. of e-procurement cell | 0651-2480345 |

Further details can be seen on website- http://jharkhandtenders.gov.in

Executive Engineer
D.W. & S. Division,
Hazaribag

PR 314562 (Drinking Water and Sanitation) 23-24 (D)


### एसडीएम करेंगे निगरानी, सोशल मीडिया पर भी नजर

# 2 जनवरी तक पिकिनिक स्थलों पर तैनात रहेंगे मजिस्ट्रेट व पुलिस फोर्स

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** डीसी वरुण रंजन के निर्देश पर एडीएम (लॉ एंड ऑर्डर) कमलाकांत गुप्ता ने जिले के पिकनिक स्पॉट पर दंडाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की है। शुक्रवार से दो जनवरी तक मैथन डैम के गोगना छठ घाट, स्पोर्ट्स हॉस्टल, कालीपहाड़ी चौक, बोट घाट एवं मिलेनियम पार्क, तोपचांची में मंदिर के सामने, तोपचांची झील, लीची बगान, आम बगीचा, भटिंडा फॉल के प्रवेश द्वार, माटीगढ़ डैम, माटीगढ़ और चिटाही धाम राम राज मंदिर, टुण्डू में दंडाधिकारी के साथ पुलिस फोर्स मौजूद रहेंगे। इसके अलावा जनवरी महीने के प्रत्येक शनिवार एवं रविवार को मैथन



के गोगना छठ घाट, स्पोर्ट्स हॉस्टल, कालीपहाड़ी चौक, बोट घाट एवं मिलेनियम पार्क में दंडाधिकारी के साथ पुलिस फोर्स मौजूद रहेंगे। इसके अलावा एसडीएम उदय रजक पूरे अनुमंडल क्षेत्र में प्रतिनियुक्त दंडाधिकारियों एवं पुलिस फोर्स की उपस्थिति सुनिश्चित करेंगे एवं विधि व्यवस्था पर निगरानी रखेंगे। सिविल सर्जन भी किसी प्रकार की आपात स्थिति से निपटने के लिए चिकित्सकों की टीम की प्रतिनियुक्ति करेंगे और सभी स्वास्थ्य केंद्र एवं उप स्वास्थ्य केंद्र में 24 घंटे चिकित्सक, एएनएम की उपलब्धता सुनिश्चित कराएंगे। वहीं सोशल मीडिया एवं व्हाट्सएप ग्रुप आदि के माध्यम से अफवाह फैलाने वालों पर भी नजर रखी जाएगी।


**जिला खेल पदाधिकारी, कार्यालय, गुमला**
(जिला पर्यटन,कला–संस्कृति,खेलकूद एवं युवाकार्य शाखा)
रूम–04 एवं 05 नया समाहरणालय, गुमला –835207
Email id- sportsgumla@gmail.com

**आम सूचना**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि उप निदेशक, खेलकूद एवं युवाकार्य निदेशालय, झारखण्ड, रॉंची के पत्रांक 1226 दिनांक 21.12.2023 के निदेशानुसार जिला स्तर से खेल संघो का पंजीकरण "जोहार खिलाड़ी पोर्टल" पर किया जाना है।

अतः आप सभी खेल संघो के अध्यक्ष/सचिव से अुनरोध है कि वे अपना खेल संघ का नाम, ई–मेल आई०डी० एवं मोबाईल नम्बर, जो खेल संघ से संबंधित हो (न की किसी निजी व्यक्ति से संबंधित हों) उक्त जानकारी जिला खेल कार्यालय, गुमला में दिनांक 02.01.2024 के अपराह्न 05:00 बजे तक जमा करना सुनिश्तिच करेंगे।

जिला क्रीड़ा पदाधिकारी,
गुमला

PR314751 (District)23-24*D



**झारखण्ड शिक्षा परियोजना, गुमला**
**जिला परियोजना कार्यालय**
प्रशिक्षण–सह–उत्पादन केन्द्र भवन, समाहरणालय परिसर, गुमला पिन–835207
ईमेल : ssa09gumla@gmail.com

शिक्षा का अधिकार
सर्व शिक्षा अभियान
सब पढ़ें सब बढ़ें

**सूचना**

कस्तूरबा गाँधी बालिका विद्यालय/झारखंड आवासीय बालिका विद्यालय में संविदा के आधार पर पूर्णकालिक शिक्षिकाओं के रिक्त पदों पर औपबंधिक चयन के उपरांत चयनित एवं प्रतीक्षा सूची का प्रकाशन कर दिनांक 26.12.2023 तक आपत्ति की माँग अभ्यर्थियों से की गई थी। दिनांक 26.12.2023 तक प्राप्त 19 आपत्ति आवेदन का निराकरण कर विवरणी का प्रकाशन गुमला जिला के अधिकारिक वेबसाईट https://gumla.nic.in पर अपलोड कर दी गई है।

संबंधित अभ्यर्थी अपना आपत्ति आवेदन के संबंध में निराकरण ब्यौरा गुमला जिला के अधिकारिक वेबसाईट https://gumla.nic.in पर अवलोकन कर सकते हैं।

जिला शिक्षा पदाधिकारी–सह–
जिला कार्यक्रम पदाधिकारी
झारखण्ड शिक्षा परियोजना, गुमला

PR 314754 Jharkhand Education Project Council(23-24)#D



**उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, रामगढ़**

(जिला भू–अर्जन शाखा)

–: प्रेस विज्ञप्ति :–

भारतमाला परियोजना के अन्तर्गत कि0मी0 55.650 से कि0मी0 71.323 तक NH320B गोला–ओरमॉझी सेक्शन के चौड़ीकरण/चार लेन के निर्माण (पैकेज–02) परियोजना हेतु मौजा कमती में प्रभावित होने वाली संरचना का नोटिस तामिला होने के बावजूद अभी तक संबंधित रैयतों के द्वारा संरचना का मुआवजा प्राप्ति हेतु कार्यालय में बंध–पत्र एवं अन्य कागजात जमा नहीं किया गया है। फलस्वरूप परियोजना कार्य में बाधा उत्पन्न हो रही है। मुआवजा भुगतान प्राप्त नहीं करने वाले पंचाटियों की विवरणी निम्नवत् हैः–

| क्रं0 | मौजा | पंचाटी का नाम | प्लॉट नं0 | संरचना नं0 |
|---|---|---|---|---|
| 01 | कमती | कृष्ण कुमार वर्मा एवं आलोक कुमार वर्मा | 1595 | K-7 |

उपरोक्त मौजा के अंतर्गत प्रभावित भू–धारियों को सूचित किया जाता है कि कार्यालय में संरचना का मुआवजा राशि प्राप्त करने हेतु अधिगृहित जमीन से संबंधित दस्तावेज, बंध–पत्र एवं अन्य कागजात कार्यालय में प्रेस विज्ञप्ति प्रकाशन की तिथि से एक सप्ताह के अन्दर जमा कराना सुनिश्चित करें अन्यथा सभी वाद एवं उसमें सन्निहित राशि को वाद को NHAI Act. 1956 की धारा 3(H)4 के तहत् व्यवहार न्यायालय, रामगढ़ में भेज दिया जायेगा एवं संरचना हटाने की कार्रवाई की जाएगी।

ह०/–
जिला भू–अर्जन पदाधिकारी,
–सह–
सक्षम पदाधिकारी, रामगढ़।

PR 314583 Land Reforms(23-24)D



**कार्यालय, झुमरीतिलैया नगर परिषद**

अति अल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना :– JMC/11/2023-24 Date – 29-12-2023
मद् का नाम :– 15वें वित्त आयोग

| क्रं0 सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (in Rupees) | अग्रधन की राशि (in Rupees) | निविदा शुल्क (in Rupees) | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Construction Of Rcc Drain And Pcc Road From Ch School Main Road To House Of Munna Sultania To Culvert Of Dhani Singh Talab In Ward No. 09 Under Jhumri Telaiya Nagar Parishad. | 4382119.00 | 87650.00 | 10000.00 | 04 Month |

1 Only E-Tender will be accepted
2. नगर विकास एवं आवास विभाग अन्तर्गत समुचित श्रेणी में निबंधित संवेदक निविदा में भाग ले सकते है।
3. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि : 06.01.2024 (पूर्वाहन 10.00 बजे से)।
4. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय : 14.01.2024 अपराहन 5.00 बजे।
5. निविदा खोलने की तिथि : 16.01.2024 अपराहन 5.00 बजे।
6. हेल्पलाईन नम्बर : 6204691550, 9835420400
7. E-Procurement में Tender Fee एवं EMD की राशि ऑनलाईन सूचना प्रोद्योगिकी एवं ई–गवर्नेंस विभाग, झारखण्ड, राँची का आदेश ज्ञापांक – 120, दिनांक– 03.10.2023 एवं नगर विकास एवं आवास विभाग , झारखण्ड, राँची का पत्रांक 05/विविध (e-tender)–12/2023/न0वि0–4847 (अनु0) दिनांक– 11.10.2023 के तहत ली जायगी।
8. निविदा शूल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
विशेष जानकारी विभागीय वेबसाईट http://jharkhandtenders.gov.in पर देखी जा सकती है।

प्रशासक
झुमरी तिलैया नगर परिषद

PR 314711 (Urban Development)23-24*D

## न्यूज रील्स

### आइपीएस स्तर पर पदोन्नति: 5 लोगों को आइजी, 6 लोगों को डीआइजी में प्रमोशन मिला

**भुवनेश्वर।** पांच आइपीएस आइजी पाहिया में पदोन्नति। 2006 बैच के 5 आइपीएस को आइजी पद पर पदोन्नति दी गयी है। डीआइजी अनुप साहू को आइजी पद पर पदोन्नति दी गयी है। आइपीएस अम्रिता दास, अनिरुद्ध सिंह, अनुप क्रिष्णा और सुधा सिंह को भी आइजी पद पर पदोन्नति दी गयी है। इसी तरह 2010 बैच के 6 आइपीएस को डीआइजी पद पर पदोन्नति किया गया है। आइपीएस मित्रभानु महापात्र, सारा शर्मा, कंवर विशाल सिंह, आशीष कुमार सिंह, पारुल गुप्ता और के शिवा सुब्रमणि को डीआइजी पद पर पदोन्नति किया गया। आशीष, पारुल और सुब्रमणि अब केंद्रीय डेप्यूटेसन पर हैं। केंद्रीय डेप्यूटेसन पर तैनात 1999 बैच के आईपीएस घनश्याम उपाध्याय को एडीजी पद पर पदोन्नति दी है।

### देश में कोरोना के 797 नये मामले, पांच की मौत

**नयी दिल्ली।** देशभर में 24 घंटे में 797 लोगों की कोरोना रिपोर्ट पॉजिटिव आयी है। वहीं, 798 मरीज ठीक हुए और पांच की मौत हुई है। सात महीने बाद कोरोना के इतने मामले दर्ज हुए हैं। इससे पहले 19 मई 2023 को 865 केस रिपोर्ट हुए थे। देश में कुल एक्टिव केस की संख्या 4091 हो गयी है।

## सीएम ने की घोषणा : बीजू स्वास्थ्य कल्याण योजना और नवीन कार्ड का शुभारंभ

# कोई पैसे के अभाव में इलाज से वंचित नहीं रहेगा : मुख्यमंत्री

● राज्य की 90 प्रतिशत जनता को लाभ होगा



आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** स्वास्थ्य और विकास का गहरा संबंध है। एक स्वस्थ समाज ही समृद्ध भविष्य की नींव है। स्वास्थ्य के क्षेत्र में सरकार के सभी कार्यक्रमों के पीछे हमारा महत्वाकांक्षी लक्ष्य 'स्वस्थ ओड़िशा, सुखी ओड़िशा' है। मेरा सपना ओड़िशा के सभी लोगों को सार्वजनिक स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करना है। मैं ऐसा ओड़िशा चाहता हूं जहां स्वास्थ्य सेवा सभी के लिए अधिकार और सस्ती हो। मेरे राज्य में कभी भी कोई भी व्यक्ति पैसे के बदले अच्छी चिकित्सा सुविधाओं से वंचित नहीं रहना चाहिए। इस लक्ष्य को लागू करने के लिए, हमने 5 साल से भी कम समय में बीजू स्वास्थ्य कल्याण योजना शुरू की और इसने ओड़िशा के लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सेवा प्रदान करने में एक क्रांतिकारी बदलाव लाया। हमारे राज्य के सभी लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सेवा प्रदान करने के लिए बीजू स्वास्थ्य कल्याण योजना का पर्यायक्रमे में विस्तार किया जा रहा है। पहले चरण में, सभी सरकारी अस्पतालों में सभी लोगों को, चाहे उनका व्यवसाय और निवास कुछ भी हो, सभी उपलब्ध चिकित्सा सुविधाएं निःशुल्क प्रदान की जाती हैं। दूसरे चरण में सभी खाद्य सुरक्षा लाभार्थियों को बीजू स्वास्थ्य कल्याण योजना के तहत निजी अस्पतालों में मुफ्त इलाज मिल रहा है। बीएसकेवाई योजना के तहत हर महीने 45 लाख से अधिक लोगों को विभिन्न सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों में मुफ्त इलाज मिल रहा है। इसके अलावा निजी अस्पतालों में 130,000 लोग कैशलेस इलाज करा रहे हैं। इसके लिए राज्य सरकार पंजीकृत निजी अस्पतालों पर प्रति माह 260 करोड़ रुपये खर्च कर रही है। पिछले 5 वर्षों में, राज्य सरकार ने बीएसकेवाई योजना के तहत 4500 करोड़ रुपये खर्च किए हैं और 21 लाख मरीजों को विभिन्न निजी अस्पतालों में कैशलेस इलाज की सुविधा प्रदान की है। देशभर में सार्वजनिक स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में यह एक अनूठा उदाहरण है। एक अच्छा मॉडल। यह ओड़िशा के लोगों के लिए एक सुनिश्चित स्वास्थ्य सेवा व्यवस्था है, जिसमें सार्वजनिक और निजी दोनों क्षेत्रों में अच्छी सुविधाएं प्रदान की जा रही हैं। अब हम बीएसकेवाइ योजना का तीसरा चरण शुरू कर रहे हैं। इस चरण के दौरान बीएसकेवाइ से वंचित ग्रामीण लोगों को गंभीर बीमारियों के लिए निजी अस्पतालों में कैशलेस सुविधा प्रदान की जायेगी। इस पर्याय में केवल सरकारी कर्मचारियों और आयकर दाताओं को छोड़कर, सभी ग्रामीण परिवार, जो वर्तमान में बीएसकेवाइ योजना के तहत कवर नहीं हैं, हमारी नयी योजना के तहत कवर किए जायेंगे। उन सभी को हमारा नया बीएसकेवाइ-नवीन कार्ड मिलेगा। उन्हें राज्य के भीतर और बाहर सभी पंजीकृत निजी अस्पतालों में निर्धारित गंभीर बीमारियों के इलाज की सुविधा भी मिलेगी। इस तीसरे चरण के विस्तार में प्रदेश के 1 करोड़ 10 लाख से अधिक परिवार, जो हमारी आबादी का लगभग 90 प्रतिशत है। इन सभी को बीजू स्वास्थ्य कल्याण-नवीन कार्ड के माध्यम से बेहतर चिकित्सा सुविधाएं मिलेंगी। मेरा मानना है कि बीएसकेवाइ-नवीन कार्ड से ओड़िशा के किसी भी परिवार को आर्थिक दुरवस्था के कारण गंभीर बीमारियों के इलाज में कोई परेशानी नहीं होगी। इसके लिए ओडिशा सरकार सभी चिकित्सा खर्च अपने कोष से वहन करेगी।

### 6 जनवरी को आदित्य एल-1 जगह पर पहुंचेगा

**बेंगलुरु।** इसरो का सोलर मिशन आदित्य एल1 सूरज और पृथ्वी के सिस्टम में मौजूद लैगरेंज पॉइंट 1 (एल1) पर 6 जनवरी को शाम 4 बजे पहुंच जायेगा। इसरो प्रमुख एस सोमनाथ ने यह जानकारी दी। कहा कि आदित्य एल1 के सभी इक्विपमेंट्स की टेस्टिंग की जा चुकी है

## नाव दुर्घटना : मुख्यमंत्री ने की चार लाख मुआवजा की घोषणा

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने कल कोरापुट जिले के नंदपुर ब्लॉक के पाताली नदी में एक नाव दुर्घटना में 5 लोगों की मौत पर गहरा दुख व्यक्त किया है और मृतकों के परिजनों को चार-चार लाख रुपये की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की है। और शोक संतप्त परिवार के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की।

## टाटा स्टील के पेयजल कार्यक्रम से 20 हजार ग्रामीणों को मिला लाभ

TATA STEEL
#WeAlsoMakeTomorrow



आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** नरेंद्रपुर संयुक्त राष्ट्र विकास लक्ष्य-6 के अनुरूप सभी के लिए पानी और स्वच्छता की पहुंच और सतत प्रबंधन सुनिश्चित करना टाटा स्टील फाउंडेशन (टीएसएफ) का मिशन ढेंकनाल नरेंद्रपुर में टाटा में स्वच्छ और सुरक्षित पेयजल सुनिश्चित करना है। नरेंद्रपुर टाटा स्टील मेरमंडली संयंत्र ने विभिन्न अंतदेर्शीय परियोजनाओं के माध्यम से आसपास के ग्रामीण इलाकों में जीवन बदल दिया है। इस कार्यक्रम के एक भाग के रूप में, कुसुपंगा, नुआगांव और नुआहता ग्राम पंचायतों के तहत 5 पारि पार्श्विक गांवों में सौर ऊर्जा संचालित पेयजल परियोजनाएं लागू की गयी हैं। यह अनूठी टिकाऊ पेयजल परियोजना इन ग्रामीणों के लिए वरदान बन गयी है। इसके अलावा, ओडापड़ा ब्लॉक के आसपास के स्कूलों को 19 वाटर प्यूरीफायर और अन्य सरकारी संस्थानों को 7 वाटर प्यूरीफायर उपलब्ध कराए गये हैं, जिससे स्कूलों और अन्य संस्थानों के छात्रों और कर्मचारियों को लाभ हुआ है। कुसुपंगा गांव में एक सबमर्सिबल पंप और 500 मीटर पाइपलाइन कनेक्शन के साथ एक गहरा बोरवेल भी स्थापित किया गया है।

## वर्ष 23 में भारतपे के राजस्व में 182 फीसदी की वृद्धि

# इबीआइटीडीए लॉस 158 करोड़ कम हुआ

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुरुग्राम।** फिनटेक के क्षेत्र में भारत की अग्रणी फर्म, भारतपे ने वित्तीय वर्ष 2023 के लिए अपने वित्तीय प्रदर्शन की घोषणा की, जिसमें व्यावसायिक क्षेत्रों में हुई वृद्धि और रणनीतिक प्रगति को दिखाया गया है। फिनटेक फर्म का जो रेवेन्यु वित्त वर्ष 2022 में 321 करोड़ रुपये था वह बढ़कर वित्त वर्ष 2023 में 904 करोड़ रुपये हो गया यानि कि ओपरेशन से रेवेन्यु में 182% की वृद्धि हुई। लॉस बिफोर टैक्स तेजी से कमी आयी है, जो कि 5,594 करोड़ रुपये से गिरकर 886 करोड़ रुपये हो गयी। इसके अलावा, इबीआइटीडीए लॉस में भी लगभग 158 करोड़ रुपये की कमी आयी, जो वित्तीय स्थिरता की दिशा में उठाए गये कदमों को दिखाता है। ऋण देने में, भारतपे के मर्चेंट लेंडिंग डिवीजन में शानदार वृद्धि देखी गयी, जिसमें ऋण सुविधा में 129% की वृद्धि (5,339 करोड़ रुपये तक पहुंच गयी) जो व्यापारियों को सशक्त बनाने के लिए भारतपे की प्रतिबद्धता दिखाती है। भारतपे ने क्यूआर उपयोग, क्रेडिट कार्ड बिल पेमेंट और यूटिलिटी पेमेंट सहित इनोवेटिव रिवेन्यु स्ट्रीम्स पेश कीं, जो अपने कंस्यूमर बिजनस-पोस्टपे में इनोवेशन और विविधीकरण के प्रति अपने समर्पण का प्रमाण है। दूसरी ओर, स्वाइप व्यवसाय ने टीपीवी में 63% की वृद्धि हुई। वित्त वर्ष 2023 में लगभग 8 लाख नये साउंडबॉक्स डिवाइस लगाकर भारतपे के अपनी स्थिति का विस्तार करने और वित्तीय समावेशन के साथ-साथ देश भर में डिजिटल पेमेंट के प्रति जागरूकता बढ़ाने के निरंतर प्रयासों को दिखाती है।

## नवीकरणीय ऊर्जा प्रयासों के माध्यम से जिंदल स्टेनलेस का लक्ष्य

# 1.9 बिलियन यूनिट प्रति वर्ष स्वच्छ ऊर्जा का उत्पादन

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** भारत की सबसे बड़ी स्टेनलेस स्टील निमार्ता द्वारा हाल ही में जारी सस्टेनेबिलिटी रिपोर्ट के अनुसार, जिंदल स्टेनलेस अपने पवन-सौर हाइब्रिड, फ्लोटिंग और रुफ-टॉप सौर संयंत्रों के माध्यम से प्रति वर्ष 1.9 बिलियन यूनिट से अधिक स्वच्छ बिजली पैदा करेगी। इन प्रयासों में प्रति वर्ष 13.52 लाख टन से अधिक कार्बन उत्सर्जन को कम करने की क्षमता है। कंपनी पहले ही 100 मेगावॉट राउन्ड द क्लॉक (आरटीसी) नवीकरणीय ऊर्जा (आरइ) उत्पन्न करने के लिए रीन्यू पावर के साथ साझेदारी कर चुकी है। इसके अलावा कंपनी अपने जाजपुर और हिसार विनिर्माण इकाइयों में अलग-अलग 100 मेगावॉट आरटीसी नवीकरणीय ऊर्जा परियोजनाएं स्थापित करने पर भी योजना बना रही है। इन प्रयासों का लक्ष्य दोनों इकाइयों के लिए 300 मेगावाट आरई-आरटीसी की संयुक्त क्षमता हासिल करना है। सस्टेनेबिलिटी रिपोर्ट जारी करते हुए,जिंदल स्टेनलेस के प्रबंध निदेशक, अभ्युदय जिंदल ने कहा, पर्यावरणीय प्रबंधन और सामाजिक जिम्मेदारी में उत्कृष्टता की हमारी निरंतर खोज का यह सस्टेनेबिलिटी रिपोर्ट एक संपूर्ण प्रतिनिधित्व करती है। नवीकरणीय ऊर्जा प्रयासों में उल्लेखनीय उपलब्धियां हरित भविष्य के हमारे दृष्टिकोण के लिए महत्वपूर्ण हैं। हम सस्टेनेबिलिटी की एक ऐसी विरासत का निर्माण कर रहे हैं जो व्यावसायिक उद्देश्यों से परे है और पर्यावर्णनीय संवेदन शीलता को हमारे प्रचालन के मूल में शामिल करती है। यह रिपोर्ट सस्टेनेबल प्रयासों के प्रति जिंदल स्टेनलेस के समर्पण को दशार्ती है, जिसमें 2050 तक नेट जीरो उत्सर्जन, शून्य लिक्विड डिस्चार्ज को कायम रखना और रीसायकल्ड सामग्री का उपयोग करना शामिल है। पीडब्ल्यूसी ने ग्लोबल रिपोर्टिंग इनिशिएटिव (जीआरआइ) मानकों के तहत वित्तीय वर्ष 2022-23 की सस्टेनेबिलिटी रिपोर्ट तैयार करने में जिंदल स्टेनलेस की सहायता की, जिसे तीसरे पक्ष के आश्वासन प्रदाता, टीयूवी एसयूडी साउथ एशिया प्राइवेट लिमिटेड द्वारा स्वतंत्र रूप से सत्यापित किया गया है। **सस्टेनेबिलिटी रिपोर्ट में अनुसंधान एवं विकास की सफलताए:** जिंदल स्टेनलेस, स्टेनलेस स्टील नवाचार में सबसे आगे रहा है। कंपनी ने आइआरएस 350सीआर जैसे विशेष ग्रेड विकसित कर महाराष्ट्र के नौपाड़ा जंक्शन पर भारत के पहले स्टेनलेस स्टील पैदल यात्री पुल के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। यह मिश्र धातु विषम वातावरण में भी अपने स्थायित्व और रखरखाव-मुक्त विशेषताओं के लिए जानी जाती है, जो इसे तटीय बुनियादी ढांचे के लिए आदर्श बनाती है क्यूंकि यहां जंग लगने की संभावना अधिक रहती है। इसके अलावा कंपनी के अनुसंधान और विकास प्रयासों के तहत एक ऐसे स्टेनलेस स्टील का निर्माण किया गया है जो चरम स्थितियों का सामना कर सकता है। इसमें उच्च-एल्यूमीनियम फेरिटिक वेरिएंट और मजबूत ऑस्टेनिटिक स्टेनलेस स्टील ईक्यू 317 एल शामिल हैं, जो उच्च-प्रदर्शन अनुप्रयोगों जैसे ऑटोमोटिव पार्ट्स और औद्योगिक उपकरण के लिए तैयार किए गये हैं। ये प्रगति उद्योग को बदल रही है तथा गुणवत्ता और सस्टेनेबिलिटी के लिए नये मानक स्थापित कर रही है। कंपनी ने नवीन दृष्टिकोण और विस्तारित उत्पाद श्रृंखला के साथ अपनी परिचालन क्षमताओं में बदलाव किया है। चक्रीय अर्थव्यवस्था को अपनाते हुए, जिंदल स्टेनलेस की उत्पाद प्रबंधन रणनीति रीसायकल योग्य सामग्रियों का उपयोग करके पर्यावरणीय प्रभाव को कम करने पर केंद्रित है। कंपनी का रोबोटिक प्रक्रिया ऑटमेशन और उद्योग 4.0 सिद्धांतों का पालन परिचालन दक्षता को बढ़ाता है, उत्सर्जन को कम करता है और पर्यावरण और सामाजिक प्रदर्शन दोनों को बढ़ाता है। इसके अतिरिक्त, जिंदल स्टेनलेस 2035 के लक्ष्य वर्ष से पहले 50% कार्बन उत्सर्जन में कमी के अपने मध्यावधि लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए तैयार है, क्योंकि इसने पहली बार प्रतिष्ठित संयुक्त राष्ट्र परिसंघ (सीओपी) 28 जलवायु शिखर सम्मेलन में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई है।

# मुख्य शासन सचिव का कार्यकाल 6 महीने के लिए बढ़ा

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** राज्य सरकार ने मुख्य सचिव प्रदीप कुमार जेना का कार्यकाल बढ़ा दिया है। सरकार ने मुख्य सचिव का कार्यकाल और छह महीने के लिए बढ़ा दिया है। हालांकि, प्रदीप जेना का कार्यकाल 31 दिसंबर को समाप्त होना था। 2024 के चुनावों को ध्यान में रखते हुए सरकार का लक्ष्य अगले साल फरवरी तक विभिन्न परियोजनाओं को पूरा करना है। ऐसे में सरकार ने मुख्य सचिव प्रदीप जेना की कार्य क्षमता को देखते हुए उनका कार्यकाल बढ़ाने का फैसला किया है। गौरतलब है कि राज्य सरकार ने इसी साल 27 फरवरी को 1989 बैच के आइएएस अधिकारी प्रदीप जेना को मुख्य प्रशासनिक सचिव नियुक्त किया था। प्रदीप जेना ने 1 मार्च को पदभार ग्रहण किया। 31 दिसंबर को मुख्य सचिव के रूप में प्रदीप जेना का कार्यकाल खत्म हो रहा था। हालांकि, प्रदीप जेना के कार्यकाल के विस्तार ने नये साल में नये मुख्य सचिव की चर्चा पर पूर्ण विराम लगा दिया है। सरकार ने प्रदीप जेना का कार्यकाल और 6 महीने के लिए बढ़ा दिया है। अप्रैल या मयी 2024 में आम चुनाव होने वाले हैं। फिर भी सरकार ने मुख्य प्रशासनिक सचिव को नहीं बदला है। मेट्रो रेल परियोजना का भूमि पूजन समारोह एक जनवरी को भुवनेश्वर में होगा। पुरी परिक्रमा परियोजना का उद्घाटन समारोह 17 जनवरी को। इसके अलावा समलेश्वरी प्रोजेक्ट, ओड़िया विवि जैसे कई बड़े प्रोजेक्ट लॉन्च किये जायेंगे। सरकार का लक्ष्य विभिन्न परियोजनाओं को चुनाव से पहले युद्ध स्तर पर पूरा करना है। अगर मुख्य सचिव बदलते हैं तो प्रोजेक्ट में देरी होगी, इसलिए सरकार ने एक बार फिर प्रदीप जेना का कार्यकाल बढ़ा दिया है।

आरोग्यं आयुर्वेद
वैद्य वी के पांडेय
आयुर्वेदाचार्य
क्या आप भी लंबे समय से परेशान हैं
गठिया, माइग्रेन, गुप्त और यौन रोग, एलर्जी, दमा, थाइराइड, बी.पी., शुगर अन्य सभी बिमारी का आयुर्वेद से सफल इलाज
समय : सुबह: 07.00-10.00 से दोपहर: 03.00-8.00
फोन नं. 898660318/7352520011
कृप्या फोन से अपना अपावइंटमेंट ले लें।
पताः- टाइगर हिल, मोराबादी, रांची, झारखंड।

BALAJEE UDYOG
the mark of excellence
Distributors
bathsense
ESSESS
Racold
Glocera
m-seal
ASTRAL PIPES
Mob.- 9534207055 / 9386909008 / 06513554978
PLOT NO. 767 OLD H.B ROAD OPP. SADHU MAIDAN, KOKAR RANCHI
Email- balajee_udyog@rediffmail.com

बोरिंग के लिए संपर्क करे
जल ही जीवन
993106883
9113754813
रांची के अंदर कहीं भी अच्छे रेट में
Contact for : Deep Boring, 405" 6" 8" Dia All Motor & Pump Fitting, Building Material

VERMA PRESS
वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची
Verma's® Today®
श्रृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं—

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 140 | Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 | English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 | Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 | Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 | Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi – B | ₹ 140 | Hindi – B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 |
| English Grammar– II | ₹ 120 | English Grammar– II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 | Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 | English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 | S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 | Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते-जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान!

कृष्णा ज्वेलर्स
Mob : 9973853279, 9031249105
समस्या है तो! समाधान भी है!
आचार्य प्रणव मिश्रा
प्रसिद्ध ज्योतिष रत्न गोल्डमेडलिस्ट, M.M (ज्योतिर्विज्ञान) टॉपर 2012 एवं (P.h.D) रांची, वि. वि. रांची
गांधी चौक, सोनार गली, बीण वस्त्रालय के सामने अपर बाजार, रांची

FREE FRANCHISE
Just call us : 9835502908
Alpha Institute of Computer Education
Franchise Benefit
- All Computer courses
- Vocational courses
- Authorization Letter
- Authorization Certificate
- Web Login ID & Password
- Study Material Support
- Branded Name
- PDF Certificate in 24 Hrs
- Hard Copy Certificate & Mark sheet
- Students Placement Support
- Marketing Support
- Online & Offline Certificate Verification
- Yearly Career Guidance - Seminar in your city
- Paper and Media Support
Registered Office : 262, Delta Bhawan,Adarsh Nagar, Khorha Toli,Kokar, Ranchi (Jharkhand) Mob : 9835502908
Cooperate Office : Kokar Chowk, Kokar, Ranchi (Jharkhand). Mob : 9631103045
Cooperate Office : Noorsarai, Near Police Station Nalanda, Bihar Mob : 7488289546
E-mail : alphaeducational.center@gmail.com, Web site : www.alphaec08.com

PERFECT AQUA
सेल सर्विस एंड स्पेयर पार्ट्स
रिटेल एंड होलसेल
COMMERCIAL RO
IRON REMOVER
RO PLANT
CALL NOW
9431701163, 8340320390
PERFECT SERVICE
H.B Road, Kokar, Ranchi, Jh.
perfectaqua345@gmail.com
पानी चेक की सुविधा उपलब्ध फ्री

आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**